# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-03-2023

# फर्जी दारोगा बनकर वसूली करने वाला बीसीए छात्र गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** रामगढ़ताल थाने के नौकायन पर कंप्यूटर इंजीनियर नौकरी नहीं मिली तो दारोगा की वर्दी पहनकर दुकानदारों से वसूली करते पकड़ा गया। पकडा गया फर्जी दारोगा गीडा स्थित एक संस्थान का स्टूडेंट है। लेकिन, पुलिस की वर्दी पहने उसने डबल स्टार लगा रखा था। पुलिस का फर्जी आईकार्ड भी बना रखा था। रामगढ़ताल पुलिस को जब इसकी भनक लगी तो उसे पकड़ लिया।

मिली जानकारी के अनुसार पकड़ा गया फर्जी दारोगा की जांच-पड़ताल के दौरान उसका आईकार्ड भी फर्जी निकला। फर्जी दरोगा अपूर्व राय कुशीनगर जिले के तरयासुजान का रहने वाला है। उसके पिता अजय शंकर राय पेशे से किसान हैं। अपूर्व राय यहां रामगढ़ताल इलाके के बगहा बाबा स्थान के पास किराए का कमरा लेकर रहता था। वह परिवारजनों को गुमराह कर बताया था कि पुलिस विभाग में दारोगा की नौकरी मिल गयी है वर्तमान में वह मुरादावाद में ट्रेनिंग सेंटर पर ट्रेनिंग ले रहा है। फिलहाल पुलिस उसके खिलाफ केस दर्ज का कार्रवाई में जुट गई है।

> नौकरी नहीं मिली तो 3 हजार में खरीदा पुलिस का यूनिफार्म
>
> दुकानदारों से करता था वसूली
>
> पकड़ा गया फर्जी दारोगा कुशीनगर के तरयासुजान का है रहने वाला



पुलिस के मुताबिक कुशीनगर जिले के तरयासुजान का रहने वाला अपूर्व राय यहां 3 साल से किराए का कमरा लेकर रहता है। बीसीए की पढ़ाई के लिए उसने गीडा स्थित एक संस्थान में एडमीशन करा रखा था। लेकिन, खुद पुलिस की वर्दी पहनकर वह फोटो खिंचवाता था और अपने फेसबुक और व्हाट्सएप पर पुलिस की वर्दी में प्रोफाइल फोटो भी लगाता था। इस जालसाजी के लिए उसने बकायादा पुलिस विभाग का फर्जी आईकार्ड भी बना रखा था।

**फर्जी आईकार्ड दिखाकर करता था वसूली**

वह अक्सर नौकायान पर पहुंच जाता था और यहां दुकान लगाने वाले व्यापारियों पर पुलिस का रौब झाड़कर उनसे वसूली करता था। दुकानदार जब उसकी हरकतों से परेशान हो गए और उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। जांच के दौरान उसके पास से फर्जी आईकार्ड भी मिला। जिसे दिखाकर वह दरोगा बना घूम रहा था।

पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि वह पहले पुलिस विभाग में भर्ती की तैयारी कर रहा था। लेकिन, जब उसकी नौकरी नहीं लगी तो उसने फर्जी पुलिस बनने की ठानी। ₹3 हजार में उसने पुलिस की वर्दी, स्टार और पूरा यूनिफार्म खरीद डाला। इसके बाद वह बीते 3 साल से फर्जी दारोगा बनकर वसूली कर रहा था। इंस्पेक्टर रामगढ़ताल शशिभूषण राय ने बताया, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# गैर इरादतन हत्या के जुर्म में दो को दस साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने झगहां क्षेत्र के मोतीरामअड्डा निवासी अभियुक्त जमालुद्दीन व मोहम्मद उर्फ सोनू को दस साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 50 हजार अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंदराम त्रिपाठी का कहना था कि वादी शिवंजय पासवान खोराबार का निवासी है। 20 फरवरी 2010 को वादी को गांव के लोगो से पता चला कि एक व्यक्ति की लाश सुबाबाजार में राममिलन पासी की पंचर की दुकान के सामने पड़ी है। वादी सूचना पाकर मौके पर गया और उस व्यक्ति के बारे में पता किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई।दौरान विवेचना अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया और पता चला कि अभियुक्तों ने उस व्यक्ति को अपने दरवाजे पर बुरी तरह मारा पीटा था।जिसकी उसकी मौत हो गई।

# फायर ब्रिगेड के जवानों ने किया मॉक ड्रिल

गोरखपुर (एसएनबी)। जिला अस्पताल के न्यू एंड ओल्ड बिल्डिंग में लगे फायर सेफ्टी एवं फायर फाइटिंग सिस्टम का फायर आफिसर ब्रीज मोहन सिंह एवं सरोज सिंह, जितेन्द्र कुमार आदि ने जांच-पड़ताल की।

## जिला अस्पताल



जिला महिला अस्पताल में मॉकड्रिल करते फायर ब्रिगेड की टीम।

न्यू एंड ओल्ड बिल्डिंग में फायर फाइटिंग सिस्टम लगा हुआ है जिसको अग्निशमन विभाग के लोगों ने माक ड्रिल किया। इस दौरान पंप रूम, फायर एलार्म सिस्टम, स्प्रींकर आदि क्रियाशील हैं या नहीं इसको देखा। इस दौरान ब्रीज मोहन सिंह व सरोज सिंह ने अगर किसी कारण दुर्घटना हो जाती है तो उससे कैसे बचा जाए और दूसरों को बचाया जाए। इसके बारे में विस्तार से बताया और करके दिखाया।

# सहजनवां में किन्नर को गोली मारने वाला आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। गत दिनों सहजनवा के रिठुआखोर मोड़ के पास किन्नर को गोली मारने के आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उधर किन्नरों का दो गुट सहजनवा थाने पर पहुंचा कर जमकर बवाल काटा है। सहजनवां थाना क्षेत्र के पाली ब्लाक में आने वाले रिठुआखोर मोड़ के पास बीते 19 मार्च को बाइक सवार बदमाशों ने तान्या किन्नर को गोली मार दी थी। घायल किन्नर का इलाज लखनऊ में चल रहा है। घायल तान्या किन्नर की तहरीर पर पुलिस प्रिया किन्नर, काजल किन्नर, मुमताज किन्नर, पूजा किन्नर, प्रिया किन्नर और दुर्गेश के खिलाफ षडयंत्र रचने और हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। एक आरोपित किरन किन्नर को सोमवार को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। बुधवार को पुलिस ने आरोपित प्रिया किन्नर, काजल, मुमताज, पूजा और दुर्गेश को गिरफ्तार कर लिया है। एसओ महेंद्र मिश्रा ने कहा कि हत्या के प्रयास के सभी आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं।

**किन्नर को गोली मारने को लेकर किन्नर गुटों में है टकराव**

### गिरफ्तारी को लेकर किन्नरों ने काटा था बवाल

घायल तान्या किन्नर को गोली मारने के आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए किन्नरों ने दो दिनों तक खूब बवाल काटा था। किन्नरों ने थाना घेरने के साथ ही हाइवे जाम कर नग्न प्रदर्शन किया था और पथराव भी किया था।

किन्नरों ने सोमवार को खूब हंगामा किया था। हाइवे जाम और नग्न प्रदर्शन के बाद पुलिस सकते में आ गई थीं। काफी मान मनौवल के बाद किन्नरों ने पुलिस को आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दो दिन का अल्टीमेटम दिया था। बुधवार को अल्टीमेटम पूरा होने से पहले ही पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार कर अपने वादे को पूरा कर दी।

### थाने में फिर आपस में भिड़े किन्नर हंगामा देख चेंबर कुर्सी छोड़ भागे थानेदार

सहजनवा में किन्नर को गोली मारने का मामला शांत होता नहीं दिख रहा है। बुधवार को सहजनवा थाना में किन्नरों के दो गुटों में भिड़ंत हो गई। थानेदार के चैंबर में विवाद से पुलिस सकते में आ गई। हालत यह हो गई कि किन्नरों के रौद्र रूप को देख थानेदार को अपने चैंबर से भागना पड़ गया। थानेदार को भागता देख तत्काल थानों में मौजूद पुलिस फोर्स के साथ पीएसी मोर्चा संभाल लिया। करीब डेढ़ घंटे दोनों पक्षों में बातचीत हुई और फिर सभी वापस चले गए।

### किन्नर तान्या को मारी गई थी गोली

सहजनवां इलाके के रिठुआखोर मोड़ के पास बीते 19 मार्च को किन्नर तान्या को गोली मार दी गई थी। इसके बाद से ही तान्या गुट के किन्नर आक्रोशित हैं। उनका आरोप है कि दूसरे गुट के किन्नरों ने तान्या को गोली मारी है। हमलावरों गिरफ्तारी की मांग को लेकर किन्नर रविवार और सोमवार के दिन किन्नरों ने खूब हंगामा किया और हाइवे जाम कर नग्न प्रदर्शन किए। मंगलवार को मामला शांत रहा है, लेकिन बुधवार को एक बार फिर इस मामले ने तूल पकड़ लिया।

### गोली मारने के मामले में 5 किन्नर गिरफ्तार

घायल किन्नर का इलाज लखनऊमें चल रहा है। बुधवार को पुलिस ने आरोपित प्रिया किन्नर, काजल, मुमताज, पूजा और दुर्गेश को गिरफ्तार कर लिया है। थानेदार महेंद्र मिश्र ने बताया, हत्या के प्रयास के सभी आरोपित गिरफ्तार हो चुके है। घायल तान्या किन्नर की तहरीर पर पुलिस प्रिया किन्नर, काजल किन्नर, मुमताज किन्नर, पूजा किन्नर, प्रिया किन्नर और दुर्गेश के खिलाफ षड्यंत्र रचने और हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। एक आरोपित किरन किन्नर को सोमवार को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

### महामंडलेश्वर संग पहुंचा था किन्नरों का गुट

बुधवार को किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य महामंडलेश्वर कनकेश्वरी नंद गिरी के नेतृत्व में एक गुट थाने पहुंचा। थानेदार के कमरे में बैठ कर दोनों पक्षों में बातचीत शुरू हुई। इसी दौरान तान्या गुट के भी किन्नर थाने पर आ धमके और दूसरे गुट पर लीपापोती का आरोप लगाते हुए विवाद शुरू कर दिए। थानेदार के चैंबर में ही दोनों पक्षों के लोग आमने सामने हो गए और एक दूसरे पर अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। पुलिस कर्मियों ने समझाना शुरू किया, लेकिन बात नहीं बनी।

### गेट पर की गई बैरिकेडिंग

इसी दौरान पीएसी फोर्स तैनात कर थाने गेट पर रस्सी से बैरिकेटिंग कर दी गई। पुलिस कर्मियों की फुर्ती देख किन्नर शांत हो गए और करीब डेढ़ घंटे तक आपस में बीतचीत किए और फिर वापस लौट गए।

# जमीन दिलाने के नाम पर ₹20 लाख हड़पा

**पादरी बाजार(एसएनबी)।** शाहपुर के तिनकोनिया नंबर एक निवासी एजाज अहमद के खिलाफ बिहार निवासी नागेंद्र सिंह ने जमीन दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपये हड़पने का केस दर्ज कराया हैं। बिहार के जिला गोपालगंज थाना फुलवरिया के सोनगढ़वां निवासी नागेंद्र सिंह ने मंगलवार को शाहपुर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि एजाज अहमद मेरे जिले के रहने वाले हैं। वह शाहपुर के पादरी बाजार स्थित तिनकोनिया नंबर एक में मकान बनवा कर रहते हैं। 2019 में इनसे मुलाकात हुई। वह बताये कि हम जमीन का कारोबार करते हैं। हमारे पास गोरखपुर के नंदा नगर में 1951 सयर फीट जमीन हैं। वह जमीन 20 लाख रुपये में बिक रही हैं। एजाज अहमद की बातों पर विश्वास करने पर 7 लाख 25 हजार रुपये उनके खाते में भेज दी। तीन महीने बाद रजिस्ट्री कराने के दिन आरोपी ने बाकी रुपये अपने खाते जमा करा ली। फिर रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचने तो जमीन का असली मालिक आ गया और कहा कि यह जमीन मेरी है, जिसके बाद एजाज अहमद और जमीन का नकली मालिक स्टाम्प पेपर लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने कई बार अपना रुपये मांगा तो आरोपी ने कभी रुपए देने की बात करता तो कभी आनाकानी करने लगा। थक हार कर पीड़ित ने मंगलवार को शाहपुर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस आरोपी एजाज अहमद के खिलाफ धारा 420,406,व 504 में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**तहरीर के आधार पर शाहपुर पुलिस ने दर्ज किया केस**

## नौकरी दिलाने के नाम पर 19 लाख की ठगी

**सहजनवां।** आरपीएफ जवान की पत्नी के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर ₹19 लाख की ठगी हुई है। पीड़िता की तहरीर पर गीडा पुलिस ने लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी संघ अध्यक्ष व एक व्यक्ति के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया है। सहजनवां के कुशहरा निवासी सत्येंद्र यादव आरपीएफ में सिपाही हैं और पत्नी मनीषा यादव के साथ लखनऊ में रहते हैं। मनीषा का आरोप है कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती है व मंडी समिति में निरीक्षक पद पर नौकरी के लिए आवेदन किया। जून 19 में परीक्षा के दौरान गीडा क्षेत्र के बड़गहन निवासी व पीडब्लूडी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने अपने एक साथी के साथ मिलकर बीस लाख रुपये में नौकरी दिलाने का वादा किया। नौकरी के नाम पर खाते में 19 लाख भेज दिया गया मगर परिणाम घोषित होने पर नाम नहीं था। इसके बाद पैसा मांगने पर दस लाख का चेक दिया गया लेकिन वह बाउंस हो गया। अब यह लोग पैसा वापस करने में हीलाहवाली कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। एसओ गीडा एमएम मिश्रा ने कहा कि अमरनाथ यादव और रमेश जायसवाल निवासी घघसरा के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया गया है।

## एफसीआई की फर्जी नियुक्तिपत्र देकर ₹37 लाख हड़पे

**पादरी बाजार(एसएनबी)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के कौआबाग पुलिस चौकी के सामने श्याम कुंज कलोनी स्थित एफसीआई अफिस में दो लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर 37 लाख रुपये हड़पे का मामला सामने आया है। पुलिस मंगलवार को एफसीआई के एक कथित कर्मचारी समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज की है। मऊजनपद के रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उसुरी सघना निवासी राहुल कुमार ने मंगलवार को शाहपुर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गाजीपुर जनपद के शंकर दयाल राजभर के कहने पर पिछले साल जून माह मे एफसीआई में नौकरी दिलाने की बातचीत करने के लिए शाहपुर के श्याम कुंज स्थित एफसीआई अफिस ले आये। यहा अशोक सिंह चौहान से मिलवाये और बताये कि यह एफसीआई के अधिकारी हैं इन्हीं के माध्यम से भर्ती होनी हैं। इसके बाद 26 जून 2022 को एक नंबर से फोन आया और फोन करने वाला बताया की आप गोरखपुर के पादरी बाजार चौकी के पास आ जाइए। वहां पहुंचने पर देवरिया के राजू सिंह मिले और कहां की नौकरी दिलाने की जिम्मेदारी हम लोगों की है। आप पहले 8 लाख रुपये दे दीजिए बाकी रुपये नौकरी लगने के बाद दीजिएगा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि नौकरी लगने की लालच में राजू सिंह व शंकर दयाल को 8 लाख रुपये दे दी। एक महीने बाद फिर आरोपियों ने फोन कर 10 लाख रुपए की मांग करने लगे। बताया कि अधिकारियों को मैनेज करना है। इन लोगों के कहने पर 10 लाख रुपये फिर दे दी। लेकिन 1 साल बीतने के बाद न नौकरी मिली न रुपये तब लोगों को अपने साथ ठगी होने की जानकारी हुई। पीड़ित राहुल कुमार ने बताया कि हमारे मित्र गाजीपुर निवासी शफीक अहमद से भी आरोपियों ने 19 लाख रुपए नौकरी के नाम पर ले ली है। पीड़ित राहुल कुमार की तहरीर पर मंगलवार को शाहपुर पुलिस ने तीनों आरोपित शंकर दयाल राजभर, निवासी ग्राम सराय बहादुर जिला गाजीपुर अशोक सिंह चौहान निवासी एफसीआई अफिस श्याम कुंज थाना शाहपुर व राजू सिंह उर्फ विवेक सागर निवासी कुडौली लार रोड जिला देवरिया के खिलाफ धारा 419,420, 467, 468, 406, व 506 में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही हैं।

# नकली पुलिस, असली अपराध

### खाकी पहनकर फर्जी दरोगा बनकर वसूली कर रहा था कंप्यूटर इंजीनियर

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (22 March):** गोरखपुर में इन दिनों नकली पुलिस असली अपराध कर रही है. बुधवार को रामगढ़ताल में एक मामला सामने आया. यहां एक कंप्यूटर इंजीनियर फर्जी दरोगा बनकर वसूली कर रहा था. वह गीडा के एक कॉलेज में बीसीए का स्टूडेंट है. वह युवक पुलिस की वर्दी (डबल स्टार में) पहनकर रामगढ़ताल नौकायन पर दुकानदारों पर रौब जमाकर वसूली करता था. इस बात की खबर लगते ही पुलिस ने उसे अरेस्ट कर लिया. इसी तरह दो अलग-अलग थानों में भी फर्जी पुलिस बनकर खाकी पर दाग लगाने का प्रयास किया गया.

### रिश्तेदारों से बोला झूठ

रामगढ़ताल पुलिस द्वारा बुधवार को अरेस्ट किया गया फर्जी दरोगा अपूर्व राय कुशीनगर के तरयासुजान का रहने वाला है. उसके पिता अजय शंकर राय पेशे से किसान हैं. अपूर्व रामगढ़ताल इलाके के बगहा बाबा स्थान के पास किराये का कमरा लेकर रहता था. यहां रहकर वो बीएसए का कोर्स कर रहा है, लेकिन उसने घर वालों और रिश्तेदारों को भी यह बता रखा था कि वह मुरादाबाद में पुलिस विभाग की ट्रेनिंग ले रहा है.

**i SHOCKING**

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



रामगढ़ताल पुलिस की गिरफ्त में फर्जी दरोगा.

### नकली पुलिस के लिए किया था अवेयर

अभी कुछ ही दिन पहले कई ऐसी घटनाएं घटी, जिसमें पुलिस बनकर चेकिंग के नाम पर बदमाशों ने लोगों के घर जाकर और रास्ते में चूना लगा दिया. इसके बाद गोरखपुर पुलिस ने सभी थानों में ऐसी घटनाएं रोकने के लिए पब्लिक को अवेयर किया था. बाकायदा ऑटो में लाउड स्पीकर लगाकर इसकी जानकारी लोगों को दी जा रही थी.

### पास रखता था फर्जी आईकार्ड

पुलिस के मुताबिक अपूर्व 3 साल से किराये का कमरा लेकर रहता था. वह पुलिस की वर्दी पहनकर फोटो खिंचवाता था. उसी फोटो को वह अपने फेसबुक और वाट्सएप प्रोफाइल पर लगाता था. जालसाजी के लिए उसने बाकायदा पुलिस विभाग का फर्जी आईकार्ड भी बना रखा था. वह अक्सर नौकायन पर पहुंच जाता था और यहां दुकान लगाने वाले व्यापारियों पर पुलिस का रौब झाड़कर उनसे वसूली करता था. दुकानदार जब उसकी हरकतों से परेशान हो गए और उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की. मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया.

### 3 हजार में वर्दी खरीद बन गया फर्जी दरोगा

पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि वह पहले पुलिस विभाग में भर्ती की तैयारी कर रहा था. लेकिन जब उसकी नौकरी नही लगी तो उसने फर्जी पुलिसवाला बनने की ठान ली. 3 हजार रुपए में उसने पुलिस की वर्दी, स्टार और पूरा यूनिफार्म खरीद डाला. इसके बाद वह बीते 3 साल से फर्जी दरोगा बनकर लोगों से वसूली कर रहा था. इंस्पेक्टर रामगढ़ताल शशिभूषण राय ने बताया, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज का कार्रवाई की जा रही है.

### एक्टिव है फर्जी पुलिस

#### पुलिस बनकर प्रेमी जोड़े से की वसूली

21 मार्च (मंगलवार) की दोपहर में खोराबार एरिया के कुसम्ही जंगल में पिपराइच के प्रेमी जोड़े घूमने आए थे. वहां पर एक युवक आया और खुद को पुलिसकर्मी बताकर प्रेमी जोड़े को घेर लिया. बताया गया है कि प्रेमी की पिटाई कर फर्जी पुलिसकर्मी ने उसकी जेब से 1450 रुपए भी निकाल लिए, इसके बाद वो लड़की को जबरदस्ती जंगल में ले जाने लगा. शोर मचाने पर लोगों को अपनी ओर आता देख फर्जी पुलिसकर्मी फरार हो गया. प्रेमी ने खोराबार थाने में इसकी लिखित शिकायत की है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

#### इंस्पेक्टर की वर्दी पहनकर बना रहा था रील

शाहपुर एरिया में एक युवक इंस्पेक्टर की वर्दी पहनकर रील बना रहा था. तभी उसे शाहपुर पुलिस ने पकड़ लिया. उस युवक की पहचान देवरिया भलुअनी निवासी ओम हरि मद्धेशिया के रूप में हुई. ओम हरि गोरखपुर में गुलरिहा में रहता है. 19 मार्च (रविवार) की रात 8:30 बजे वो थ्री स्टार लगी वर्दी पहनकर वीडियो बना रहा था. वर्दी पर उत्तर प्रदेश पुलिस का बैज और नेम प्लेट जिसपर शुभम शुक्ला लिखा था. कालोनी वालों की सूचना पर पुलिस ने उसे अरेस्ट कर धोखाधड़ी करने के इरादे से लोकसेवक की पोशाक पहनने का मुकदमा दर्ज किया.



"नकली पुलिस बनकर नौकायन पर वसूली करने वाले युवक को अरेस्ट कर लिया गया है. पुलिस की वर्दी कोई और नहीं पहन सकता है. पुलिस का नाम बदनाम करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

**कृष्ण कुमार बिश्नोई,** एसपी सिटी

# सहजनवां थाने में फिर भिड़े किन्नर

## सहजनवां थाने पुलिस और पीएसी ने संभाला मोर्चा

**GORAKHPUR/SAHJANWA.** किन्नर को गोली मारने का मामला शांत होता नहीं दिख रहा है. बुधवार को सहजनवा थाना में किन्नरों के दो गुटों में भिड़ंत हो गई. थानेदार के चैंबर में विवाद से पुलिस सकते में आ गई. हालत यह हो गई कि किन्नरों के रौद्र रूप को देख थानों में मौजूद पुलिस फोर्स के साथ पीएसी ने मोर्चा संभालना पड़ा. करीब डेढ़ घंटे दोनों पक्षों में बातचीत हुई और फिर सभी वापस चले गए. बुधवार को किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य महामंडलेश्वर कनकेश्वरी नंद गिरी के नेतृत्व में एक गुट थाने पहुंचा. थानेदार के कमरे में बैठ कर दोनों पक्षों में बातचीत शुरू हुई. इसी दौरान तान्या गुट के भी किन्नर थाने पर आ धमके और दूसरे गुट पर लीपापोती का आरोप लगाते हुए विवाद शुरू कर दिए.

### किन्नर तान्या को मारी गई थी गोली

सहजनवां इलाके के रिठुआखोर मोड़ के पास बीते 19 मार्च को किन्नर तान्या को गोली मार दी गई थी. इसके बाद से ही तान्या गुट के किन्नर अक्रोशित हैं. उनका आरोप है कि दूसरे गुट के किन्नरों ने तान्या को गोली मारी है. हमलावरों गिरफ्तारी की मांग को लेकर किन्नर रविवार और सोमवार के दिन




किन्नरों ने खूब हंगामा किया.

### गोली मारने के मामले में 5 किन्नर गिरफ्तार

फिलहाल घायल किन्नर का इलाज लखनऊ में चल रहा है. बुधवार को पुलिस ने आरोपित प्रिया किन्नर, काजल, मुमताज, पूजा और दुर्गेश को गिरफ्तार कर लिया है. थानेदार महेंद्र मिश्रा ने बताया, हत्या के प्रयास के सभी आरोपित गिरफ्तार हो चुके है. घायल तान्या किन्नर की तहरीर पर पुलिस प्रिया किन्नर, काजल किन्नर, मुमताज किन्नर, पूजा किन्नर, प्रिया किन्नर और दुर्गेश के खिलाफ षडयंत्र रचने और हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है. एक आरोपित किरन किन्नर को सोमवार को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था.

## एम्स में मां का इलाज कराने आए सिपाही के साथ 2.30 लाख की जालसाजी

# नादानी में लुट रही गाढ़ी कमाई

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (22 March): गोरखपुर में इन दिनों जालसाजों का गैंग एक्टिव है. आए दिन भोले-भाले लोग इनकी बातों के जाल में फंसकर अपना गाढ़ी कमाई गवां रहे हैं. मंगलवार को एम्स में अपनी मां का इलाज कराने आया पुलिसकर्मी ठगी का शिकार हो गया. उसका एटीएम कार्ड बदलकर जालसाजों ने उसके खाते से 2.30 लाख रुपए निकाल लिए. मोबाइल पर मैसेज आने के बाद आनन-फानन में पुलिसकर्मी ने एटीएम कार्ड ब्लॉक कराया. कैंट थाने में पुलिसकर्मी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है.

### महराजगंज में तैनात सिपाही

जानकारी के अनुसार देवरिया जिले के खामपार बंगरवारी गांव निवासी पवन यादव यूपी पुलिस में सिपाही हैं. वर्तमान में वह महराजगंज जिले के बृजमनगंज थाने में तैनात हैं. मंगलवार को वह अपनी मां का इलाज कराने गोरखपुर स्थित एम्स आए थे. दोपहर में वह जीआरडी स्थित एसबीआई के एटीएम पर पैसे निकालने गए. इस दौरान वहां 4 युवक आए. इस बीच उन जालसाजों ने सिपाही का एचडीएफसी बैंक का एटीएम कार्ड बदल दिया.

### पुलिस ने शुरू की जांच

सिपाही जैसे ही वहां से बाहर आया तो उनके मोबाइल पर 10 रुपए के ट्रांजेक्शन होने का मैसेज आया. अभी वह एटीएम कार्ड ब्लॉक कराने के प्रयास में जुटे ही थे कि 2 लाख 30 हजार उनके खाते से निकल गए, जिसके बाद उन्होंने कार्ड ब्लॉक करा दिया और कैन्ट पुलिस को तहरीर दी. पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी. पुलिस उक्त एटीएम में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है, ताकि जालसाजों की पहचान हो सके. इंस्पेक्टर कैन्ट रणधीर मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है.




### नौकरी दिलाने के नाम पर 37 लाख रुपए हड़पे

शाहपुर थानाक्षेत्र के कौवाबाग पुलिस चौकी के सामने श्यामकुंज कॉलोनी स्थित एफसीआई ऑफिस में दो लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर 37 लाख रुपए हड़पे का मामला सामने आया है. मऊ रामपुर थाना क्षेत्र निवासी राहुल कुमार ने मंगलवार को शाहपुर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि एफसीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे 37 लाख रुपए लिए गए. पीड़ित की तहरीर पर शाहपुर पुलिस शंकर दयाल राजभर गाजीपुर, अशोक सिंह चौहान शाहपुर और राजू सिंह उर्फ विवेक सागर लार रोड जिला देवरिया के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 406, व 506 में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही हैं.

### एसएसएफ जवान से 1.92 लाख की ठगी

सहजनवां में मित्र बनकर यूपी एसएसएफ जवान के साथ एक जालसाज ने 1.92 लाख की जालसाजी कर दी. गीडा थाना क्षेत्र के बाघागाड़ा निवासी रविंद्र कुमार उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपी एसएसएफ) की गोरखपुर शाखा में तैनात है. आरोप है कि फरवरी में एक अंजान व्यक्ति ने मित्र बनकर कॉल की और मजबूरी बताकर खाते से पैसा मांगा. पैसा देने के बाद उनके खाते से 1.92 लाख रुपया निकाल लिया गया. एसओ गीडा एमएम मिश्रा ने कहा कि अज्ञात के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया गया है.

### नौकरी के नाम पर आरपीएफ सिपाही की पत्नी से ठगी

सहजनवां में आरपीएफ जवान की पत्नी के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर 19 लाख रुपए की ठगी हुई है. कुशहरा निवासी सत्येंद्र यादव आरपीएफ में सिपाही हैं और पत्नी मनीषा यादव के साथ लखनऊ में रहते है. मनीषा का आरोप है कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती हैं और मंडी समिति में निरीक्षक पद पर नौकरी के लिए आवेदन किया. जून 19 में परीक्षा के दौरान गीडा थाना क्षेत्र के बड़गहन निवासी व पीडब्लूडी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने बीस लाख रुपए में नौकरी दिलाने के नाम पर हड़प लिए. एसओ गीडा एमएम मिश्रा ने कहा कि अमरनाथ यादव और रमेश जायसवाल निवासी घघसरा के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया गया है.

### इस तरह बरतें सावधानी

- अंजान की बातों में ना आएं.
- एटीएम से निकासी के वक्त प्राइवेसी रखें.
- एटीएम से पैसा निकालते समय किसी से मदद ना लें.
- पैसे से नौकरी नही मिलती, इसका ध्यान रखें.
- कोई नौकरी के नाम पर पैसा मांग रहा है तो फौरन पुलिस को सूचना दें.
- कहीं भी पैसा लगाने से पहले उसकी असलियत का पता करें.

---

**पहल** | अब बेफिक्र होकर बाढ़ में फंसे लोगों को बचाएंगे नाविक-गोताखोर, सुरक्षा किट के लिए जिला प्रशासन को शासन से मिले हैं 44 लाख रुपये

# जिले के नाविकों व गोताखोरों को सुरक्षा किट देगा प्रशासन

■ अरविन्द कुमार राय

गोरखपुर। योगी सरकार ने एक और बड़ी पहल की है। बाढ़ की विभीषिका के दौरान जान पर खेलकर लोगों को बचाने वाले गोताखोरों और नाविकों को अब सेफ्टी किट दी जाएगी। शासन ने इसके लिए गोरखपुर जिला प्रशासन को 44 लाख रुपये दिए थे जिससे गोताखोरों और नाविकों के लिए सेफ्टी किट की खरीद की गई है।

गोरखपुर जिले में बाढ़ हर साल आती है और तबाही मचाकर लौट जाती है। किसी-किसी साल तो राप्ती-रोहिन, गोर्रा और सरयू ऐसा कहर बरपाती है कि ग्रामीणों को मिले जख्मों से उबरने में कई साल लग जाते हैं। वर्ष 1998 में आई बाढ़ को याद कर आज भी गोरखपुरी सिहर जाते हैं। वर्ष 2000, 2001, 2017 और 2021 में बाढ़ से हुई तबाही से अभी भी कछारवासी उबर नहीं पाए हैं। इन वर्षों में बाढ़ के पानी से काफी जन-धन की हानि हुई।

बाढ़ से होने वाली तबाही को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने भी महसूस किया। सरकार ने संकट की इस घड़ी में मददगार बनने वाले नाविकों और गोताखोरों की सेफ्टी की चिंता की और इन्हें सेफ्टी किट उपलब्ध कराने के लिए 4373485 रुपये अवमुक्त किए थे। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने इस रकम से जेम पोर्टल के जरिए गोताखोरों और नाविकों के लिए सेफ्टी किट की खरीद की।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सेफ्टी किट की खरीद के बाद तकरीबन 12 लाख रुपये बच गए हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने इस रकम से भी गोताखोरों के लिए और सेफ्टी किट खरीदने की अनुमति शासन से मांगी है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक जिन गोताखोरों और नाविकों ने तहसील मुख्यालयों पर रजिस्ट्रेशन करा रखा है उन्हें शीघ्र ही सेफ्टी किट वितरित की जाएगी।

### नाविकों के लिए सेफ्टी किट

लाइफ जैकेट 02, लाइफ ब्याय रिंग 01
पतवार 01, रस्सी 01, टार्च 01
प्राथमिक चिकित्सा किट 01, बांस 01

### गोताखोरों को सेफ्टी किट

लाइफ जैकेट 02,
लाइफ ब्याय रिंग 01
रस्सी 01, टार्च 01
प्राथमिक चिकित्सा किट 01

### जिले में सर्वे कराकर चिह्नित होंगे गोताखोर

जिले में कितने गोताखोर हैं और कितने नाविक जो समय-समय पर प्रशासन के लिए मददगार बन बाढ़ में फंसे लोगों की जान बचाते हैं उनका सर्वे कराया गया। जिला प्रशासन द्वारा कराए गए सर्वे के मुताबिक जिले में 735 नाविक और 173 गोताखोर हैं जो बाढ़ विभीषिका के दौरान मददगार बनते हैं।

### गोताखोरों और नाविकों को दिए जा रहे हैं संसाधन

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक बाढ़ के दौरान पानी से घिरे गांवों में कोई हादसा होने पर गोताखोर और नाविक जान पर खेलकर ग्रामीणों की मदद को पहुंचते हैं। इस काम में लगे गोताखोरों और नाविकों को अपनी जान की चिंता न रहे इसे ध्यान में रखने हुए उन्हें संसाधन मुहैया कराया जा रहा है।

# पुलिस लाइंस व 5 थानों में बनेगी आधुनिक बैरक

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (22 March):** पुलिसकर्मियों के रहने के लिए आधुनिक सुविधाओं वाली नई बैरक बनाई जाएगी. शाहपुर थाने में काम भी शुरू हो गया है. जल्द ही पुलिस लाइंस और अन्य चार थानों में भी कार्य शुरू हो जाएगा. इनके बनने के बाद पुलिसकर्मियों को बैरक में आने के बाद न तो बिस्तर लाना होगा और न ही सामान रखने के लिए बक्से. एसी के साथ बैरक में ही उन्हें सभी सुविधाएं दी जाएंगी.

**शाहपुर, राजघाट, तिवारीपुर, खोराबार व कोतवाली में होना है कार्य**

आमतौर पर बैरक में रहने वाले पुलिसकर्मियों को तख्त से लेकर बिस्तर तक का खुद इंतजाम करना पड़ता था. इतना ही नहीं जरूरी सामान रखने के लिए बक्सा भी लेकर आना होता है. अब उन्हें कुछ भी लेकर नहीं आना होगा. सिर्फ अपना व्यक्तिगत सामान लाना होगा. शाहपुर के अलावा पुलिस लाइंस, राजघाट, तिवारीपुर, खोराबार और कोतवाली थाने में बनने वाली आधुनिक बैरक में हर तरह की सुविधाएं पहले से मौजूद रहेंगी. पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पुलिस लाइंस सहित पांच थानों में बैरक बनाई जा रही है. इसमें बिस्तर सहित सभी जरूरी सामान उपलब्ध रहेगा.

# खाते से निकाल लिए 1.92 लाख रुपये, केस दर्ज

**सहजनवा।** उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) के जवान से मित्रता कर जालसाज ने खाते से 1.92 लाख रुपये उड़ा दिए। पीड़ित की तहरीर पर गीडा पुलिस केस दर्ज किया गया है। गीडा क्षेत्र के बाघागाड़ा टोला जीतपुर निवासी रविन्द्र निषाद ने एसपी क्राइम को तहरीर देकर बताया कि 17 फरवरी 2023 को एक फर्जी व्यक्ति मित्र बनकर उनके पास फोन किया और अपनी मजबूरी का हवाला देकर कुछ पैसे भेजने को कहा, जैसे ही उन्होंने उसके दिए बैंक के लिंक को खोला तो उनके खातों से 1.92 लाख रुपये निकल गए। एसपी क्राइम के निर्देश पर गीडा पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दुर्गा मंदिर में तोड़फोड़ कर गहने भी ले गए, जांच शुरू

**चिलुआताल, हिन्दुस्तान संवाद।** चिलुआताल क्षेत्र के करीमनगर के पास मिलेनियम सिटी स्थित दुर्गा मंदिर की मूर्तियों में मंगलवार की रात में अराजकतत्वों ने तोड़फोड़ कर दिया, साथ ही गहने भी चोरी कर ले गए। नवरात्र के पहले दिन इस तरह की घटना से कॉलोनी के लोगों में काफी नाराजगी है। चोर सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर और मॉनीटर भी उठा ले गए है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है।

जानकारी के अनुसार मिलेनियम सिटी में कॉलोनीवासियों के सहयोग से दुर्गा मंदिर की स्थापना की गई है। बुधवार की सुबह नवरात्र के पहले दिन मंदिर में पूजा करने भक्त पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। मंदिर में लगे कैमरे के वायर को तोड़ने के साथ डीवीआर और मॉनीटर भी गायब था। मंदिर में स्थापित मूर्तियों को खंडित करने के साथ उनके गहने भी उठा ले गए थे। लकड़ी और लोहे की आलमारी का लॉक टूटा मिला।

# मंडी परिषद में नौकरी के नाम पर 19 लाख ठगे

**केस दर्ज**

**सहजनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** गीडा क्षेत्र के एक युवक ने उत्पादन मंडी परिषद में नौकरी दिलाने के नाम पर आरपीएफ कांस्टेबल की पत्नी से 19 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

चिलुआताल क्षेत्र के कुशहरा निवासी मनीषा यादव के पति सत्येंद्र यादव लखनऊ आरपीएफ में तैनात हैं। मनीषा ने उत्पादन मंडी परिषद निरीक्षक पद के लिए आवेदन किया था। उसी दौरान उनका एक परिचित अमरनाथ यादव निवासी बड़गहन थाना गीडा जो पीडब्ल्यूडी कर्मचारी संघ का अध्यक्ष भी है। वह अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए लखनऊ स्थित आरपीएफ कांस्टेबल के सरकारी क्वार्टर पहुंचा और झांसे में लेकर नौकरी दिलाने की बात की। इसके लिए 20 लाख रुपये मांगा। झांसे में आकर पीड़िता ने कई किस्तों में 12 लाख रुपये खाते में और सात लाख अमरनाथ को नकद दिए। काफी दिनों बाद भी नौकरी नहीं मिली और अब रुपये मांगने पर धमकी दे रहे हैं।

# विवाद में दो पक्षों में मारपीट, 10 पर केस दर्ज

सहजनवा। भड़सार के राकेश ने तहरीर में बताया है कि बच्चों के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। दरवाजे पर खड़ी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस रवि, अनिता, लक्ष्मण, होरीलाल, सूरज, गौतम, देवेन्द्र पर केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के जितेन्द्र की तहरीर पर राकेश, तारकेश्वर उर्फ कट्टा, सागर, अंबिका पर केस दर्ज किया है।

# प्रताड़ना के आरोप में ससुरालियों पर केस दर्ज

सहजनवा। सहजनवा क्षेत्र एक गांव में शादी के आठ महीने बाद ही विवाहिता को दहेज के लिये प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि जेठ, ननदोई और देवर ने विवाहिता के साथ छेड़खानी भी की। पीड़िता ने मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में प्रार्थना देकर न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस ने सात लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# धोखाधड़ी की आरोपित महिला गिरफ्तार, जेल

गोरखपुर। कूटरचित दस्तावेज के सहारे दूसरे व्यक्ति के नाम पर बैंक से ऋण निकलवाकर हड़पने की आरोपित महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शाहपुर क्षेत्र के बिछिया जंगल तुलसीराम सर्वोदय नगर निवासिनी अल्का गुप्ता पत्नी शैलेश गुप्ता द्वारा कूटरचित दस्तावेज के सहारे इलाहाबाद बैंक से 14 लाख रुपये लोन निकवाने के दौरान 13.30 लाख रुपये धोखे से हड़प लिया गया था। पुलिस उसके खिलाफ केस दर्ज कर तलाश कर रही थी।

## बेटा नहीं होने पर प्रताड़ना, चार पर केस दर्ज

**खोराबार।** नंदनी सिंह की शादी नौवा डुमरी के बखरिया टोला निवासी राघवेंदर सिंह से हुई है। उनके दो लड़कियां हैं। आरोप है कि लड़का नहीं होने के कारण पति प्रताड़ित करते हैं। उसे घर से निकल जाने की बात कहते हुए दूसरी शादी करने की धमकी दे रहे हैं। इसका विरोध करने पर पति राघवेंदर, सास मुराती देवी, ननद सरोज व आशा ने पीटा और मोबाइल तोड़ दिया।

## बाइक की आमने-सामने टक्कर में तीन घायल

**भटहट।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के मीरापुर निवासी शैलेन्द्र 35 वर्ष शाम को बरगदही से सब्जी खरीद कर वापस घर जा रहा था। अभी वह चौराहे पर ही था कि विपरीत दिशा से श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के बसहिया बुजुर्ग निवासी सत्यम यादव अपने साथी एक अन्य युवक को लेकर बाइक से पहुंच गया। दोनों बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर में तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए।

## ईंट ले जाने के विवाद में मारपीट, चार पर मुकदमा

**भटहट।** गुलरिहा क्षेत्र के चिलविलवा पूरब टोला निवासिनी मीरा देवी ने ईंट ले जाने के विवाद में पट्टीदारों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस चार लोगों पर केस दर्ज की है। पीड़िता का आरोप है कि 20 मार्च को वह अपना मकान तोड़कर ईंट ट्रॉली पर लाद रही थी। इसी बीच उसके पट्टीदार प्रद्युम्न गुप्ता, नेहा गुप्ता, मिन्ता देवी एवं उमाशंकर ईंट ले जाने की बात को लेकर गाली देने लगे।

## गाड़ी में तोड़फोड़ करने वाले चार पर मुकदमा

**पीपीगंज।** चौरीचौरा क्षेत्र के ग्राम छबैला निवासी अवधेश निषाद बीते 14 मार्च को पीपीगंज स्थित एक मैरेज हाल में के सामने खड़े थे। आरोप है कि एक बाइक पर सवार दो युवक आए और गाड़ी का शीशा तोड़ दिए। विरोध करने पर दो अन्य साथियों के साथ वाहन मालिक को पीटने लगे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कृष्णा यादव, करन चौधरी और दो अन्य अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

# 20 लाख रुपये हड़पे, केस दर्ज

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के तिनकोनिया नंबर-एक निवासी एजाज अहमद के खिलाफ नागेंद्र सिंह ने 20 लाख रुपये हड़पने का केस दर्ज कराया हैं।

बिहार के गोपालगंज थाना फुलवरिया के सोनगढ़वां निवासी नागेंद्र ने मंगलवार को शाहपुर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि एजाज अहमद को जमीन के लिए 20 लाख दिया था। रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे तो पता चला कि जमीन का मालिक कोई और है। एजाज अहमद नकली स्टाम्प पेपर लेकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी एजाज अहमद के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिसकर्मियों के लिए बनेंगी मॉडल बैरक

गोरखपुर। पुलिस वालों के रहने की आधुनिक सुविधाओं से लैस नए बैरक बनाए जा रहे हैं। जल्द ही पुलिस लाइंस और पांच थानों में इसकी शुरुआत कर दी जाएगी। इन बैरकों में रहने के लिए पुलिसकर्मियों को न तो बिस्तर लाना होगा, न ही सामान रखने के लिए बक्शे लाने होंगे। बैरक में उन्हें सारी सुविधाएं दी जाएंगी।

इसके अलावा कोतवाली थाने की बैरक में एसी भी लगाया जा रहा। पुलिस लाइंस में एक 40 बेड के आधुनिक बैरक के अलावा शाहपुर, राजघाट, तिवारीपुर, खोराबार और कोतवाली थाने में बैरक बनाए जा रहे हैं।

# तीन हजार में खरीदी थी पुलिस की वर्दी

गोरखपुर, निज संवाददाता। फर्जी दरोगा बनकर शहर में वसूली करने वाला बीसीए का छात्र वर्दी पहनकर रौब झाड़ता था। वह अक्सर नौकायान पर पहुंच जाता था और यहां दुकान लगाने वाले व्यापारियों पर पुलिस का रौब दिखाकर उनसे वसूली करता था।

दुकानदार जब उसकी हरकतों से परेशान हो गए और उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। जांच के दौरान उसके पास से फर्जी आईकार्ड भी मिला। रामगढ़ताल पुलिस की पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि वह पहले पुलिस विभाग में भर्ती की तैयारी कर रहा था।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## ये हुई है बरामदगी

एक काले रंग का बैग, एक पुलिस टीशर्ट, एक मोनोग्राम बाजू का, पुलिस वर्दी में खिंचवाई आठ फोटो, 11 पुलिस का विजिटिंग कार्ड, दो आईफोन समेत चार कीमती मोबाइल, दो उत्तर प्रदेश पुलिस अधिकारी आईकार्ड, पुलिस की वर्दी धारण किया डीएल, एक स्मार्टवॉच, 1180 नगद, चार सर्जिकल ग्लव्स, एक वोटर कार्ड पुलिस लिखी बुलेट शामिल है।

लेकिन, जब उसकी नौकरी नहीं लगी तो उसने फर्जी पुलिसवाला बनने की ठान ली। तीन हजार रुपये में उसने पुलिस की वर्दी, स्टार और पूरा यूनिफार्म खरीद डाला। इसके बाद वह बीते 3 साल से फर्जी दरोगा बनकर लोगों से वसूली कर रहा था। इंस्पेक्टर रामगढ़ताल शशिभूषण राय ने बताया, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# थाने में भिड़े किन्नर, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**बवाल**

सहजनवा, हिन्दुस्तान संवाद। सहजनवा क्षेत्र में किन्नर को गोली मारने का मामला शांत होता नहीं दिख रहा है। बुधवार को सहजनवा थाना में किन्नरों के दो गुटों में भिड़ंत हो गई। थानेदार के चैंबर में विवाद से पुलिस सकते में आ गई। हालत यह हो गई कि किन्नरों के रौद्र रूप को देख पुलिस बैकफुट पर आ गई। बाद में पुलिस व पीएसी ने मोर्चा संभाला। करीब डेढ़ घंटे बाद दोनों पक्षों में बातचीत हुई और फिर सभी चले गए।

- किन्नरों के रौद्र रूप को देख कुछ समय के लिए पुलिस आ गई बैकफुट पर
- करीब डेढ़ घंटे बाद दोनों पक्षों में बातचीत हुई, तब जाकर मामला हुआ शांत



किन्नरों के दो गुटों ने बुधवार को सहजनवा थाने में हंगामा किया।

## गोली मारने के मामले में पांच हिरासत में

फिलहाल घायल किन्नर का इलाज लखनऊ में चल रहा है। बुधवार को पुलिस ने पांच आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। थानेदार महेंद्र मिश्रा ने बताया, हत्या के प्रयास के सभी आरोपित हिरासत में हैं। घायल तान्या किन्नर की तहरीर पर पुलिस ने पांच के खिलाफ षडयंत्र रचने और हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। एक आरोपित किरन किन्नर को सोमवार को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

दरअसल, सहजनवा इलाके के रिठुआखोर मोड़ के पास बीते 19 मार्च को किन्नर तान्या को गोली मार दी गई थी। इसके बाद से ही तान्या गुट के किन्नर आक्रोशित हैं। उनका आरोप है कि दूसरे गुट के किन्नरों ने तान्या को गोली मारी है। हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किन्नर रविवार और सोमवार के दिन किन्नरों ने खूब हंगामा किया और हाईवे जाम कर प्रदर्शन किए। मंगलवार को मामला शांत रहा है लेकिन बुधवार को एक बार फिर इस मामले ने तूल पकड़ लिया।

**महामंडलेश्वर संग पहुंचा था किन्नरों का गुट :** बुधवार को किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य महामंडलेश्वर कनकेश्वरी नंद गिरी के नेतृत्व में एक गुट थाने पहुंचा। थानेदार के कमरे में बैठ कर दोनों पक्षों में बातचीत शुरू हुई। इसी दौरान तान्या गुट के भी किन्नर थाने पर आ धमके और दूसरे गुट पर लीपापोती का आरोप लगाते हुए विवाद शुरू कर दिए। थानेदार के चैंबर में ही दोनों पक्षआमने सामने हो गए और एक दूसरे पर अपशब्दों का प्रयोग करने लगे।

**गेट पर की गई बैरिकेडिंग:** इसी दौरान पीएसी तैनात कर थाने गेट पर रस्सी से बैरिकेडिंग कर दी गई। पुलिस कर्मियों की सख्ती देख किन्नर शांत हो गए और करीब डेढ़ घंटे तक आपस में बीतचीत किए और फिर वापस लौट गए।

# पुलिसकर्मी बनकर लूटपाट करने वाले पर मुकदमा दर्ज

फॉलोअप

खोराबार/कुसम्ही बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। कुसम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माता मंदिर घुमने पहुंचे युवक और युवती से पुलिसकर्मी बनकर लूटपाट करने वाले के खिलाफ खोराबार पुलिस केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पिपराइच क्षेत्र के एक गांव के युवक ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि वह मंगलवार की दोपहर तकरीबन दो बजे अपने महिला मित्र के साथ बाइक से कुसम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माई मंदिर घूमने जा रहा था। वह मंदिर जाने वाली सड़क पर गाड़ी खड़ी कर कुछ दूरी पर शौच करने चले गए।

इस दौरान जंगल की ओर से एक युवक आया और अपने को पुलिस वाला बताकर दो तीन थप्पड़ जड़ दिया तथा उसके जेब में रखा 1450 रुपये निकाल लिया। वहीं थोड़ी दूर पर खड़ी बाइक का चाभी निकाल कर वह महिला मित्र का हाथ पकड़कर पूछताछ करने के बहाने जंगल की तरफ ले जाने लगा। शोर मचाने पर राहगीरों के पहुंचने पर वह जंगल की ओर फरार हो गया। खोराबार पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 392 व 323 के तहत केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही हैं।

## युगल से छेड़खानी और लूट की होती है कोशिश

गोरखपुर। कुसम्ही जंगल बुढ़िया माता मंदिर और विनोद वन पार्क के लिए प्रसिद्ध है। यहां गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर समेत दूर-दूर से लोग आते हैं। इसका फायदा उठाकर कुछ मनबढ़ पुलिसवाले बनकर लूट से लेकर छेड़खानी तक की घटना अंजाम देते हैं। पिछले कुछ वर्षों में यहां लूट, प्रेमी युगल संग छेड़खानी और रेप की कई घटनाएं हो चुकी हैं। यहां पर बदमाशों के निशाने पर प्रेमी युगल और परिवार के साथ आने वाले लोग रहते हैं। पुलिस की सख्ती की वजह से इन घटनाओं पर लगाम थी लेकिन मंगलवार को सामने आई घटना ने चिंता बढ़ा दी है।

# 26 साल पहले हुई हत्या के जुर्म में 4 को आजीवन कारावास की सजा

गोरखपुर, निसं। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गौतम ने बांसगांव थाना क्षेत्र के साईताल निवासी अभियुक्त मधुसूदन शुक्ला उर्फ नन्हे, प्रजापति शुक्ला, गिरजा शंकर पांडेय व अतरौली निवासी देवीसरन यादव को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 25 हजार अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को नौ माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र मिश्र एवं राम प्रकाश सिंह का कहना था कि वादी गया प्रसाद शर्मा बांसगांव के साईताल का निवासी है। वादी और उसका भाई रामानंद शर्मा महादेव झारखंडी आवास विकास कालोनी में क्वाटर लेकर रहते थे। 18 अक्टूबर 1996 को वादी का भाई रामानंद शर्मा मोहल्ले के विजय बहादुर राय के साथ गिरधरगंज जा रहे थे। रास्ते में अभियुक्तों ने रंजिश के चलते वादी के भाई को जीप में बैठा लिया और अपने साथ ले कर चले गए। विवेचना में अभियुक्तों ने मिलकर वादी के भाई की हत्या कर लाश ठिकाने लगा दिया।



## हत्या के जुर्म में दो को दस साल कारावास की सजा

गोरखपुर। गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने झगहां थाना क्षेत्र के मोतीराम अड्डा निवासी अभियुक्त जमालुद्दीन व मोहम्मद उर्फ सोनू को दस साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 50 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि वादी शिवंजय पासवान खोराबार का निवासी है। 20 फरवरी 2010 को वादी को गांव के लोगो से पता चला कि एक व्यक्ति की लाश सुबाबाजार में राममिलन पासी की पंचर की दुकान के सामने पड़ी है।

# नाबालिग को भगाने के जुर्म में 10 साल की सजा

गोरखपुर, निज संवाददाता। नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने चौरीचौरा क्षेत्र के लक्ष्मणपुर पुजारी टोला निवासी अभियुक्त गुड्डू निषाद को दस साल के कठोर कारावास एवं 25 हजार अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को पांच माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र राम त्रिपाठी एवं उमेश मिश्र का कहना था कि घटना सात अप्रैल 2014 की है। अभियुक्त वादी की 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# शातिर चोर को पुलिस ने दबोचा, बाइक बरामद

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने बुधवार को एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से एक चोरी की बाइक बरामद किया है। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। उसकी पहचान शाहपुर क्षेत्र के अशोक नगर निवासी मनीष कुमार के रूप में हुई। उसपर शाहपुर और राजघाट थाने में पहले से छह मुकदमा दर्ज है।

# पति समेत सात पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, सहजनवां** : क्षेत्र की बेलौरा निवासी प्रेमशीला ने पति, सास, ससुर, देवर समेत सात के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उसकी शादी जुलाई, 2022 में भपसा निवासी सचिन गुप्त के साथ हुई थी। दहेज की मांग को लेकर ससुराल के लोग अक्सर लेकर मारते-पीटते थे। साथ ही घर से भी निकाल दिए हैं।

थाना प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति, सास सुमित्रा, ससुर जगनाथ, देवर अच्छेलाल, ननद ममता, ननदोई राजेश और जेठ अजय के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बीसीए छात्र दरोगा बन कर करता था वसूली, गिरफ्तार

गोरखपुर, निज संवाददाता। रामगढ़ताल पुलिस ने गीडा स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज से बीसीए की पढ़ाई कर रहे छात्र को फर्जी दरोगा बन कर वसूली करने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया। वह बाकायदा डबल स्टार लगा वर्दी पहनकर दुकानदारों को रौब दिखाकर वसूली करता था। उसके पास से फर्जी आईकार्ड भी बरामद हुई है।

पुलिस की जांच में छात्र की पहचान कुशीनगर जिले के तरयासुजान निवासी अपूर्व राय के रूप में हुई। उसके पिता अजय शंकर राय पेशे से किसान हैं। अपूर्व रामगढ़ताल इलाके के बगहा बाबा स्थान के पास तीन साल से किराए का कमरा लेकर रहता था। वह गीडा स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज में बीसीए का छात्र है। उसने अपने घर वालों और रिश्तेदारों को भी यह बता रखा था कि वह मुरादाबाद में पुलिस विभाग की ट्रेनिंग ले रहा है। वह अक्सर नौकायन केंद्र पर पहुंच जाता था और यहां दुकान लगाने वाले व्यापारियों पर पुलिस का रौब दिखाकर वसूली करता था। दुकानदार जब उसकी हरकतों से परेशान हो गए तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने उसे बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी अपूर्व राय।

- **गीडा के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में करता है पढ़ाई**
- **फर्जी आईकार्ड भी मिला**

तीन हजार में वर्दी P04

## महिला से लूट के मामले में मुकदमा दर्ज

**भटहट :** पिपराइच थाना क्षेत्र के अमवां गांव के समीप मंगलवार को बाइक सवार बदमाश भलुही गांव निवासी नगमा से मोबाइल फोन, जेवरात व नकदी समेत पर्स लूट कर फरार हो गए थे। बुधवार को पिपराइच पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पीड़िता का बयान दर्ज करने के पश्चात अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

## साइकिल चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**भटहट :** स्थानीय कस्बे में बुधवार की शाम सात बजे साइकिल चुरा रहे युवक को लोगों ने पकड़ लिया और पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पिपराइच के अमवां निवासी अमजद हुसैन बाजार करने गए थे। अभी साइकिल खड़ी किए थे तभी उसे एक युवक लेकर भागने लगा। नजर पड़ते ही अमजद शोर करने लगे। उनकी आवाज सुन लोगों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। दारोगा विवेक कुमार अवस्थी ने बताया कि आरोपित की पहचान रसूलपुर झुंगियां निवासी साहब अली के रूप में हुई है।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में दो को दस वर्ष कठोर कारावास

**विसं, गोरखपुर :** गैर इरादतन हत्या का मामला सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने झगहां थाना क्षेत्र के मोतीराम अड्डा निवासी अभियुक्त जमालुद्दीन व मोहम्मद उर्फ सोनू को दस साल के कठोर कारावास और प्रत्येक को 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि वादी शिवंजय पासवान खोराबार का निवासी है। 20 फरवरी 2010 को वादी को ग्रामीणों से पता चला कि एक व्यक्ति की लाश सूबा बाजार में राममिलन पासी की पंचर की दुकान के सामने पड़ी है। वादी मौके पर गया और उस व्यक्ति के बारे में पता किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। दौरान विवेचना अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए। पता चला कि अभियुक्तों ने उसे बुरी तरह मारा-पीटा था, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

# दारोगा बन इंजीनियरिंग छात्र करता था वसूली

**जासं, गोरखपुर :** पुलिस की नौकरी नहीं मिली तो कंप्यूटर इंजीनियरिंग का छात्र तीन हजार रुपये में पुलिस की वर्दी खरीद दारोगा बन गया। शहर में घूम-घूम कर लोगों पर रौब झाड़ते हुए वसूली करता था। नौकायन पर दुकानदारों से वसूली करने की सूचना पर रामगढ़ताल थाना पुलिस ने कुशीनगर जिले के तरयासुजान निवासी अपूर्व राय को हिरासत में ले लिया। जांच-पड़ताल में उसके पास मिला आईकार्ड फर्जी निकला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

रामगढ़ताल थाना प्रभारी शशिभूषण राय ने बताया कि आरोपित ने पूछताछ में बताया कि वह गीडा स्थित एक विद्यालय में कंप्यूटर इंजीनियरिंग का छात्र है। तीन वर्ष से वह बगहाबाबा स्थान के पास किराये पर कमरा लेकर रह रहा था। नौकरी नहीं मिलने पर उसने 3000 रुपये में वर्दी खरीदी और वसूली करने लगा। इसकी हरकतों से परेशान दुकानदारों ने शिकायत की



रामगढ़ताल पुलिस की गिरफ्त में दारोगा बन कर वसूली करने वाला आरोपित ● जागरण

थी। इसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

**मुरादाबाद में प्रशिक्षण लेने की बात करता था :** आरोपित अपूर्व ने घर वालों, रिश्तेदारों और दोस्तों को बता रखा था कि वह मुरादाबाद में दारोगा का प्रशिक्षण ले रहा है। दोस्तों को वाट्सएप और फेसबुक पर पुलिस की वर्दी वाली फोटो भेजता व लगाता था। घर जाने पर माता-पिता व रिश्तेदारों को फर्जी आइकार्ड दिखाता था, जिसे देखने के बाद वह भी जानते थे कि वह प्रशिक्षण ले

- नौकरी नहीं मिली तो तीन हजार में खरीदा था पुलिस का यूनिफार्म
- कुशीनगर का रहने वाला आरोपित अपूर्व, जांच में फर्जी मिला आइकार्ड




बरामद फर्जी परिचय पत्र ● जागरण

रहा है।

**सामान हुए बरामद :** रामगढ़ताल पुलिस ने फर्जी दारोगा के पास से काले रंग का बैग, पुलिस टीशर्ट, मोनोग्राम, वर्दी में खिंचवाई गई फोटो, उत्तर प्रदेश पुलिस का विजिटिंग कार्ड, दो आइफोन, दो मोबाइल फोन, यूपी विशेष पुलिस अधिकारी का दो आइकार्ड, यूनिफार्म में फोटो लगा डीएल, स्मार्टवाच, सर्जिकल हैंड ग्लब्स, भारत निर्वाचन आयोग से निर्गत पहचान पत्र, पुलिस लिखा लाल रंग की बुलेट।

# सहजनवां थाने में भिड़े किन्नरों के दो गुट, हंगामा

## महामंडलेश्वर के आने पर थाने पहुंचा तान्या का गुट, कार्यालय छोड़ बाहर निकले पुलिसकर्मी, बुलानी पड़ी पीएसी

**जासं, सहजनवां :** गोरखपुर महिला थाने के बाद बुधवार को सहजनवां थाने के प्रभारी कार्यालय में बातचीत के दौरान किन्नरों का दो गुट भिड़ गया। विवाद इतना बढ़ गया कि थानेदार और पुलिस को कार्यालय छोड़कर बाहर निकलना पड़ा। बाद में गीडा थाने की पुलिस के साथ पीएसी बुलानी पड़ी। करीब डेढ़ घंटे बाद दोनों गुटों में बातचीत हुई और सभी वापस चले गए।



सहजनवां थाना प्रभारी के कार्यालय में हंगामा करते किन्नर ● जागरण

- गीडा थाने की पुलिस व पीएसी के पहुंचने पर विवाद हुआ शांत
- पुलिस की मौजूदगी में दोनों गुट में हुई बातचीत के बाद गए वापस

### पुलिस ने पूछताछ के लिए छह को उठाया

तान्या किन्नर को गोली मारने के मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। बुधवार को सहजनवां थाने की पुलिस ने पूछताछ के लिए छह लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों की मानें तो हिरासत में लिए आरोपित ही गोलीकांड में शामिल हैं। हालांकि पुलिस सिर्फ तीन को हिरासत में लेने की बात कह रही है। पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज अवस्थी ने बताया कि कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

सहजनवां थाना क्षेत्र के रिठुआखोर मोड़ के पास 19 मार्च को तान्या किन्नर को गोली मारी गई थी। इसके बाद से ही तान्या गुट के किन्नर आक्रोशित हैं। 19 की रात और 20 की सुबह किन्नरों ने खूब हंगामा किया था।

बुधवार को किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य महामंडलेश्वर कनकेश्वरी नंद गिरी के नेतृत्व में एक गुट सहजनवां थाने पहुंचा। कार्यालय में बैठ कर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान तान्या गुट के लोग भी आ गए।

दूसरे गुट पर लीपापोती का आरोप लगाते हुए विवाद करने लगे। देखते ही देखते दोनों गुट थानेदार कार्यालय में आमने-सामने हो गए। मौजूद पुलिसकर्मियों के समझाने पर भी बात नहीं बनी तो गीडा थाना पुलिस और पीएसी बुलानी पड़ी। थाना गेट पर बैरीकेडिंग कर दी गई। पुलिस की मौजूदगी में करीब डेढ़ घंटे तक दोनों गुट में बातचीत हुई फिर सभी वापस चले गए।

# नाबालिग से दुष्कर्म में एक को दस साल कारावास

**गोरखपुर:** नाबालिग को भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर पुजारी टोला निवासी अभियुक्त गुड्डू निषाद को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र त्रिपाठी एवं उमेश मिश्र का कहना था कि घटना सात अप्रैल 2014 की है। अभियुक्त वादी की 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची को भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# मंदिर से सामान गायब, सीसी कैमरे का तार तोड़ा

चिलुआताल : थाना क्षेत्र के करीमनगर की मिलेनियम सिटी स्थित मंदिर से मंगलवार की रात पीतल के जेवर व आलमारी से सामान गायब हो गए। अराजकतत्वों ने नंदी की मूर्ति को भी नुकसान पहुंचाया। बुधवार को जानकारी होने पर मोहल्ले के लोग आक्रोशित हो गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों ने पुलिस से आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। (जासं)

# चोरी की बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**जासं, चरगांवा :** शाहपुर थाना पुलिस ने बुधवार को चोरी की बाइक के साथ बशारतपुर निवासी मनीष कुमार को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया।

# पति–पत्नी समेत चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं, भटहट : गुलरिहा थाना क्षेत्र के बरगदहीं निवासी ज्योति की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार को दुर्गेश कुमार, पत्नी रेनू देवी, पिता रामअवतार, मां ज्ञानती देवी के विरुद्ध जानलेवा हमला व मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पूरे परिवार को पीटा, केस

चिलुआताल। इलाके के मानबेला में मंगलवार को दुकान से सामान के दाम को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। आरोप है कि पूरे परिवार को घर में घुसकर पीटा गया। मानबेला निवासी मीनू पटवा विक्की की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। ब्यूरो

# पांच थानों में बनेगी आधुनिक बैरक

**जासं, गोरखपुर** : पुलिसकर्मियों के रहने के लिए आधुनिक सुविधाओं वाली नई बैरक बनाई जाएगी। शाहपुर थाने में काम भी शुरू हो गया है। जल्द ही पुलिस लाइंस और अन्य चार थानों में भी कार्य शुरू हो जाएगा। इनके बनने के बाद पुलिसकर्मियों को बैरक में आने के बाद न तो बिस्तर लाना होगा और न ही सामान रखने के लिए बक्से। एसी के साथ बैरक में ही उन्हें सभी सुविधाएं दी जाएंगी।

आमतौर पर बैरक में रहने वाले पुलिसकर्मियों को तख्त से लेकर बिस्तर तक का खुद इंतजाम करना पड़ता था। इतना ही नहीं जरूरी सामान रखने के लिए बक्सा भी लेकर आना होता है। अब उन्हें कुछ भी लेकर नहीं आना होगा। सिर्फ अपना व्यक्तिगत सामान लाना होगा। शाहपुर के अलावा पुलिस लाइंस, राजघाट, तिवारीपुर, खोराबार और कोतवाली थाने में बनने वाली आधुनिक बैरक में हर तरह की सुविधाएं पहले से मौजूद रहेंगी।

पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पुलिस लाइंस सहित पांच थानों में बैरक बनाई जा रही है। इसमें बिस्तर सहित सभी जरूरी सामान उपलब्ध रहेगा।

# गैर इरादतन हत्या के अभियुक्तों को 10 साल की कैद

गोरखपुर। गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने झंगहा थाना क्षेत्र के मोतीराम अड्डा निवासी अभियुक्त जमालुद्दीन व मोहम्मद उर्फ सोनू को 10 साल के कठोर कारावास व प्रत्येक को 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। ब्यूरो

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को सजा

गोरखपुर। नाबालिग बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने चौरीचौरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर पुजारी टोला निवासी अभियुक्त गुड्डू कुमार निषाद को 10 साल के कठोर कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र राम त्रिपाठी एवं उमेश का कहना था कि घटना सात अप्रैल 2014 की है। ब्यूरो

# सास-ससुर समेत चार पर केस दर्ज

भटहट। गुलरिहा थाना क्षेत्र के बरगदही के महरीन टोला में महिला ने सास, ससुर समेत में चार लोगों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कराया है। पीड़ित अनिल की पत्नी ज्योति का आरोप है कि 20 मार्च की रात आठ बजे देवर दुर्गेश, ससुर राम अवतार, सास ज्ञान्ती एवं रिनू ने मामूली बात पर उससे मारपीट की। ब्यूरो

# ईंट ले जाने के विवाद में मारपीट, चार पर रिपोर्ट

भटहट। गुलरिहा थाना क्षेत्र के आराजी चिलबिलवा पूरब टोला निवासी मीरा देवी से मारपीट का मामला सामने आया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। मीरा ने तहरीर में लिखा है कि 20 मार्च को वह अपना मकान तोड़कर ईंट ट्रॉली पर लाद रही थी। पट्टीदार प्रदुम्न गुप्ता, नेहा गुप्ता, मिन्ता देवी एवं उमाशंकर गुप्ता ईंट ले जाने की बात को लेकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर लाठी-डंडा से मारापीटा। ब्यूरो

# पहले थाने में भिड़े किन्नर, फिर आपस में पैर छूकर चले गए

अमर उजाला ब्यूरो

सहजनवां (गोरखपुर)। किन्नर तान्या को गोली मारने के आरोप में नामजद अभियुक्तों की भूमिका को लेकर बुधवार को किन्नरों के दो गुटों ने सहजनवां थाने में जमकर हंगामा किया। किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य महामंडलेश्वर कनकेश्वरी भी थाने में पहुंच गई थीं। हंगामे को देखते हुए गीडा थाने की पुलिस और पीएसी भी बुला ली गई थी।

पुलिस की सख्ती के बाद दोनों गुट के लोग एकराय हो गए और फिर एक दूसरे का पैर छूते हुए थाने से चले गए। किन्नरों के हंगामे की वजह से थाने में अफरा-तफरी का माहौल था। फरियाद लेकर आए लोगों को भी करीब डेढ़ घंटे तक सांसत झेलनी पड़ी।

## सहजनवां में हंगामा देख दो थाने की फोर्स और पीएसी बुलाई गई

जानकारी के मुताबिक, सहजनवां इलाके के रिठुआखोर मोड़ के पास 19 मार्च को किन्नर तान्या को गोली मारी गई थी। इसके बाद से ही तान्या गुट के किन्नर आक्रोशित हैं। उनका आरोप है कि दूसरे गुट के किन्नरों ने तान्या को गोली मारी है।

हमलावरों गिरफ्तारी की मांग को लेकर किन्नरों ने रविवार और सोमवार को हंगामा किया और हाईवे जाम कर अर्द्धनग्न प्रदर्शन किया था। मंगलवार को मामला शांत रहा है, लेकिन बुधवार को एक बार फिर इस मामले ने तूल पकड़ लिया। किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य के नेतृत्व में एक गुट थाने पहुंचा था।

# हत्या के चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गौतम ने बांसगांव थाना क्षेत्र के साईताल निवासी अभियुक्त मधुसूदन शुक्ला उर्फ नन्हे, प्रजापति शुक्ला, गिरजा शंकर पांडेय व अतरौली निवासी देवीसरन यादव को आजीवन कारावास से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार मिश्र एवं राम प्रकाश सिंह का कहना था कि वादी गया प्रसाद शर्मा बांसगांव थाना क्षेत्र के सांईताल का निवासी है। वादी और उसका भाई रामानंद शर्मा महादेव झारखंडी आवास विकास कॉलोनी में मकान लेकर लेकर रहते थे।

18 अक्तूबर 1996 की शाम करीब सात बजे वादी का भाई रामानंद शर्मा मोहल्ले के विजय बहादुर राय के साथ सब्जी लेने गिरधरगंज जा रहे थे। रास्ते में अभियुक्तों ने पुरानी रंजिश के चलते वादी के भाई को जीप में बैठा लिया और अपने साथ लेकर चले गए।

विवेचना के दौरान पता चला कि अभियुक्तों ने मिलकर वादी के भाई की हत्या कर लाश ठिकाने लगा दिया था।

# पुलिसकर्मियों के लिए बनेंगे आधुनिक बैरक

गोरखपुर। पुलिस वालों को ड्यूटी के बाद रहने के लिए अब भटकना नहीं होगा। आधुनिक सुविधाओं से लैस नए बैरक बनाए जा रहे हैं। जल्द ही पुलिस लाइंस और पांच थानों में इसकी शुरुआत कर दी जाएगी। बैरकों में आने के बाद न तो बिस्तर लाना होगा, न ही सामान रखने के लिए बाक्स। बैरक में उन्हें सारी सुविधाएं दी जाएंगी। इसके अलावा कोतवाली थाने की बैरक में एसी भी लगाया जा रहा। ब्यूरो

# गोताखोरों और नाविकों को दी जाएगी सेफ्टी किट

गोरखपुर। बाढ़ विभीषिका के दौरान लोगों की जान बचाने वाले गोताखोरों और नाविकों को अब सेफ्टी किट दी जाएगी। शासन ने इसके लिए जिला प्रशासन को 44 लाख रुपये उपलब्ध करा दिए हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने इस रकम से जेम पोर्टल के जरिये खरीद शुरू कर दी है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सेफ्टी किट की खरीद के बाद तकरीबन 12 लाख रुपये बच गए हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने इस रकम से भी गोताखोरों के लिए और सेफ्टी किट खरीदने की अनुमति शासन से मांगी है। ब्यूरो

# बैठक में पुलिस ने दी शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की हिदायत

गोरखपुर। रामगढ़ताल थाने के आजाद नगर चौकी में बुधवार को नवरात्रि व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। इस दौरान पुलिस ने हिदायत दी कि नई परंपरा की शुरुआत न करें। कहा गया कि अगर किसी ने भी शांति व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश की तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय, आजाद नगर चौकी इंचार्ज पुरुषोत्तम आनंद सिंह व दोनों समुदाय के लोग मौजूद रहें। संवाद

# सिपाही के खाते से 2.30 लाख उड़ाए, केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** एम्स में मां का इलाज कराने आए सिपाही का एटीएम कार्ड बदलकर जालसाज ने खाते से 2.30 लाख रुपये उड़ा दिए। मोबाइल फोन पर संदेश आने के बाद सिपाही को जानकारी हुई। इसके बाद उसने एटीएम कार्ड ब्लॉक कराकर कैंट थाने में केस दर्ज कराया।

जानकारी के मुताबिक, देवरिया जिले के खामपार बंगरवारी गांव निवासी पवन यादव उप्र पुलिस में सिपाही हैं। वर्तमान में वह महराजगंज जिले के बृजमनगंज थाने में तैनात हैं। मंगलवार को वह अपनी मां का इलाज कराने एम्स आए थे। दोपहर में जीआरडी स्थित एसबीआई के एटीएम पर रुपये निकालने गए।

## एटीएम कार्ड बदलकर की जालसाजी

इस दौरान वहां चार युवक और आ गए। इस बीच उन जालसाजों ने सिपाही का एचडीएफसी बैंक का एटीएम कार्ड बदल दिया। सिपाही जैसे ही वहां से निकला तो उनके मोबाइल पर 10 रुपये के ट्रांजेक्शन होने का संदेश आया। अभी वह एटीएम कार्ड ब्लॉक कराने के प्रयास में जुटे ही थे कि 2 लाख 30 हजार खाते से निकल गया।

पुलिस एटीएम केबिन में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है ताकि जालसाजों की पहचान हो सके। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रणधीर मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही जालसाजों को पकड़ लिया जाएगा।

# एफसीआई में नौकरी का फर्जी नियुक्ति पत्र देकर हड़पे 37 लाख

## शाहपुर थाने की पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस, जांच शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

**पादरी बाजार (गोरखपुर)।** शाहपुर इलाके के श्याम कुंज कॉलोनी स्थित एफसीआई ऑफिस में दो लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर 37 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया। आरोपियों ने फर्जी नियुक्ति पत्र देकर रुपये वसूले थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक कथित कर्मचारी समेत तीन लोगों के खिलाफ जालसाजी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, मऊ जनपद के रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उसुरी सधना निवासी राहुल कुमार ने मंगलवार को शाहपुर पुलिस को तहरीर दी।

आरोप लगाया कि गाजीपुर जनपद के शंकर दयाल राजभर जून 2022 में एफसीआई में नौकरी दिलाने की बातचीत करने के लिए उसे एफसीआई ऑफिस ले आए। यहां अशोक सिंह चौहान से मुलाकात कराई और बताए कि यह एफसीआई के अधिकारी हैं, इन्हीं के माध्यम से भर्ती होनी हैं।

इसके बाद 26 जून 2022 को एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाला बताया कि आप गोरखपुर के पादरी बाजार चौकी के पास आ जाइए। वहां पहुंचने पर देवरिया के राजू सिंह मिले और कहां की नौकरी दिलाने की जिम्मेदारी हम लोगों की है। आप पहले आठ लाख रुपये दे दीजिए बाकी रुपये नौकरी लगने के बाद दीजिएगा।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि नौकरी लगने की लालच में राजू सिंह व शंकर दयाल को आठ लाख रुपये दिया गया। एक महीने बाद फिर आरोपी फोन कर 10 लाख रुपये की मांग करने लगे। बताया कि अधिकारियों को मैनेज करना है। इन लोगों के कहने पर 10 लाख रुपये फिर दे दिए। लेकिन, एक साल बीतने के बाद न नौकरी मिली न रुपये, तब ठगी होने की जानकारी हुई।

राहुल कुमार ने बताया कि हमारे मित्र गाजीपुर निवासी शफीक अहमद से भी आरोपियों ने 19 लाख रुपये नौकरी के नाम पर लिए हैं। राहुल कुमार की तहरीर पर मंगलवार को शाहपुर पुलिस ने तीनों आरोपी गाजीपुर के सराय बहादुर निवासी शंकर दयाल राजभर, एफसीआई ऑफिस के पास रहने वाले अशोक सिंह चौहान, देवरिया के लार रोड कुडौला निवासी राजू सिंह उर्फ विवेक सागर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक साल बीतने के बाद नौकरी नहीं मिलने पर ठगी की हुई जानकारी

### जमीन दिलाने के नाम पर 20 लाख हड़पे

**पादरी बाजार।** शाहपुर इलाके के तिनकोनिया नंबर एक निवासी एजाज अहमद के खिलाफ बिहार निवासी नागेंद्र सिंह ने जमीन दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपये हड़पने का केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिहार प्रांत के जिला गोपालगंज थाना फुलवरिया के सोनगढ़वां निवासी नागेंद्र सिंह ने तहरीर में लिखा कि एजाज अहमद मेरे जिले का रहने वाला है। वह शाहपुर के पादरी बाजार स्थित तिनकोनिया नंबर एक में रहता है। 2019 में उससे मुलाकात हुई। वह बताया कि हम जमीन का कारोबार करते हैं। फिर जमीन के नाम पर 20 लाख ले लिए, न तो जमीन मिली और न ही रुपये वापस किए जा रहे हैं। ब्यूरो

### नौकरी दिलाने के नाम पर 19 लाख ठगे

**पिपरौली।** गीडा इलाके के रहने वाले जालसाजों ने नौकरी दिलाने के नाम पर 19 लाख रुपये हड़प लिए। बुधवार को पुलिस ने केस दर्ज किया है। चिलुआताल थाना क्षेत्र के कुशहरा निवासी मनीषा यादव ने तहरीर में लिखा है कि वह लखनऊ में अपने पति के साथ रहती हैं। पति के परिचित बड़गहन निवासी अमरनाथ यादव ने खुद को कर्मचारी नेता बताया और कहा कि मंडी निरीक्षक पद पर नौकरी दिला देगा। अमरनाथ यादव ने महिला को बताया था कि घघसरा निवासी उसका दोस्त रमेश जायसवाल की मित्रता मंडी के उच्चाधिकारियों से है। फिर उसने रुपये ले लिए। दिसंबर 2021 में रिजल्ट आने पर चयन नहीं हुआ तो रुपये मांगने पर धमकी देने लगा। ब्यूरो

# मां-बाप को बताया दरोगा बन गया नौकायन पर ठगी करते पकड़ा गया

## बीसीए का छात्र नौकरी नहीं मिलने पर पुलिस की वर्दी खरीदकर करने लगा वसूली

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। दरोगा बनकर नौकायन पर दुकानदारों से वसूली करने के आरोपी बीसीए के छात्र अपूर्व राय को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से फर्जी आईकार्ड और वर्दी भी बरामद की गई।

बड़ी बात यह कि उसने घरवालों से भी यही बताया था कि उसका चयन दरोगा में हो गया है और मुरादाबाद में ट्रेनिंग चल रही। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया। आरोपी अपूर्व राय कुशीनगर जनपद के तरयासुजान का निवासी है। उसकी उम्र अभी 22 वर्ष है। वर्तमान में वह आईटीएम गीडा में बीसीए का छात्र है। उसके पिता अजय शंकर राय किसान हैं।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि अपूर्व राय यहां रामगढ़ताल इलाके के बगहा बाबा स्थान के पास किराए का कमरा लेकर तीन साल से रहता था। पुलिस की वर्दी खरीदकर उसने वसूली शुरू कर दी। वह अक्सर नौकायन पर पहुंच जाता और यहां दुकान लगाने वालों पर पुलिस का रौब झाड़कर उनसे वसूली करता था।

दुकानदार जब उसकी हरकतों से परेशान हो गए तब इसकी शिकायत पुलिस से की। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। जांच के दौरान उसके पास से फर्जी आईकार्ड भी मिला, जिसे दिखाकर वह दरोगा बना घूम रहा था।

एसपी ने बताया कि आरोपी को नौकायन के पास से प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय की टीम ने गिरफ्तार किया।

उसके पास से पुलिस ने एक काले रंग का बैग, पुलिस टीशर्ट, एक मोनोग्राम बैच, पुलिस की वर्दी में खींची गई आठ फोटो, पुलिस का फर्जी विजिटिंग कार्ड, दो आईफोन, दो उप्र विशेष पुलिस अधिकारी का आईकार्ड, वसूले गए 1,180 रुपये, सर्जिकल ग्लव्स, निर्वाचन आयोग का पहचान पत्र, पुलिस लिखा लाल बुलेट बरामद किया।

## साहब, जांच कर लीजिए, आप को गलतफहमी है

### अपूर्व राय के पिता को फोन पर पुलिस ने दी जानकारी तो नहीं कर रहे थे यकीन

शिवम सिंह

गोरखपुर। पुलिस ने नौकायन के पास वसूली के आरोप में पकड़े गए फर्जी दरोगा अपूर्व राय के पिता को फोन किया तो वह यकीन नहीं किए। पिता अजय शंकर राय ने कहा, साहब आप को गलतफहमी हो गई है। जांच कर लीजिए। मैं आप को व्हाट्सएप पर दस्तावेज भी भेज दे रहा हूं। उसके नियुक्ति का पत्र भी मेरे पास है। इसके बाद पिता ने सभी दस्तावेज भेजे दिए।

पिता से झूठ बोलने की वजह से पुलिस के हाथ वह दस्तावेज भी लग गए, जिसे पाने के लिए उसे जांच और मेहनत करनी पड़ती। बाद में पुलिस ने दोबारा फोन कर बताया कि जांच हो चुकी है, सब फर्जी है। इसके बाद पिता हैरान होकर, एक शब्द ही बोले, उसकी करनी की सजा दीजिए। पिता अजय शंकर राय बड़ी मेहनत से बेटे को पढ़ा रहे थे। बातचीत में कहते हैं, सोचा था कि बेटा किसी लायक हो जाएगा। कंप्यूटर इंजीनियर की पढ़ाई भी कर रहा था। आगे चलकर घर, परिवार का नाम रोशन करेगा। इस बीच उसने करीब एक महीने पहले जानकारी दी कि उसका चयन दरोगा में हो गया है।

फर्जी नियुक्ति पत्र और आईकार्ड देखकर परिजनों ने यकीन कर लिया। फिर उसने घरवालों को बताया, 15 दिन से उसकी मुरादाबाद में ट्रेनिंग चल रही है। इसके बाद परिजनों को और यकीन हो गया। क्योंकि, वह किराये के कमरे में रहता था, इस वजह से परिजन भी उसे देखने नहीं आए कि आखिर वह है, कहां। अब परिजनों के पास पछतावा के अलावा कुछ नहीं है।


आरोपी अपूर्व राय

## तीन हजार में वर्दी खरीद बन गया फर्जी दरोगा

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पहले पुलिस विभाग में भर्ती की तैयारी कर रहा था। लेकिन, जब नौकरी नहीं लगी तो उसने फर्जी पुलिसवाला बनने की ठान ली। तीन हजार रुपये में पुलिस की वर्दी, स्टार और यूनिफार्म खरीदा। इसके बाद वह तीन साल से फर्जी दरोगा बनकर लोगों से वसूली कर रहा था।



अपूर्व राय का फर्जी आईकार्ड।

## टोल बचाने के लिए करता था आईकार्ड का इस्तेमाल

अपूर्व राय फर्जी पुलिस आईकार्ड का इस्तेमाल टोल बचाने के लिए भी करता था। टोल पर बड़े आराम से आईकार्ड की मदद से निकल जाता था। दूसरे, जब कोई ठेला वाला या व्यापारी उसपर वर्दी पहनने के बाद भी संदेह करता था तो वह आईकार्ड दिखा दिया करता था।

## पहले भी पकड़े गए हैं फर्जी दरोगा

- **16 फरवरी 2016 :** कुसम्ही में फर्जी दरोगा बनकर प्रेमी युगल से वसूली करने के आरोप में पुलिस ने रजही निवासी प्रदीप उर्फ झीनक और विजय को पकड़ा।
- **30 जुलाई 2017 :** कुशीनगर की कप्तानगंज पुलिस ने फर्जी दरोगा महराजगंज के घुघली निवासी दिग्विजय को गिरफ्तार किया।
- **9 जनवरी 2022 :** देवरिया की रुद्रपुर पुलिस ने रामनगीना नाम के युवक को पकड़ा। वह पुलिस बनकर वसूली करता था।
- **20 मार्च 2023 :** शाहपुर पुलिस ने हरिराम नाम के युवक को पकड़ा, जो पुलिस की वर्दी पहनकर रील बनाता था।

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-03-2023

रा० सहारा दि० 23.03.2023

# पांच बदमाश जिला बदर

**देवरिया(एसएनबी)।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (भू-राजस्व) / मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय ने बताया है कि जनपद में जिलाधिकारी को प्रेषित पुलिस अधीक्षक की आख्या के आधार पर धारा-3/4 उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के अंतर्गत कार्यवाही अपर जिला मजिस्ट्रेट (भू-राजस्व) / मुख्य राजस्व अधिकारी, देवरिया के न्यायालय से की जाती है। पुलिस अधीक्षक की प्राप्त रिपोर्टो के आधार पर इस माह मार्च, 2023 में 05 लोगों को 06 माह के लिए जिला बदर किया गया है और संबंधित थानाध्यक्ष को आदेश का तामीला कराने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला बदर किए गए लोग क्षेत्र में अशांति का कारण हैं, जिनका जिले में रहना शान्ति व्यवस्था के दृष्टिकोण से और आम जनमानस के दृष्टिकोण से उचित नहीं है। पूर्ण विवरण में उन्होंने बताया है कि थाना-बघौचघाट अंतर्गत मजीद पुत्र छांगुर निवासी-बसडीला मैनुद्दीन को 16 वर्ष की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने, धमकाने आदि अपराध करने पर 06 माह के लिए जिला बदर किया गया है। इसी प्रकार थाना बघौचघाट अंतर्गत मेराज पुत्र जैनुल निवासी-बसडीला मैनुद्दीन, जैनुल पुत्र सद्दीक निवासी-बसडीला मैनुद्दीन, तैयब पुत्र इसा निवासी-बसडीला मैनुद्दीन तथा थाना-गौरी बाजार अंतर्गत मेराज पुत्र वकील निवासी-कस्बा बैतालपुर-को अपने सहयोगियों के साथ मोहर्रम के त्यौहार को लेकर राड, तलवार, भाला, फरसा इत्यादि से लैस होकर कतिपय लोगों को मारपीट मरणासन्न स्थिति में कर देना आदि अपराध करने पर 06 माह के लिए जिला बदर किया गया है।

रा०सहारा दि०-23.03.2023

# न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी समेत अन्य मामलों में केस दर्ज

**लार (एसएनबी)।** लार थाना क्षेत्र के रोपन छपरा निवासी पुष्पा देबी पत्नी जितेन्द्र चौहान की तहरीर पर लार पुलिस ने गांव के चार लोगों पर धोखाधड़ी समेत अन्य मामलों में केस दर्ज कर लिया है। लार पुलिस को दिए गए तहरीर में रोपन छपरा निवासी पुष्पा देवी ने अवगत कराया है कि मेरे पति जितेन्द्र चौहान पुत्र स्व रामबेलास चौहान भारतीय सेना मे सिपाही के पद पर तैनात है और मैं अपनें दो बच्चों और अपनी सास के साथ रोपन छपरा गांव में ही रहती हूँ। मेरे पति चार भाई थे। बटवारे को लेकर घर मे विवाद होने लगा। प्रार्थिनी की जेठानी रामसवारी ने हम प्रार्थिनी के पति जितेन्द्र जो भारतीय सेना में सिपाही के पद पर कार्यरत है। सेना के कर्मचारियों व आश्रितों को मिलनेवाले लाभ का अनुचित लाभ उठाने के उद्देश्य से कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर धोखाधड़ी करके अपने लड़के फर्जी दस्तावेज तैयार करा लिया। जो गम्भीर अपराध की श्रेणी में आता है। प्रार्थिनी ने जब इस सम्बन्ध में लार थाने में इस घटना की शिकायत की लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होने पर उसे न्यायालय का शरण लेना पड़ा।

रा०सहारा दि० 23.03.2023

## लड़की भगाने का केस

**बंगरा बाजार (एसएनबी)**। खामपार थाना क्षेत्र के एक गांव से10 जनवरी को घर छोड़ गायब हुई लड़की के मामले में खामपार पुलिस ने लड़की के पिता की तहरीर पर बंगरा के रहने वाले कल्याण सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताते चले कि खामपार थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति मेरी नाबालिग लड़की को 10 जनवरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया हैं।थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि उक्त आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।

## पंचायत भवन में हुई चोरी मामले में केस

**अकटहीबाजार**। बनकटा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नोनार पाण्डेय के पंचायत भवन में हुई चोरी के मामले में अज्ञात पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।16 मार्च की रात्रि में चोरों ने पंचायत भवन का संदिग्ध परिस्थितियों में इन्वर्टर बैट्री सीसीटीवी डेस्कटप इत्यादि समान उड़ा ले गए थे। मिली जानकारी के अनुसार प्रधान धर्मेन्द्र गौड़ के तहरीर पर धारा 380 ए के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रेलवे लाइन पर मिला अज्ञात युवक का शव

**देवरिया(एसएनबी)**। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र अन्तर्गत खरजरवा के समीप रेलवे लाइन के किनारे 35 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर स्थानीय देरवहा बाबा मेडिकल कालेज के मर्चरी हाउस में रखवा दिया।

# मारपीट में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**बनकटा (एसएनबी)** । श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के सिरसिया पवार गांव में करीब 6 माह पूर्व जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट में घायल महिला की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी।महिला की मौत के बाद परिजन शव का पीएम कराने को लेकर अड़ गए। विवश होकर पुलिस ने दूसरे दिन शव को पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेजा।मृतका का नाम सुनैना देवी पत्नी मुन्ना बताया जा रहा है।जिनका इलाज गोरखपुर व बनारस से चल रहा था।इस घटना में तत्कालीन खामपार थाने में गांव के त्रिलोकीनाथ लोकनाथ छोटेलाल पुत्र गण जनारी संगीत देवी पत्नी छोटेलाल आदित्य और अरुण पुत्र गण त्रिलोकीनाथ सूरज पुत्र लोकनाथ तथा सोनू पुत्र योगेश नामजद किये गए थे।

# आंधी-बारिश के बीच बिजली का पोल गिरने से बेल्डर की मौत

**देवरिया(एसएनबी)** । मंगलवार की रात आंधी बारिश के बीच बिजली का पोल गिरने से बाइक सवार बेल्डर की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को



कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बुधवार को दोपहर पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने अंतिम संस्कार हेतु शव परिजनों को सौंप दिया। बरियारपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत महुआपाटन गांव निवासी हरिकेश प्रसाद (32 वर्ष) पुत्र कैलाश प्रसाद हैदराबाद में बेल्डर का कार्य करता था। किसी कार्यवश वहां से वह एक माह पहले घर आया। मंगलवार की सुबह मोटरसाइकिल से बैकुण्ठपुर गया। रात में 8 वर्ष के करीब वह अपने घर लौट रहा था कि जब वह खजुरिया गांव के पास पंहुचा था कि अचानक आई आंधी व बारिश के बीच एक सूखा पेड़ बिजली के खम्भे पर गिर पड़ा। इसके चलते बिजली का खम्भा हरिकेश प्रसाद के ऊपर गिर पड़ा, जिससे उसका सिर फट गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। घर वाले अभी अगले साल उसकी शादी की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच यह घटना हो गयी। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

हिन्दुस्तान दि० 23/03/23

# चार के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस

लार। थाना क्षेत्र के रोपन छपरा गांव निवासी पुष्पा देवी पत्नी जितेन्द्र चौहान की तहरीर पर लार पुलिस ने गांव के चार लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुष्पा देवी का आरोप है कि उनके पति जितेन्द्र चौहान पुत्र स्व रामबेलास चौहान भारतीय सेना में सिपाही के पद पर तैनात हैं। आरोपियों ने सेना के कर्मचारियों व आश्रितों को मिलने वाले लाभ के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर धोखाधड़ी की। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

रा. सहारा दि०-23.03.2023

# रेल ई-टिकट दलाल गिरफ्तार

देवरिया/भटनी (एसएनबी)। सीआईबी गोरखपुर की टीम ने बुधवार को शहर के उमानगर देवरिया खास मोहल्ला स्थित एक दुकान पर छापेमारी कर एक रेल ई टिकट के दलाल को धर दबोचा। सीआईबी मुख्यालय गोरखपुर के उपनिरीक्षक देवेन्द्र प्रताप, सउनि धीरेन्द्र प्रताप सिंह,कान्स सुनील यादव व कान्स महाप्रताप सिंह ने बुधवार की शाम 330 बजे के करीब शहर के उमा नगर देवरिया खास स्थित एके डिजीटल नेट प्वाइन्ट पर छापेमारी कर श्दुकान के मालिक सह संचालक प्रकाश कुशवाहा(21 वर्ष) पुत्र साहब लाल कुशवाहा निवासी उमानगर बरई टोला देवदिया खास थाना नगर कोतवाली जिला देवरिया को रेल ई टिकटों के अवैध कारोबार के जुर्म में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा फर्जी ढंग से विभिन्न व्यक्तिगत यूजर आईडी पर रेल ई टिकट बनाकर जरूरतमंद ग्राहकों को टिकट किराए के अलावे सामान्य टिकट पर 200-300 रुपए तथा तत्काल टिकट पर 500 से 600 रुपये अतिरिक्त लेकर बेंचने का कार्य किया जाता था। छापेमारी के दौरान यात्रा शेष कीमत 84860/- के तत्काल व सामान्य 33अदद रेलवे ई टिकट, यात्रा तिथि समाप्त कीमत ₹98263/- के 64अदद तत्काल व समान्य ई-टिकट यानी कीमत 183123/-के कुल 97अदद रेलवे ई-टिकट बरामद किया गया। इसके अलावा छापेमारी के दौरान दुकान से इस अवैध कारोबार में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों यथा एक अदद मनिटर, एक अदद सीपीयू ,एक अदद कीबोर्ड , एक अदद प्रिंटर , एक अदद माउस, एक वीवो मोबाईल, नगद ₹80/- भी बरामद किया गया। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध रेसुब पोस्ट देवरिया पर मुअस 87/23 यूएस-143 आर ए पंजीत कर उसे न्यायालय के लिए चालान कर दिया गया।



रा. सहारा दि. 23.3.2023

# पहले मोटर अब सिलिंडर व चावल की बोरी उठा ले गये चोर

लार रोड। क्षेत्र के गोड़वली प्राथमिक जूनियर विद्यालय से अज्ञात चोरों ने रात भरा सिलेंडर व एक बोरी चावल सहित बर्तन भी उठा ले गए। उसकी जानकारी बुधवार की सुबह विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुशवाहा जब विद्यालय पर पहुंचे तो रसोई घर का ताला टुटा देख दंग रह गए । उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रधानाध्यापक ने बताएं कि इसके पहले भी अज्ञात चोरों ने कुछ माह पहले पानी का मोटर भी खोलकर लेकर चले गए हैं।

हिन्दुस्तान दि० - 23/08/23

# 97 तत्काल टिकट के साथ दलाल गिरफ्तार

- देवरिया खास के बरईटोला का मामला
- टीम ने दुकान का सारा सामान जब्त किया

देवरिया, निज संवाददाता। पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर जोन की सीआईबी टीम ने बुधवार को शहर के देवरिया खास के बरईटोला स्थित ए.के. डिजीटल नेट प्वाइन्ट की दुकान पर छापेमारी कर अवैध रुप से टिकट का कारोबार करने वाले दलाल को गिरफ्तार किया। दुकान से 97 तत्काल टिकट, इलेक्ट्रानिक्स सामान बरामद किया। टीम ने दुकान का सारा सामान जप्त कर लिया। सीआईबी ने देवरिया सदर आरपीएफ को दुकानदार को सौंप दिया। आरपीएफ ने दुकानदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

ई- टिकट के माध्यम से लोगों को ऊचे दामों पर ट्रेनों के टिकट बेचा जा रहा है। इसकी जानकारी रेलवे के अधिकारियों को थी। गोरखपुर जोन के सीआईबी के प्रभारी देवेन्द्र प्रताप के नेतृत्व में बुधवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के देवरिया खासके बरईटोला स्थित ए.के. डिजीटल नेट प्वाइन्ट की दुकान पर छापेमारी किया। टीम ने दुकान में गहनता से जांच की। दुकान के काउंटर से 97 तत्काल और सामान्य टिकट बरामद हुआ। इसके साथ कुछ पुराने टिकट भी मिला। टीम ने दुकान से एक मॉनिटर, एक सीपीयू, की बोर्ड, प्रिंटर, एक माऊस, एक वीवो मोबाइल और 80 रुपया नगद बरामद हुआ। दुकान से बरामद टिकट का मूल्य 182123 रुपये था। दुकानदार ने पूछताछ में अपना नाम प्रकाश कुशवाहा पुत्र साहब लाल कुशवाहा निवासी देवरिया खास बरई टोला थाना सदर कोतवाली बताया। दुकानदार के पास से 21 आईआरसीटीसी की फर्जी पर्सनल यूजर आईडी भी मिला। दुकानदार ने बताया कि सामान्य टिकट पर 200 से 300 रुपये प्रति टिकट और तत्काल पर पांच सौ रुपये लेकर लोगों को टिकट बेचता था।

हिन्दुस्तान दि० 23/03/23

एक सप्ताह तक जिले में रहकर जांच करेगी सीबीआई टीम

# सीबीआई ने मांगी घाटों की जानकारी, पूछताछ

**खनन घोटाला**

देवरिया, निज संवाददाता। प्रदेश में हुए खनन घोटाले की जांच के क्रम में सीबीआई की टीम एक बार फिर बुधवार को देवरिया पहुंची। यहां हुए बालू खनन के संदर्भ में पट्टाधारक को तलब कर करीब दो घंटे तक पूछताछ की। टीम ने पट्टे के बारे में जानकारी लेने के साथ ही दूसरी बार पट्टे के नवीनीकरण समेत अन्य कई बिन्दुओं पर सवाल किए। शाम को सीबीआई की टीम ने छोटी गंडक के सबवट से अहिरौली और कोटवा से रतनपुर घाट का जायजा लिया। सीबीआई करीब एक सप्ताह तक जिले में रहकर जांच करेगी।



बुधवार को सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर खड़ा सीबीआई का वाहन।

प्रदेश में वर्ष 2009 से 2016 के बीच हुए खनन घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है। इस दौरान देवरिया में भी अवैध खनन का मामला प्रकाश में आया था। इसकी जांच करने सीबीआई टीम दर्जनभर से अधिक बार देवरिया आ चुकी है। उसी क्रम में दिल्ली सीबीआई के डिप्टी एसपी अशरफ सिद्दीकी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम बुधवार की सुबह जिले में पहुंची। सीबीआई ने बालू खनन के मामले में पट्टाधारक फूलबदन निषाद को नोटिस भेज कर बुलाया था। टीम ने सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर लगभग 11 बजे से पूछताछ शुरू की। सूत्रों की मानें तो टीम के सदस्यों ने फूलबदन निषाद से उनके बालू के घाट के पट्टे के बारे में पूछताछ की। नवीनीकरण किसके इशारे पर हुआ था, ठेके में कौन-कौन साझीदार रहा, खनन कराने व पट्टा नवीनीकरण कराने में किन-किन अधिकारियों ने मदद की आदि सवाल भी सीबीआई ने उससे किए। जिला खनन अधिकारी से खनन घाटों के बारे में जानकारी मांगी। साथ ही शाम को छोटी गंडक नदी के कुछ घाटों का जायजा लिया।

दैनिक जागरण दि०-23/03/23

# यौन उत्पीड़न का मुकदमा शांतिभंग में चालान

बरहज : क्षेत्र के एक गांव में युवती को पकड़ कर अश्लील हरकत करने के मामले पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी का शांतिभंग के चालान कर दिया। जिसके बाद मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़िता ने दी गई तहरीर में कहा है कि गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा दुकान पर जाते समय उसके साथ अश्लील हरकत की गई। मना करने पर युवक द्वारा उसके साथ छेड़खानी की गई। थानाध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने बताया कि अभी बाहर हूं। (जासं)

दैनिक जागरण- 23/03/23

# सीमांकन हटाने पर तीन सगे भाइयों समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर**: क्षेत्र के ग्राम सरौरा में भूमि विवाद में लगे सीमांकन चिंह को हटाने के मामले में पुलिस ने तीन सगे भाइयों समेत चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सुरौली थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम सरौरा के रहने वालें मोतीचंद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपितों एसडीएम न्यायालय से आदेश के बाद किए गए सीमांकन कार्य के बाद उसे उखाड़कर फेंक दिया। मामले में पुलिस ने गांव रहने वाले रूदल, महेश और पतरू पुत्रगण स्व. बाबूराम के अलावा वकील चौहान पुत्र जानकी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पांच पर जिला बदर की कार्रवाई

**जासं, देवरिया**: मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश कुमार ने बताया है कि जिले के पांच लोगों को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। संबंधित थानाध्यक्ष को आदेश का तामिला कराने के निर्देश दिए गए हैं। बघौचघाट के बसडीला का रहने वाला मैनुद्दीन को 16 वर्ष की किशोरी के साथ दुष्कर्म करने, धमकी देने समेत अन्य अपराध करने पर छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। इसी तरह मेराज, तैय्यब, ज़ैनुल निवासीगण बसडीला व गौरीबाजार के बैतालपुर निवासी मेराज को भी जिला बदर किया गया है। यह अपने सहयोगियों के साथ मोहर्रम के त्योहार को लेकर राड, तलवार, भाला से लैस होकर कुछ लोगों से मारपीट किया था।

# छह लोगों के विरुद्ध बलवा का मुकदमा

जासं, रुद्रपुर: क्षेत्र के ग्राम जदद्दूपरसिया के रहने वाले एक युवक और उसके दोस्त को मारने पीटने के मामले में पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। सुरौली थाना क्षेत्र के गांव जदद्दूपरसिया के रहने वाले सूरज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मैं अपना दोस्त के साथ जनपद मुख्यालय जा रहा था कि आरोपितों पोखरी के समीप घेरकर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में थाना क्षेत्र के ग्राम वैदा शीतलपुरी के रहने वाले जैशराज, अगया के सचिन पासवान, पैकौली के याकूब अंसारी, नगउर के सूरज यादव और सोनू गोड़ पर मुकदमा दर्ज किया है।

दैनिक जागरण दि० 23/02/23

# उमानगर में साइबर कैफे पर सीआइबी का छापा, संचालक गिरफ्तार

**जासं, देवरिया:** सीआइबी (क्राइम इंटेलीजेंस ब्रांच) गोरखपुर की टीम ने देवरिया शहर के उमानगर स्थित एक साइबर कैफे में रविवार को छापेमारी की। टीम ने रेल ई-टिकट बनाने के आरोप में संचालक को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में आरपीएफ देवरिया में मुकदमा दर्ज कराया है।

उमानगर के एके डिजिटल नेट प्वाइंट नाम से प्रकाश कुशवाहा साइबर कैफे चलाता है। वह फर्जी तरीके से आइआरसीटीसी का व्यक्तिगत आइडी बनाकर तत्काल व सामान्य ई-टिकट बनाकर बेचता था। एक टिकट पर 500 से 600 रुपये अधिक लेता था। सीआइबी गोरखपुर की टीम ने छापेमारी की और संचालक को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पास से 21 व्यक्तिगत आइडी, यात्रा शेष तत्काल व सामान्य टिकट 33, यात्रा समाप्त होने वाले 64 तत्काल व सामान्य ई-टिकट बरामद किया गया।

# सीबीआइ टीम ने पत्रावलियों को खंगाला

- बालू खनन से जुड़े मामले में रामपुर कारखाना क्षेत्र के एक व्यक्ति से की पूछताछ
- छोटी गंडक नदी के बालू घाटों का भी किया निरीक्षण

जासं, देवरिया: बालू के अवैध खनन की जांच में जुटी सीबीआइ टीम बुधवार की सुबह जिले में पहुंची। पहले दिन टीम ने पत्रावलियों का अवलोकन किया। खनन से जुड़े एक व्यक्ति से पूछताछ की। साथ ही छोटी गंडक नदी के घाटों का निरीक्षण भी किया।

सीबीआइ नई दिल्ली के डिप्टी एसपी अशरफ सिद्दीकी के नेतृत्व में आई तीन सदस्यीय टीम को सिंचाई विभाग के डाक बंगले में ठहराया गया है। अवैध खनन से जुड़ी पत्रावलियों को खंगाला। इसके बाद रामपुर कारखाना क्षेत्र के एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुलाया। उससे घंटों पूछताछ की। उसके बाद टीम छोटी गंडक नदी के हेतिमपुर, सबबट, अहिरौली, कोटवा व रतनपुरा घाटों का भी निरीक्षण किया। पूर्ववर्ती बसपा व सपा सरकार में छोटी गंडक नदी व सरयू नदी में हुए बालू के अवैध खनन के मामले की जांच सीबीआइ कर रही है। सीबीआइ ने जुलाई 2019 में तत्कालीन डीएम विवेक, एडीएम डीएस उपाध्याय, खनन निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, विजय मौर्य के साथ ही बरईपुर निवासी ठीकेदार फूलबदन निषाद व शाहजहांपुर निवासी शारदा यादव समेत आठ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।

तत्कालीन डीएम व एडीएम के विरुद्ध खनन के पट्टे का नवीनीकरण करने में अनदेखी व खनन, निरीक्षकों व अन्य कर्मचारियों ने एमएम-11 फार्म गलत तरीके से जारी करने का आरोप है। खनन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर आरोप है कि उसने वर्ष 2009 में फूलबदन निषाद के नाम से छोटी गंडक नदी के सबबट से अहिरौली तक, कोटवा से रतनपुरा तक तीन वर्ष के लिए गलत तरीके से बालू खनन का पट्टा जारी किया था। इसी तरह से शारदा यादव के नाम से हेतिमपुर में बालू खनन का पट्टा आवंटित गया था। पट्टे की अवधि बीत जाने के डेढ़ साल तक बालू खनन कर ठीकेदार ने अधिकारियों की मिली भगत से करोड़ों रुपये राजस्व की चोरी की। नियमों की अनदेखी कर अफसरों ने पट्टों का नवीनीकरण कर दिया। मूल पत्रावलियां सीबीआइ के कब्जे में है, जिसमें कई बिंदुओं का जवाब टीम तलाश रही है।

दैनिक जागरण दि0-23/03/23

# नाबालिग के अपहरण का मुकदमा

**जासं, बरहज :** नगर के एक मुहल्ले की युवती का अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। तहरीर में आरोप है कि नाबालिग पुत्री को कस्बा का युवक रितेश साहनी पुत्र छोटे लाल अपहरण कर ले गया।

**लड़की के अपहरण का मुकदमा : बनकटा :** 10 जनवरी को अपहृत लड़की के मामले में खामपार पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पिता का आरोप है कि कल्याण सिंह नामक युवक अपहृत किया है।

अमर उजाला दि0-23/03/23

# पांच पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**देवरिया।** शांति व्यवस्था के मद्देनजर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के पांच लोगों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। उन्हें छह माह के लिए जिला बदल कर दिया गया है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट (भू-राजस्व) व मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय के न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर पांच लोगों को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। वहीं थानाध्यक्ष को आदेश तामील कराने का आदेश दिया गया है। न्यायालय ने कहा कि इन लोगों से क्षेत्र में अशांति फैल सकती है।

बघौचघाट थाना क्षेत्र के बसडीला मैनुद्दीन निवासी मजीद पुत्र छांगुर को 16 वर्ष की लड़की के साथ दुष्कर्म करने, धमकाने आदि अपराध करने पर छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। संवाद

अमर उजाला 23/03/23

# 97 रेल टिकट के साथ दुकानदार गिरफ्तार, केस दर्ज

**देवरिया/भटनी।** सीआईबी गोरखपुर व आरपीएफ ने बुधवार को शहर के उमा नगर स्थित एके डिजिटल नेट प्वाइंट पर छापा मारकर 97 ई-टिकट के साथ दुकानदार को गिरफ्तार किया।

टिकट की कीमत 183123 रुपये बताई जा रही है। टीम ने आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर दुकान से मिले उपकरण जब्त कर लिया है। सीआईबी की ओर से अवैध ई-टिकट के काले कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार की शाम उमानगर देवरिया खास स्थित एके डिजिटल नेट प्वाइंट टीम ने छापा मारा और दुकान संचालक प्रकाश कुशवाहा निवासी उमानगर बरई टोला को गिरफ्तार किया। वह आईआरसीटीसी के व्यक्तिगत यूजर आईडी पर ई-टिकट बनाकर अवैध कारोबार करता है।

टीम ने उसके पास से 97 ई-टिकट, जिसकी कीमत 183123 रुपये है। ई-टिकट निकालने में प्रयुक्त एक कंप्यूटर, प्रिंटर, मानीटर, की बोर्ड, माउस व मोबाइल फोन जब्त किया गया। टीम में सीआईबी प्रभारी गोरखपुर देवेंद्र प्रताप, उप निरीक्षक धीरेंद्र प्रताप, सुनील यादव, महाराणा प्रताप आदि मौजूद रहे। संवाद

गए। एसओ गोरखनाथ सरोज ने युवक की दबकर मौत हुई है। नजर से देखता है। बाहर निकलने पर

अमर उजाला 23.03.23

# पं.चंपारण की मुन्नी ने जिरासो पहुंच अंगेश को बताया भाई

## सर्पदंश के बाद मरा समझकर नदी में बहाए गए युवक का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

भागलपुर। एक महीना पहले जिरासो के टोला मुरासो पहुंचे अंगेश के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। भटनी के पिपरा देवराज के बाद पं. चंपारण की आई मुन्नी देवी ने अंगेश को अपना भाई गोपाल तिवारी होने का दावा किया है।

नए दावे से गांव के लोग हैरान हैं। महिला से पहचान मांगा तो अपने गांव के लोगों को लेकर आने की बात कहकर लौट गई। वहीं अंगेश ने भाई बताने वाली महिला को पहचानने से इंकार किया है।

बिहार प्रांत के पंश्चिमी चंपारण जिले के बथुहड़िया थाना जानी टोला गांव निवासी मुन्नी देवी पत्नी पप्पू चौबे बुधवार को जिरासो गांव पहुंची। सर्पदंश के बाद नदी में बहाए जाने के 15 साल बाद मुरासो लौटे युवक अंगेश को अपना भाई गोपाल तिवारी बताने लगी। यह सुनकर गांव के लोग हैरान हो गए। गांव वालों ने महिला से सबूत मांगा तो बताया कि दाहिने पैर की चौथी उंगली छोटी है, जंघे पर जले का निशान है। उसने बताया कि मेरा मायका बिहार प्रांत के ग्राम मड़िहारी थाना वाल्मीकि नगर, जिला पश्चिमी चंपारण है।

मेरे पिता का नाम स्व. सदानंद तिवारी है, मेरे माता पिता इस दुनिया में नहीं हैं। दोनों लोगों की करीब दस साल पहले मृत्यु हो चुकी है। हम दो बहन और तीन भाई हैं, जिसमें यह सबसे छोटा है। माता पिता के मरने के बाद मैं इसे अपने ससुराल पालन पोषण के लिए लाई, तीन साल पहले गोपाल घर से गायब हो गया।

सोशल मीडिया पर वीडियो देखकर हमने गोपाल को पहचाना और जिरासो गांव उसे ढूंढते हुए हैं। लेकिन गोपाल हम लोगों को पहचानने से इंकार कर रहा है। अब लौट रहे हैं और मायके के लोगों को लेकर फिर आएंगे।

### क्षेत्राधिकारी बोले-कोई तैयार होगा तो कराया जाएगा डीएनए टेस्ट

मईल थाना क्षेत्र के मुरासों गांव में 26 फरवरी को एक युवक रामसुमेर यादव के घर पहुंचा और अपने आप को उनका बेटा बताया। परिजन बहुत खुश हुए और उसको हाथों हाथ ले लिया। पिता रामसुमेर ने बताया कि 15 साल पूर्व उनके दस वर्षीय बेटे अंगेश की मौत सर्पदंश से हो गई। झाड़फूंक कराई, लेकिन कोई फायदा नहीं होने पर मान्यता के अनुसार केले के तने के साथ नदी में प्रवाहित कर दिया।

वहीं अंगेश ने बताया कि वह पटना के पास एक गांव में बंजारों के साथ था। बरहज के सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि युवक के बारे में अभी जांच आगे नहीं बढ़ी है। पं.चंपारण की महिला ने अपना भाई होने का दावा किया है। इसकी जांच की जाएगी। कोई तैयार होगा तो इसके लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 23-03-2023

# पटहेरवा पुलिस ने बैंकों में की सघन जांच

पटहेरवा। आये दिन हो रही बैंक के ग्राहकों के साथ टप्पेबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये पटहेरवा पुलिस ने बुधवार के दिन क्षेत्र के बैंकों में सघन जांच अभियान चलाया। पटहेरवा क्षेत्र में स्थित सेंट्रल बैंक पिपरा कनक, यूपी बड़ौदा बैंक व पंजाब नेशनल बैंक पटहेरवा में पुलिस ने एसआई शशांक राय, कां. जयहिंद यादव व पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के बैंकों में सघन जांच किया।

# गरीब बंदियों को मिलेगी वकील की सुविधा : जिला जज

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** जिला जज अशोक कुमार सिंह, डीएम रमेश रंजन व एसपी धवल जायसवाल ने बुधवार को देवरिया स्थित जिला जेल का निरीक्षण किया। अफसरों ने जेल के समस्त बैरकों को खंगाला। बंदियों के एक-एक सामान की जांच की गई। हालांकि जांच के दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। अधिकारियों ने जेल अधीक्षक भोलानाथ मिश्र को जेल की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। जिला जज ने कहा कि गरीब बंदियों को सरकारी खर्चे पर वकील की सुविधा प्रदान की जाएगी।

जिला जज सहित अधिकारियों ने भोजनालय पहुंच व्यवस्था देखी। बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता के बारे में जेल अधीक्षक से जानकारी ली। इसके बाद परिसर में



देवरिया जेल का निरीक्षण कर बाहर निकलते दाएं से जिला जज अशोक कुमार सिंह, डीएम रमेश रंजन, एसपी धवल जायसवाल● जागरण

स्थित चिकित्सालय में पहुंचे, जहां डाक्टरों से बंदियों के उपचार के बारे में जानकारी ली। जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जिस बंदी की तबीयत खराब हो, उसका तत्काल उपचार कराया जाए। जो गंभीर रुप से बीमार हों उन्हें जिला चिकित्सालय या मेडिकल कालेज भेजा जाए। बंदियों से मिलकर अधिकारियों ने उनकी समस्या पूछी। कई बंदियों ने जिला जज को जमानत से जुड़ा प्रार्थना-पत्र सौंपा। इस पर डीएम ने कहा कि इस तरह के अन्य बंदी भी जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना-पत्र भिजवा सकते हैं। सभी को यह सुविधा दी जाएगी। एसपी ने बताया कि कुशीनगर के 1090 बंदी जिला जेल में निरुद्ध हैं।

# पुलिस मुस्तैदी से पूरी करें अपनी जिम्मेदारी

कसानगंज। नवागत थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने अपने तंत्र को दुरुस्त रखने के क्रम में चौकीदारों की बैठक बुलाई। उन्होंने चौकीदारों को विभाग द्वारा ग्राम पुलिस पदनाम दिए जाने की चर्चा करते हुए बताया कि आप हमारे आंख, नाक, कान होते हैं, जिसके भरोसे पुलिस अपराध और अपराधी पर लगाम लगाने में कामयाब होती है।

चौकीदारों से उन्होंने अपील की कि अपने अपने गांव में घटित होने वाली अपराधिक घटनाओं और संदेहात्मक लोगों पर पैनी निगाह रखें। इस अवसर पर उप निरीक्षक विनय कुमार सिंह, राकेश रोशन सिंह व संदीप वर्मा के अलावा हेड कांस्टेबल धीरज कुमार, राधेश्याम, इंद्रेश कुमार आदि रहे।

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-03-2023

# जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने चौत्र नवरात्रि पर्व के ष्टिगत जनपद के विभिन्न मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं के लिए जरूरी इंतजामों का निरीक्षण किया

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज।। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने चौत्र नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं के लिए जरूरी इंतजामों का निरीक्षण किया।दोनों वरिष्ठ अधिकारी सबसे पहले लेहड़ा मंदिर पहुंचे। यहाँ दोनों लोगों ने देवी दुर्गा का पूजन अर्चन किया। जिलाधिकारी महोदय ने मंदिर के पुजारी पं. देवीदत्त पांडेय से मंदिर की व्यवस्था के संदर्भ में जानकारी ली। उन्होंने



उपजिलाधिकारी फरेंदा को मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए जरूरी इंतजाम और सुरक्षा व्यवस्था कि संदर्भ में जरूरी निर्देश दिया। इसके बाद दोनों अधिकारी नौतनवां स्थित बनेलिया देवी मंदिर पहुंचे और बनेलिया देवी के दर्शन किये। दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे नवरात्रि के दौरान मंदिरों पर श्रद्धालुओं के लिए जरूरी इंतेजाम को सुनिश्चित करें और पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने के लिए कहा, ताकि किसी प्रकार भगदड़ की स्थिति न पैदा होने पाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी फरेंदा श्री मदन मोहन वर्मा, उपजिलाधिकारी नौतनवां दिनेश कुमार मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# लाले हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार, जेल

पुरंदरपुर। पुरंदरपुर क्षेत्र के सूरपार टोला गोबरिया में बीते 15 फरवरी को हुई लाले हत्याकांड में पुलिस ने एक और आरोपी को दबोच लिया। महाराष्ट्र से पकड़े गए इस आरोपी को पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया।

मृतक लाले सहानी का विवाद अपने बच्चों से चल रहा था। लाले अपनी बेटी-दामाद और अपनी पहली बहू के लड़के संदीप के साथ रहता था। वह अपनी बेटी मीरा पत्नी छट्टू सहानी के घर सूरपार का टोला गोबरिया के घर रह रहा था। बाजारडीह में सड़क चौड़ीकरण के तहत उसको 16 लाख का मुआवजा मिला था, जिसको लेकर उसके पोतों ने 15 फरवरी को शूटरों की मदद से उसकी हत्या करा दी थी। हत्या में शामिल आरोपी पोतों को पुलिस ने गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया

# ठूठीबारी में दवा की दुकानों पर छापेमारी

**हड़कंप**

ठूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद। ठूठीबारी कस्बे में नायब तहसीलदार निचलौल, ड्रग इंस्पेक्टर व एसएसबी टीम की संयुक्त टीम ने बुधवार को दवा की दुकानों पर छापेमारी की। अचानक हुई कार्यवाही से पूरे कस्बे में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। संयुक्त टीम ने इस दौरान सात दुकानों की सघन चेकिंग कर कार्रवाई की है।

टीम के अधिकारी प्रतिबंधित दवा के कारोबार में शामिल कुछ व्यापारियों से पूछताछ की।

नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल ने बताया कि डीएम के आदेश पर ड्रग इंस्पेक्टर शिव कुमार नायक के साथ संयुक्त टीम द्वारा ठूठीबारी के सात दवा की दुकानों पर छापेमारी की गई है। ड्रग इंस्पेक्टर शिव कुमार नायक ने बताया कि छापेमारी के दौरान एक दुकानदार पर एफआईआर दर्ज कर दुकान को सील कर दिया गया है और एक अन्य दुकान पर छापेमारी के दौरान दुकानदार बंद कर फरार है। इस पर विभाग द्वारा दुकान पर ताला लगाया गया है। चार अन्य दुकानों पर नोटिस चस्पा कर दवा के क्रय विक्रय पर रोक लगा दिया गया है। इस मौके पर कोतवाल जेपी सिंह, एसएसबी बीओपी इंचार्ज इंस्पेक्टर जय प्रकाश, एसएसआई अरुण दुबे, एसआई अजय कुमार आदि मौजूद रहे।



ठूठीबारी में बुधवार को दवा की दुकानों पर छापेमारी की गई।

नवरात्र के पहले दिन फरेंदा क्षेत्र के लेहड़ा दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं की लाइन लग गई

# मां शैलपुत्री की पूजा के लिए मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**आस्था**

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। चैत्र नवरात्र के पहले दिन शनिवार से शक्ति स्वरूपा मां जगदम्बा की आराधना शुरु हो गई। हर घर में मां दुर्गा की प्रथम स्वरुप मां शैलपुत्री का पूजन-अर्चन व वंदन किया गया। इस दौरान, या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै... नमस्तस्यै... नमस्तस्यै... नमो नमः दुर्गा सप्तशती के मंत्र से घर-आंगन और मंदिर गूंज उठा।

नवरात्र के पहले दिन की पहली किरण धरती पर स्पर्श करते ही भक्त स्नान करने के बाद पूजा-पाठ की तैयारी में जुट गए। इस दौरान विधिविधान पूजन-अर्चन कर मां दुर्गा के स्वरूप मां शैलपुत्री का आह्वान किया। इस दौरान धूप अगरबत्ती की सुगन्ध माहौल को खुशनुमा बना दिया। कहीं दुर्गा सप्तशती पाठ के स्वर सुनाई दी। तो कई जगहों पर गुनगान की गूंज रही। हर भक्त माथे पर तिलक लगाए भक्ति में लीन दिखा। महिलाएं हाथों में पूजा की थाल और उनमें रखे नवेद्य की सामग्री लिए शक्तिपीठों की ओर बढ़ती जा रही थी। उनके साथ उनके बच्चों में भी असीम श्रद्धा दिखी। युवा, बुजुर्ग के पांव भक्ति के भाव में शक्तिपीठों की ओर बढ़े जा रहे थे। हाथों में चुनरी व नारियल लिए भक्तों में विश्वास की झलक दिखी। शक्तिपीठों पर गूंजा जय माता दी। महराजगंज नगर में स्थित दुर्गा मंदिर पर सुबह से भक्तों का तांता लगा हुआ है। हाथ में सिंदूर, नारियल, चुनरी और फूल-माला लिए कतार में खड़े श्रद्धालु जय मां शैलपुत्री के जयकारे लगाते हुए बारी-बारी से उनके दर्शन कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। महिलाएं, युवतियां और बच्चें, युवा, बुजुर्ग मां की चौखट पर माथा टेकते देखे गए। इसी प्रकार पकड़ी रेंज जंगल स्थित बोकड़ा माई मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू शुरू। सोनाड़ी देवी मंदिर पर श्रद्धा देखते ही बनती थी। इसी प्रकार बनैलिया देवी मंदिर पर भी मां के चौखट पर माथा टेककर मन्नतें मांगी। लक्ष्मीपुर देउरवा वाली दुर्गा मंदिर पर भी सुबह से ही दर्शन के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करते भक्त दिखे। पनियरा, हरपुर तिवारी, परतावल, श्यामदेउरवा, सिसवा, निचलौल, चिउटहा, सिन्दुरिया, मिठौरा, निचलौल, ठूठीबारी, सोनौली, बरगदवा, धानी, कोल्हुई, पुरन्दरपुर, भगवानपुर, बृजमनगंज, पुरैना संवाद के अनुसार उनके क्षेत्र में चैत्र नवरात्र की धूम मची है। नवरात्र के पहले दिन भक्त शक्तिपीठों पर पहुंचकर मां शैलपुत्री की आराधना की।

मां लेहड़ा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह: बृजमनगंज। फरेन्दा जाने वाली हर सड़क पर भक्तों की भीड़। श्रद्धालुओं के मन में भक्ति का भाव। यह नजारा चैत्र नवरात्र के पहले दिन दिखी। जब लेहड़ा देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ी। मंदिर पर पहुंचे महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। मां का दर्शन कर मन्नतें मांगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस बल तैनात हैं। ऐसे में पहले दिन श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में कोई दिक्कत नहीं हुई। बताया कि पहले दिन गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर, महराजगंज, नेपाल तक के श्रद्धालुओं के आने का जो क्रम शुरू हुआ। जो पूरा दिन चलता रहा। हाथ में फूल का माला, मन में मां के प्रति असीम श्रद्धा, उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी।



चैत्र नवरात्र के पहले दिन बुधवार को फरेंदा क्षेत्र के लेहड़ा मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।



लेहड़ा मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लगी लम्बी लाइन। • हिन्दुस्तान



नौतनवा के माता बनैलिया मंदिर में पूजा-अर्चना करते डीएम सत्येंद्र कुमार, एसपी, एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा। • हिन्दुस्तान

## डीएम और एसपी ने भी पूजा-अर्चना की

चैत्र नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत डीएम सत्येन्द्र कुमार, एसपी डॉ. कौस्तुभ ने जनपद के विभिन्न मंदिरों में पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं के लिए जरूरी इंतजामों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारी सबसे पहले लेहड़ा मंदिर पहुंचे। इस दौरान डीएम ने पुजारी पं. देवीदत्त पांडेय से मंदिर की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। दोनों अधिकारी नौतनवा स्थित बनैलिया देवी मंदिर पहुंच कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा, एसडीएम फरेंदा मदन मोहन वर्मा, एसडीएम नौतनवा दिनेश कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# लाले की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, आनंदनगर:** पुरंदरपुर पुलिस ने बुधवार को लाले साहनी हत्याकांड के आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। उसकी निशानदेही पर सुरपार जंगल से देसी तमंचा 312 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। संपत्ति विवाद को लेकर बीते 15 फरवरी की शाम फरेंदा थाना क्षेत्र के बाजारडीह निवासी लाले साहनी की पुरंदरपुर क्षेत्र के सूरपार में बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। मृतक लाले साहनी के पोते दीपक और प्रदीप ने बदमाशों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। मृतक की बेटी मीरा देवी की तहरीर पर मुकामी पुलिस विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तों की तलाश कर रही थी।

# बसडीला कांड में 11 और पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

## पुलिस की लापरवाही से हुई थी दूसरे घायल की मृत्यु

**जासं, महराजगंज**: बीते रविवार को कोठीभार के बसडीला गांव में मारपीट में हुई दो लोगों की मृत्यु के मामले में थानाध्यक्ष समेत पांच पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के बाद पुलिस अधीक्षक ने 11 और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की है। जांच के बाद हुई दोबारा कार्रवाई में एक दारोगा समेत 11 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करते हुए जांच के निर्देश दिए गए हैं।

कार्रवाई की जद में आने वालों में थाने पर तैनात दारोगा अरुण कुमार चौधरी के अलावा मुख्य आरक्षी अजय कुमार पाठक, विश्वकर्मा गिरी, जय प्रकाश यादव, आरक्षियों में पंकज यादव, अरविंद कुमार, संदीप यादव, पप्पू कुमार, यशवंत मौर्य, अरविंद प्रसाद और कवि कुमार शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि पुलिस कर्मियों की लापरवाही मिलने पर यह कार्रवाई की गई है।

**परतावल चौकी प्रभारी बने सोहगीबरवां के थानेदार** : पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने मंगलवार की देर रात कार्रवाई करते हुए श्यामदेउरवा थाने के परतावल चौकी प्रभारी प्रिंस कुमार को सोहगीबरवा का थानेदार बनाया है। वहीं पूर्व में थानाध्यक्ष रहे देवेंद्र लाल को आइजीआरएस सेल का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि जनहित को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है।

**गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन गिरफ्तार**: कोठीभार : रविवार को बसडीला गांव में हुए विवाद के बाद दो लोगों की मृत्यु के मामले में पुलिस ने बुधवार को एक पक्ष के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे पक्ष के आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

रविवार को बसडीला गांव में हुए विवाद में बसडीला निवासी शिवशरण को गंभीर चोटें आई थी, उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु के बाद आक्रोशित स्वजन ने विपक्षियों पर हमला कर उनके एक रिश्तेदार केशव को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिससे उनकी भी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस मामले में कोठीभार पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने बुधवार को राजमोहन, नौरंग और चंद्रशेखर उर्फ दिपू निवासी बसडीला को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

### कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ केशव का अंतिम संस्कार

**जासं, कोठीभार**: बीते रविवार को हुए खूनी संघर्ष में बसडीला के शिवशरण व मधवलिया के केशव की मृत्यु हो गई। मंगलवार को शिवशरण का अंतिम संस्कार पुलिस की मौजूदगी में किया गया था। दूसरे मृतक केशव का अंतिम संस्कार उनके बेटे निलेश के इंतजार में नही हो पाया था। घटना की जानकारी मिलते ही वह खाड़ी देश मस्कट से लखनऊ विमान से आए। वहां से बुधवार की भोर घर मधवलिया पहुंचे। घर पहुंच दस बजे पिता के शव को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के समय पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य कोठीभार पुलिस, निचलौल पुलिस व घुघुली पुलिस मौजूद रही।

# अगले माह सोनौली आ सकते हैं गृहमंत्री शाह

- डीएम व एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण
- सात अप्रैल को संभावित कार्यक्रम को लेकर व्यवस्था में जुटे अधिकारी

**जागरण संवाददाता, नौतनवा** : भारत-नेपाल सीमा से सटे केवटलिया गांव में निर्माणाधीन इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का शिलान्यास सात अप्रैल को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर सकते हैं। कार्यक्रम की तैयारियों की रूपरेखा व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बुधवार को डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डा. कौस्तुभ ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सोनौली कस्बा के पश्चिमी छोर पर शेष फरेंदा गांव के केवटलिया टोला में 50 एकड़ भूमि में करीब 700 करोड़ की लागत से चेक पोस्ट का निर्माण चल रहा है। यहां कस्टम, आब्रजन, एसएसबी, पुलिस, आइबी सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां के कार्यालय स्थापित होंगे। डीएम ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री व मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है। जिला प्रशासन व्यवस्था दुरुस्त कराने में जुटा है। आइसीपी ( इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट ) परिसर में ही तीन हेलीपैड व मंच लिए भूमि चिह्नित की जाएगी। कार्यक्रम के बाद केंद्रीय गृहमंत्री व मुख्यामंत्री जनसभा को भी संबोधित कर सकते हैं। वाहन पार्किंग, सड़क मार्ग को व्यवस्थित, बेरिकेडिंग, वीआइपी व लोगों के बैठने की व्यवस्था के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसपी ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा से सटे भारतीय क्षेत्र में कार्यक्रम होगा। सुरक्षा के मद्देनजर सीमा पर कड़े इंतजाम किए गए हैं। खुली सीमा होने के कारण दो किलोमीटर क्षेत्र में बैरिकेडिंग की जाएगी। पुलिस व एसएसबी की संयुक्त तैनाती रहेगी। इसके साथ ही नेपाल पुलिस से भी सहयोग लिया जाएगा। इस दौरान एडीएम डा.पंकज वर्मा, एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र, एसएसबी 66 वीं वाहिनी कमांडेंट वरुण कुमार, तहसीलदार अरविंद कुमार मौजूद रहे।



नेपाल सीमा से सटे केवटलिया गांव में निर्माणधीन इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का निरीक्षण करते डीएम सत्येंद्र कुमार ( बाएं से तीसरे ) ● जागरण

### नेपाल सीमा पर बन रहा इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट, प्रशासन ने देखी तैयारी

# आईसीपी का शिलान्यास करने आ सकते हैं गृहमंत्री

नौतनवा/खनुआ, हिटी। भारत-नेपाल सीमा पर बन रहे इंट्रीग्रेटेड चेक पोस्ट के शिलान्यास को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसका आगामी 7 अप्रैल को शिलान्यास कर सकते हैं। गृह मंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। बुधवार को डीएम, एसपी ने मौके का जायजा लिया। चेक पोस्ट बन जाने से दोनों देशों में आवागमन एवं मालवाहकों को काफी सहूलियत होगी।



भारत-नेपाल सीमा पर सोनौली में बन रहे इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का बुधवार को डीएम, एसपी व एडीएम ने निरीक्षण किया। ● हिन्दुस्तान

इसका शिलान्यास आगामी 7 अप्रैल को गृह मंत्री अमित शाह के हाथों होने की संभावना है। इसी दिन गृह मंत्री बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट के तहत बन रही सड़कों का उद्घाटन भी कर सकते हैं। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीमा के सभी पुलिस थानों को चाक-चौबंद व्यवस्था करने के निर्देश दिए। डीएम सत्येंद्र कुमार ने 31 मार्च तक सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। इस संबंध में एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि आगामी 7 अप्रैल को आईसीपी का शिलान्यास संभावित है। तैयारी जोरों पर है।

# फर्जी कंपनी संचालित कर 60 लाख की धोखाधड़ी

संवाद न्यूज एजेंसी

निचलौल। शहर में फर्जी कंपनी का संचालन कर 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इसमें न्यायालय अपर मुख्य मजिस्ट्रेट की दखल पर पुलिस बृहस्पतिवार को फर्जी कंपनी के डायरेक्टर सहित तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

बजही के रहने लाले विद्यानिवास मिश्र ने न्यायालय में दिए शिकायती पत्र

## आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

में बताया है कि वह शहर में तहसील के ठीक सामने स्थित जेएसबी इंफाटेक लिमिटेड कंपनी में एजेंट के पद पर कार्य कर रहे थे। उनके साथ उपेंद्र तिवारी, अवधेश सैनी, अंबरीश पटेल निवासी हरियरपुर थाना सिंदुरिया सहित अन्य तमाम लोग भी कार्य कर रहे थे।

कुछ दिन बीतने के बाद उक्त कंपनी के डायरेक्टर श्यामबहादुर ने ग्रोअप माइक्रो फाइनेंस, केएजेबी प्राइवेट लिमिटेड व फोहित नेचुरल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का भी संचालन शुरु कर दिया। इसके बाद संदेह होने पर उक्त सभी कंपनी की गोपनीय तरीके से जांच-पड़ताल की तो पता चला कि सभी कंपनियों का रजिस्ट्रेशन फर्जी तरीके से कराया गया है।

विरोध करने पर कंपनी के डायरेक्टर ने धमकी देते हुए ऑफिस बंद कर दिया। उसके बाद कंपनी में लोगों का जमा कराए गए 60 लाख रुपये हड़प लिए।

# दो मौत के मामले में 11 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

सिसवा, हिन्दुस्तान संवाद। कोठीभार थाना क्षेत्र के बसडीला व मधवलिया गांव में रविवार को हुए खूनी संघर्ष दो लोगों की मौत के मामले में 11 पुलिसकर्मियों पर फिर से गाज गिरी है। बुधवार को एसपी ने कोठीभार के एक दरोगा सहित 11 आरक्षियों को लाइन हाजिर कर दिया।

गांव में शांति व्यवस्था को कायम रखने के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस व पीएसी के जवान मुस्तैद रहे। बुधवार को प्रातः मृतक केशव का पुत्र ओमान में था। वह बुधवार को भोर में गांव में पहुंचा। पुलिस की मौजूदगी में नीलेश ने पिता को मुखाग्नि दी। एसपी ने एसओ कोठीभार मनोज राय को लाइन हाजिर करते हुए हल्का दरोगा तारकेश्वर वर्मा सहित चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। एसपी ने उपनिरीक्षक अरुण चौधरी, हेड कॉन्स्टेबल अजय पाठक, विश्वकर्मा गिरी, जयप्रकाश यादव, कॉस्टेबल पंकज यादव, अरविंद कुमार, संदीप यादव, पप्पू कुमार, यशवंत मौर्य, अरविंद प्रसाद व कवि कुमार को कोठीभार थाने से लाइन हाजिर कर दिया। यहां बता दें कि बसडीला में रविवार सायं रामाश्रय अपने पुत्र ज्ञान भारत व श्याम बहादुर के साथ खेत से गन्ना काटने के बाद उसे ट्राली पर लाद रहे थे। ट्राली पर गन्ना लोड करने के दौरान शिवसरन मौके पर पहुंच गए। कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। घटना शिवसरन गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्होंने मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया।

**बसडीला कांड के तीन आरोपित गिरफ्तार:** बसडीला व मधवलिया गांव में हुए दो मौतों के मामले में एसओजी व कोठीभार पुलिस की टीम ने बसडीला निवासी तीन आरोपितों राजमोहन, नवरंग व चंद्रशेखर उर्फ दीपू को बुधवार को सिसवा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ अजित प्रताप सिंह, एसओजी प्रभारी निरीक्षक आर के सिंह, उपनिरीक्षक राजकुमार शामिल रहे।

# गिरफ्तारी न होने पर वकीलों ने किया प्रदर्शन

## एसडीएम व तहसीलदार न्यायालय रहा बंद, पुलिस के आश्वासन के बाद वकीलों का रुख नरम

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरेंदा।** अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने जमकर विरोध जताया।

एसडीएम न्यायालय व तहसीलदार न्यायालय बंद रहा। उपनिबंधन कार्यालय में कोई कामकाज नहीं हो सका। अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों पर अड़े रहे। सूचना पाकर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय के आरोपियों के शीघ्र गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं के रुख में नरमी आई।



वकीलों के विरोध प्रदर्शन के दौरान बातचीत करते प्रभारी निरीक्षक। संवाद

रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरोज नरायन मिश्र व मंत्री रविंद्र कुमार पासवान के साथ अष्टभुजा वर्मा, ओमप्रकाश शुक्ला, सनता त्रपिाठी, रत्नेश उपाध्याय सहित कई वकीलों ने नारेबाजी करते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए एसडीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। पुलिस विरोधी नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग कर रहे थे। अध्यक्ष ने बताया कि अधिवक्ता पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी घूम रहे हैं। पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। गिरफ्तारी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी। इस दौरान रामसेवक सिंह, परमात्मा सिंह, उपेंद्र श्रीवास्तव, राघवेंद्र उपाध्याय, वीरेंद्र त्रिपाठी, सतीश दूबे, अखिलेश मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# 11 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर, तीन आरोपी गिरफ्तार

## कोठीभार थाना क्षेत्र के बसडीला में दोहरे हत्याकांड का मामला, आरोपियों की तलाश में संभावित स्थानों पर पुलिस दे रही दबिश



बसडीला गांव में घायल ज्ञानभारत के घर के सामने तैनात पुलिस बल। संवाद



मधवलिया में केशव के अंतिम संस्कार के दौरान तैनात पुलिस। संवाद



केशव के अंतिम संस्कार के दौरान पुल पर बैठ कर चर्चा करते ग्रामीण। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** कोठीभार थाना क्षेत्र के बसडीला गांव में मारपीट के बाद हुई दो मौतों के मामले में लापरवाह 11 पुलिसकर्मियों को लाइनहाजिर किया गया है।

घटना में शामिल तीन आरोपी भी गिरफ्तार कर चालान कर दिए गए। बुधवार को गांव में हालात सामान्य दिखे। पुलिस का पहरा थोड़ा कम हुआ है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास में पुलिस जुटी है।

बसडीला में रविवार को हुई मारपीट के मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में उप निरीक्षक अरुण कुमार चौधरी, मुख्य आरक्षी अजय कुमार पाठक, विश्वकर्मा गिरि, जय प्रकाश यादव, सिपाही पंकज यादव, अरविंद कुमार, संदीप यादव, पप्पू कुमार, यशवंत मौर्या, अरविन्द प्रसाद, कवि कुमार को लाइनहाजिर कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। घटना छोटी हो या बड़ी त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश हैं। जांच-पड़ताल की जा रही है। उधर, प्रभारी निरीक्षक कोठीभार अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि हत्या की घटना में शामिल तीन आरोपियों मोहन, नवरंग व चंद्रशेखर उर्फ दीपू को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। बसडीला गांव में घायल ज्ञानभारत के घर पुलिस तैनात रही।

उधर, ज्ञानभारत के फूफा केशव के गांव मधवलिया में लोगों की भीड़ लगी रही। मधवलिया गांव में घटना को लेकर लोग चर्चा कर रहे थे। पुलिस की कड़ी निगरानी में केशव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### दोनों पक्षों के घरों पर पुलिस की रही नजर

**सिसवा बाजार।** बसडीला गांव में सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्कता बरत रही है। बुधवार को दोनों पक्षों के घरों के पास पुलिस तैनात रही। क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य, कोठीभार थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, घुघली थानाध्यक्ष नीरज राय, निचलौल थानाध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता ने गांव की स्थिति का जायजा लिया और मौके पर तैनात सिपाहियों को आवश्यक निर्देश दिए। बुधवार को भी लोग अपने घरों में रहे। बहुत जरूरी कार्य के लिए ही बाहर निकले। संवाद

### सऊदी में ढांढस बंधाने वाला कोई नहीं था

**सिसवा बाजार।** बसडीला गांव में मधवलिया निवासी केशव की हत्या की जानकारी सऊदी में उनके पुत्र निलेश को हुई तो वह बदहवास हो गए। बुधवार सुबह घर पहुंचकर उन्होंने पिता का अंतिम संस्कार किया। नीलेश ने बताया कि व प्लंबर का कार्य करते हैं। सोमवार को ड्यूटी पर थे, तभी मोबाइल पर जानकारी मिली कि पिता की हत्या हो गई है। वहां कोई सांत्वना देने वाला नहीं था। तत्काल टिकट के लिए पांच हजार रुपये अधिक खर्च करने पड़े। बुधवार भोर में 3:30 बजे गोरखपुर पहुंचा। वहां से रिश्तेदार वाहन लेकर हवाई अड्डे के बाहर खड़े थे। संवाद

# नेपाल प्रशासन से समन्वय बनाकर निर्माण में लाएं तेजी

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर बनने वाले इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट के देश के गृह मंत्री अमित शाह की ओर से शिलान्यास के संभावित कार्यक्रम को देखते हुए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने स्थल का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने चल रहे चहारदीवारी के कार्यों में तेजी लाने के लिए नेपाल प्रशासन से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा को शिलान्यास कार्यक्रम के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश देने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था के बारे में स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी नौतनवां दिनेश कुमार मिश्रा, तहसीलदार अरविंद कुमार समेत पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**नवरात्र के दौरान मंदिरों में तैनात करें पर्याप्त सुरक्षाबल :** नवरात्र पर्व को ध्यान में रखते हुए फरेंदा क्षेत्र के लेहड़ा देवी मंदिर व नौतनवां क्षेत्र के बनैलिया देवी मंदिर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएं। इसके लिए मंदिर परिसर में पर्याप्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाए।

ये बातें जिलाधिकारी ने मंदिरों में व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कहीं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस कर्मी यह सुनिश्चित करें कि मंदिर परिसर में कहीं से भी भगदड़ आदि की स्थिति उत्पन्न न हो।



इंट्रीग्रेटेड चेकपोस्ट के लोकार्पण की तैयारी को लेकर निरीक्षण करते डीएम सत्येंद्र कुमार और एसपी डॉ. कौस्तुभ। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-03-2023

# वांछित चल रहा अपराधी गिरफ्तार

**हर्रैया(एसएनबी)।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार को गैंगेस्टर के मामले में काफी दिनों से वांछित चल रहे अपराधी को बस्ती पानी टंकी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि मनोज यादव पुत्र जगन्नाथ यादव निवासी नगवा थाना गीडा जनपद गोरखपुर के विरूद्ध छावनी पुलिस द्वारा गैंगेस्टर की कार्रवाई की गयी थी। काफी दिनों से वह फरार चल रहा था। मामले की विवेचना वे स्वयं कर रहे थे। बुधवार को 1:30 बजे मुखविर की सूचना पर पानी टंकी बस्ती के पास से उन्होने अपने हमराही हेडकांसटेबल रामेश्वर पाण्डेय एवं कांसटेबल विश्वजीत विश्वकर्मा के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया।

# अश्लील बातें करने पर मुकदमा

बस्ती। हर्रैया पुलिस ने महिला के साथ अश्लील व आपत्तिजनक बात करने के मामले में मुकदमा कायम किया है। पीड़िता ने तहरीर देकर बताया है कि आरोपी रमेश कुमार गांव में स्थित उनकी दुकान पर सामान लेने मंगलवार की शाम आया। इस दौरान उनके साथ अश्लील व आपत्तिजनक बातें की। पुलिस ने मुकदमा कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# शादी करने की नीयत से भगा ले गया

बस्ती। गौर पुलिस ने किशोरी को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के मामले में केस दर्ज किया है। सोलह वर्षीय पीड़िता के पिता ने तहरीर देकर बताया है कि इसी थाना क्षेत्र का रहने वाला आरोपी अरविन्द कुमार पंद्रह मार्च को उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

# पुरानी रंजिश को लेकर पीटा

बस्ती। पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में नगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। बक्सर निवासी सुनीता देवी पत्नी मनोज कुमार का आरोप है कि मंगलवार को उनका बेटा घर की तरफ जा रहा था। रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी रिन्टू व मोहित ने मारपीट कर जानमाल की धमकी दी।

# कब्जेदारी को लेकर मारपीट, 20 नामजद

बस्ती। लालगंज थाने के एक गांव में कब्जेदारी को लेकर मारपीट हो गई। एक पक्ष की महिला का आरोप है कि विपक्षी मुकेश समेत आठ लोगों ने जमीनी की कब्जेदारी के विवाद को लेकर एक राय होकर मारपीट कर अपशब्द कहा और धमकाया। घर का सामान भी तोड़ दिया। चोट लगने से वह बेहोश हो गई। वहीं दूसरे पक्ष की महिला का आरोप है कि कब्जेदारी को लेकर विपक्षियों ने मारापीटा और उनके साथ अश्लील हरकत की। पुलिस ने राजाराम समेत 12 के खिलाफ छेडखानी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# गैंगस्टर एक्ट का वांछित गिरफ्तार

हर्रैया। थाना छावनी में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल मनोज यादव निवासी नगवा थाना गीडा जनपद गोरखपुर को हर्रैया पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना पर बुधवार को दोपहर बस्ती शहर स्थित कटरा पानी की टंकी के निकट एक मिठाई की दुकान से किया।

# जमीन पर कब्जे की शिकायत

बस्ती। हर्रैया तहसील क्षेत्र के दुबौलिया निवासी शत्रुघ्न प्रसाद ने डीएम, एसपी, एसडीएम हर्रैया व अन्य अधिकारियों को पत्र देकर जमीन पर कब्जेदारी के मामले में मदद की गुहार लगाई है। उनका आरोप है कि गांव के कुछ लोग उनकी भूमिधरी जमीन पर कब्जा कर लेना चाहते हैं।

# विवेचना ट्रांसफर करने की मांग

बस्ती। मुंडेरवा थाने में संगीन धाराओं में दर्ज केस की विवेचना ट्रांसफर करने की मांग वादी केस ने एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी से की है।

मुंडेरवा के किठिउरी निवासी आनन्द अग्रहरि ने प्रार्थना पत्र में बताया है कि गत एक मार्च को उनके पिता के ऊपर जानलेवा हमला हुआ था। उन्हें बंधक बनाया गया था। बेसुध होने पर नगदी व सोने की अंगूठी व चेन छीन ली गई थी। पुलिस ने लूट, हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। आरोप है कि विवेचना में निकाल दिया गया। उनके पास इससे संबंधित साक्ष्य है।

# दुबई भागे आरोपी के घर की पुलिस ने की कुर्की

## कार्रवाई

- 23 दिसंबर 2022 को हुई मारपीट के मामले में हुई कार्रवाई
- घटना के बाद आरोपी चकमा देकर दुबई भाग गया

बस्ती। नगर पुलिस ने मारपीट में घायल नगर थानाक्षेत्र के कटरुआवीर सिह (दमोदरपुर) गांव के किसान की मौत के मामले में फरार आरोपी गंगाराम के घर की बुधवार को कुर्की की गई। पुलिस ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर कारवाई की।

आरोपी गंगाराम के घर से करीब एक लाख रुपये कीमत की अचल संपत्ति कुर्क की गई। बताया जा रहा है फरार होकर दुबई पहुंच चुका है। थानेदार नगर जनार्दन प्रसाद ने बताया कि 24 दिसंबर 2022 को उसी गांव के धर्म कुमार यादव की तहरीर पर केस दर्ज किया गया था।

तहरीर में बताया गया कि 23 दिसंबर 2022 को पट्टे की जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर उसके चाचा शेषनाथ, गंगाराम, राम बेलास, प्रदुम्न गोलबंद होकर लाठी डंडे से उनके पिता प्रहलाद यादव को जमकर पीटा। जिन्हें गंभीर हालत चोट आने से इलाज के दौरान मौत हो गई।

घटना में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया था। लेकिन गंगाराम फरार हो गया था। बताया जा रहा है कि वह पहले से ही दुबई रहता था।

घटना से कुछ महीने पहले ही वह घर आया हुआ था। घटना के बाद वह चकमा देकर विदेश भाग गया।

# जांच लंबित होने पर आईजी नाराज

**सख्ती**

- आईजी रेंज कार्यालय पर कलवारी सर्किल का किया अर्दली रूम
- सीओ व थानेदार सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए

**बस्ती, निज संवाददाता।** आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने बुधवार को परिक्षेत्रीय कार्यालय पर कलवारी सर्किल का अर्दली रूम किया। सीओ कलवारी विनय चौहान के साथ, कलवारी, कप्तानगंज, नगर और दुबौलिया के थाना प्रभारियों व कर्मचारी मौजूद रहे।

आईजी ने लंबित विवेचना, प्रारंभिक जांच, जांच, जेड रजिस्टर आदि का गहनता से समीक्षा की। सीओ व थानेदार सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। सीओ को जीडी देखने का निर्देश दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट की जांच लंबित होने पर नाराजगी जताई।क्षेत्राधिकारी कार्यालय में नियुक्त कर्मचारी सीसीटीएनएस के बारे में पूछने पर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। आईजीआरएस की स्थिति काफी खराब मिली। लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए संबंधित विवेचको को शीघ्र से शीघ्र विवेचना निस्तारण करने की हिदायत दी। चार्जशीट या फाइनल रिपोर्ट सीओ कार्यालय से ही एक कर्मचारी द्वारा न्यायालय में दाखिल करने का निर्देश दिया। कहा कि भूमि विवाद के मामलों में पुलिस सीधे किसी भी दशा में हस्तक्षेप न करें। पब्लिक अप्रूवल सिस्टम में रेटिंग खराब होने पर सभी प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष को रेटिंग ठीक करने का निर्देश दिया ' पासपोर्ट जांच में भी स्थिति संतोषजनक न मिलने पर नाराजगी जताई।

# आरोपित की चल संपत्ति कुर्क

## नगर थाने के कटरुआवीर सिंह गांव का मामला,आरोपित फरार

**जासं,गोटवा, बस्ती:** बलवा, मारपीट के दौरान नगर थानाक्षेत्र के कटरुआ वीर सिंह (दामोदरपुर) गांव के किसान की मौत के मामले में फरार आरोपित गंगाराम के घर पुलिस ने चल संपत्तियों के कुर्की की कार्यवाही की। पुलिस ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर आरोपित के घर से करीब एक लाख रुपये कीमत के चल संपत्ति की कुर्की की गई। आरोपित के बारे में बताया जा रहा है कि वह दुबई पहुंच चुका है।

थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद ने बताया कि 24 दिसंबर 2022 को उसी गांव के धर्म कुमार यादव की तहरीर पर गंगाराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

पीड़ित ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 23 दिसंबर 2022 को पट्टे की जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर उसके चाचा शेषनाथ, गंगाराम, राम बेलास, प्रदुम्न ने एक राय होकर लाठी डंडे से उनके पिता प्रहलाद यादव को जमकर मारा पीटा। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां से डाक्टर ने मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया था। जहां उपचार के दौरान उनके पिता प्रहलाद यादव की मौत हो गई। घटना में शामिल तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया था। लेकिन गंगाराम फरार हो गया था। पुलिस ने उसके गिरफ्तारी के लिए कई जगह दबिश भी दी , लेकिन वह हाथ नहीं लगा। इसके बाद पुलिस ने नोटिस भी भेजा लेकिन फिर भी वह हाजिर नहीं हुआ। बाद में पुलिस ने न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बस्ती के आदेश पर आरोपित की चल संपत्ति को कुर्क कर दिया।

# भूमि विवाद के मामले में सीधे हस्तक्षेप से बचे पुलिस : आइजी

## लंबित विवेचनाओं को समय से निस्तारित करें



कलवारी सर्किल के थानों की समीक्षा करते आइजी आरके भारद्वाज ● सौ.पुलिस विभाग

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज ने बस्ती के कलवारी सर्किल के क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारियों, पुलिसकर्मियों के साथ अर्दली रूम किया। आइजी ने भूमि विवाद के मामलों में पुलिस को सीधे हस्तक्षेप से बचने का निर्देश दिया।

अर्दली रूम के दौरान आइजी ने संबंधित थानों के अपराध रजिस्टर, लंबित विवेचना, प्रारंभिक जांच सहित अन्य अभिलेखों की गहनता से समीक्षा की। अभिलेखों में प्रविष्टियों से संबंधित कुछ सवालों का क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। क्षेत्राधिकारी को जीडी देखने के लिए निर्देशित किया गया। क्षेत्राधिकारी कार्यालय में नियुक्त कर्मचारियों से सीसीटीएनएस के बारे में पूछने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर आइजी ने उन्हें हिदायत दी। समीक्षा के दौरान आइजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण की स्थिति काफी खराब मिलने पर गुणात्मक सुधार का निर्देश दिया। लंबित विवेचनाओं को समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए विवेचकों को निर्देशित किया। आइजी ने कहा कि चार्जशीट या फाइनल रिपोर्ट क्षेत्राधिकारी कार्यालय से ही एक कर्मचारी द्वारा न्यायालय में दाखिल किया जाए। इसका इंद्राज प्रत्येक दशा में जीडी में अंकित किया जाए। दाखिला होने या ना होने की स्थिति में तस्करा जीडी में इसे अवश्य अंकित किया जाए। दाखिले के संबंध में होने वाली कठिनाइयों को पुलिस अधीक्षक के माध्यम से मानिटरिंग सेल की बैठक में चर्चा की जाए। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर फालोवर्स की संख्या बढ़ाने का आइजी ने निर्देश दिया। पब्लिक अप्रूवल सिस्टम में रेटिंग खराब होने पर प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष को रेटिंग ठीक करने का निर्देश दिया।

# मारपीट में दो पर केस

**गोटवा, बस्ती:** नगर थाना क्षेत्र के बक्सर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दी गई तहरीर में गांव की सुनीता देवी पत्नी मनोज कुमार गौड़ ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे को घर जाते समय विपक्षीगण द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर अपशब्द कहा गया।

# बिना फिटनेस वाले 26 टेंपो को किया सीज

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** बिना फिटनेस जांच के सड़कों परधड़ल्ले से दौड़ रहे टेंपो के विरुद्ध बुधवार को परिवहन विभाग के अधिकारियों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इस दौरान 26 टेंपो पकड़े गए, जिन्हें कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया।

काफी दिन से शहर के विभिन्न मार्गों पर यात्रियों की जान जोखिम में डाल बिना फिटनेस जांच के टेंपो चलने की शिकायतें मिल रहीं थी। ऐसे टेंपो के विरुद्ध बुधवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) पंकज सिंह एवं यात्रीकर अधिकारी (पीटीओ) राजेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान 26 टेंपो जिनके फिटनेस विगत कई माह से समाप्त हो चुके थे को पकड़ा गया। एआरटीओ ने बताया कि इनका चालान करने के वाहन सीज की भी कार्रवाई की गई। इसके बाद इन सभी टेंपो को आइटीआइ परिसर स्थित परिवहन विभाग के विस्तार पटल कार्यालय परिसर में खड़ा करवा दिया गया। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से टेंपो चालकों में हड़कंप मच गया और वे टेंपो में बैठे यात्रियों को उतार कर इधर-उधर भागने लगे। बताया कि इस कार्रवाई से सरकार को लगभग एक लाख रुपये से अधिक के राजस्व की प्राप्ति हुई है। पूरे अभियान का मकसद टेंपो स्वामियों को अपने वाहन के प्रपत्र समय से सही करा लेने की मंशा से किया गया। यह अभियान माह पूरे माह चलेगा।



सीज किए गए टेंपो साथ में एआरटीओ पंकज सिंह,पीटीओ राजेन्द्र प्रसाद ●जागरण

## बिना रोड टैक्स जमा किए दौड़ रहे तीन हजार व्यावसायिक वाहन

**बस्ती :** जनपद में पंजीकृत 28000 व्यावसायिक वाहनों में से तीन हजार बिना रोड टैक्स जमा किए धड़ल्ले से सड़क पर दौड़ रहे हैं। उन्हें रोकने-टोकने वाला कोई नहीं है। इन सभी को एआरटीओ की ओर से नोटिस जारी किया गया है। जबकि सर्वाधिक बकाए वाले एक हजार वाहन मालिकों को डीएम की ओर से वसूली पत्र जारी किया गया है। जिले में पंजीकृत 28 हजार व्यावसायिक वाहनों में से 3450 वाहन स्वामियों ने फरवरी तक वाहन का रोड टैक्स जमा नहीं किया है। इन पर लगभग 12 करोड़ की देनदारी थी। इन वाहन स्वामियों को पंजीकृत डाक के डिमांड नोटिस प्रेषित किया गया। इनमें से 450 से बकाया रोड टैक्स जमा कर दिया। वर्तमान में भी तीन हजार वाहन स्वामियों ने अभी तक वाहन का रोड टैक्स जमा नहीं किया है। इनमें से अधिकतम बकाए वाले एक हजार वाहन स्वामियों को रोड टैक्स जमा कराए जाने के लिए डीएम की ओर से वसूली पत्र जारी किया गया है। एआरटीओ पंकज सिंह ने बताया कि सभी बकाएदार वाहन स्वामियों को अंतिम अवसर देते हुए निर्देशित किया गया है कि वे बकाया कर अधिकतम तीन दिन में जमा कर दें, अन्यथा की स्थिति में अवशेष वाहन स्वामियों के भी विरुद्ध वसूली पत्र जारी कर दिया जाएगा।

# संतोषजनक जवाब न दे सके सीओ-एसओ

**बस्ती।** पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने बुधवार शाम को कलवारी सर्किल के क्षेत्राधिकारी व चारों थानों (कलवारी, कप्तानगंज, नगर तथा दुबौलिया) के कामकाज की समीक्षा की।

अपराध रजिस्टर, लंबित विवेचना, प्रारंभिक जांच, सामान्य जांच, जेड रजिस्टर आदि का गहनता से समीक्षा की गई। कई बिंदुओं पर क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। क्षेत्राधिकारी कार्यालय के कर्मचारी सीसीटीएनएस के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

समीक्षा के दौरान आइजीआरएस की स्थिति काफी खराब पाई। लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के संबंध में हिदायत दी। कहा कि चार्जशीट या फाइनल रिपोर्ट क्षेत्राधिकारी कार्यालय से ही एक कर्मचारी न्यायालय में दाखिल करेगा। इसका इंद्राज प्रत्येक दशा में जीडी में अंकित किया जाएगा। चार्जशीट का न्यायालय में दाखिला होने या न होने की स्थिति में तस्करा जीडी में अवश्य अंकित किया जाए। संवाद

# गैर इरादतन हत्या के आरोपी की अचल संपत्ति हुई कुर्क

संवाद न्यूज एजेंसी

**नगर बाजार (बस्ती)।** मारपीट में घायल नगर थानाक्षेत्र के कटरुआवीर सिंह (दमोदरपुर) गांव के किसान की मौत के मामले में फरार आरोपी गंगाराम के घर की बुधवार को कुर्की की गई। पुलिस ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर आरोपी गंगाराम के घर से करीब एक लाख रुपये कीमत की अचल संपत्ति कुर्क की। बताया जा रहा है कि वह दुबई पहुंच चुका है।

थाना प्रभारी नगर जनार्दन प्रसाद ने बताया कि 24 दिसंबर 2022 को उसी गांव के धर्म कुमार यादव की तहरीर पर केस दर्ज किया गया था। तहरीर में बताया गया है कि 23 दिसंबर 2022 को पट्टे की जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर उसके चाचा शेषनाथ, गंगाराम, राम बेलास, प्रद्युम्न गोलबंद होकर लाठी डंडे से हमारे पिता प्रहलाद यादव को जमकर पीटा था। उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

वहां से डाक्टर ने मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया था। उपचार के दौरान प्रहलाद यादव की मौत हो गई। घटना में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया था, लेकिन गंगाराम फरार हो गया था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए कई जगह दबिश भी दी थी।

**नगर थाने के कटरुआवीर सिंह गांव की घटना**

## पुलिस ताकती रह गई आरोपी पहुंचा विदेश

पुलिस ताकती रह गई और गैर इरादतन हत्या के आरोप में नामजद गंगाराम दुबई पहुंच गया। वह पहले से ही दुबई रहता था। घटना से कुछ महीने पहले ही वह घर आया था। 26 दिसंबर को उसकी फिर से दुबई जाने की फ्लाइट थी, मगर 23 दिसंबर को ही मारपीट हो गई। उसके नामजद होने के बाद पुलिस ने काफी हाथ-पांव मारा कि वह फ्लाइट न पकड़ सके। लखनऊ एयरपोर्ट पर भी नगर थाने की पुलिस चक्कर काटती रही, लेकिन गंगाराम चकमा देकर विदेश फरार होने में कामयाब रहा।

दी है। संवाद

## गैंगस्टर में वांछित पशु तस्कर गिरफ्तार

**बस्ती।** हरैंया पुलिस ने गैंगस्टर के केस में वांछित गोरखपुर के गीडा थानाक्षेत्र के नगवा निवासी मनोज यादव को गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ हरैंया शैलेश सिंह ने बताया कि बुधवार को दोपहर कोतवाली क्षेत्र के पानी टंकी के पास से पकड़ा गया। उसके विरुद्ध छावनी थाने में गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। आरोपी के विरुद्ध परशुरामपुर थाने में भी चोरी और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है। संवाद

## शादी की नीयत से किया अगवा

**बस्ती।** गौर पुलिस ने किशोरी को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के मामले में केस दर्ज किया है। सोलह वर्षीय पीड़िता के पिता ने तहरीर दी है कि इसी थाना क्षेत्र के आरोपी अरविंद कुमार पंद्रह मार्च को उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर भगा ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। संवाद

# छात्राओं ने सड़क सुरक्षा रैली निकाली, किया जागरूक

## एनएसएस शिविर में सावित्री बाई फुले इकाई ने चलाया अभियान

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गौर।** पंडित महादेव शुक्ल कृषक पीजी कॉलेज गौर में चल रहे एनएसएस शिविर में सावित्री बाई फुले इकाई की ओर से स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा को लेकर कॉलेज परिसर से रैली निकाली। सड़क पर आने जाने वालों को पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया। कहा कि यदि आप यातायात नियमों का पालन करेंगे तो आप सुरक्षित रहेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ थाना गौर के प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र प्रसाद पटेल ने किया। यातायात नियमों कि जानकारी देते हुए कहा कि हमेशा वाहन को निर्धारित गति से चलाएं। बाइक पर सिर्फ दो ही लोग बैठें और हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाएं, क्योंकि सिर है आपका, चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा बेल्ट पहने, मोड़ पर हमेशा गाड़ी कि गति धीमी रखनी चाहिए। कहा कि सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति को सावधानी बरतनी चाहिए। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि इस तरह के शिविर से पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को सामाजिक ज्ञान के साथ बौद्धिक विकास भी होता है और उन्हें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार तिवारी ने स्वयंसेवकों को योगाभ्यास कराने के बाद कई तौर तरीके से अवगत कराया।



बाइक चालक को जागरुक करतीं कृषक पीजी कॉलेज गौर की छात्राएं। संवाद

# कब्जेदारी को लेकर मारपीट, 20 नामजद

**बस्ती।** लालगंज थाने के एक गांव में कब्जेदारी को लेकर मारपीट हो गई। एक पक्ष की महिला का आरोप है कि विपक्षी मुकेश समेत आठ लोगों ने जमीन पर कब्जे के लिए एकराय होकर मारपीट की और धमकी दी। घर का सामान भी तोड़ दिया। चोट लगने से वह बेहोश हो गईं। दूसरे पक्ष की महिला का आरोप है कि विपक्षियों ने मारापीटा और उनके साथ अश्लील हरकत की। पुलिस ने एक पक्ष के 12 और दूसरे पक्ष के 20 आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। संवाद

# पुरानी रंजिश में मारा-पीटा, केस दर्ज

**बस्ती।** पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में नगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। बक्सर निवासी सुनीता देवी पत्नी मनोज कुमार का आरोप है कि मंगलवार को उनका बेटा घर की तरफ जा रहा था। रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी रिन्टू व मोहित ने अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। संवाद

# महिला से अश्लील बातें करने की रिपोर्ट दर्ज

**बस्ती।** हरैया पुलिस ने महिला के साथ अश्लील व आपत्तिजनक बात करने के मामले में मुकदमा कायम किया है। पीड़िता ने तहरीर देकर बताया है कि आरोपी रमेश कुमार गांव में स्थित उनकी दुकान पर सामान लेने मंगलवार की शाम आया। इस दौरान उनके साथ अश्लील व आपत्तिजनक बातें की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-03-2023



अपर पुलिस महानिदेशक ने बुधवार को पुलिस लाइन परिसर में क्रिकेट ग्राउंड का उद्घाटन किया। ● हिन्दुस्तान

# एयर कंडिशन प्रशिक्षण केंद्र व क्रिकेट ग्राउंड का उद्घाटन

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। पुलिस लाइंस परिसर में अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने बुधवार को एयर कंडीशंड प्रशिक्षण केंद्र व नवनिर्मित क्रिकेट ग्राउंड का उदघाटन किया। प्रशिक्षण केंद्र में विवेचकों की दक्षता बढ़ाने, साइबर क्राइम व अन्य जांच की ट्रेनिंग दी जाएगी। वहीं ग्राउंड पर पुलिसकर्मी क्रिकेट खेल सकेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र में पुलिस कर्मियों की कार्यकुशलता को बेहतर बनाने के लिए उन्हें फारेंसिक, साइबर क्राइम, सर्विलांस का नियमित प्रशिक्षण दियाजाएगा। यहां पर स्टेट ऑफ द आर्ट उपकरणों का भी प्रयोग किया जाएगा जिसमें अत्याधुनिक कम्प्युटर, डिजीटल बोर्ड आदि उपलध होंगे। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि क्रिकेट ग्राउंड के निर्माण से पुलिस कर्मियों व उनके बच्चों को खेल ग्राउंड मिल गया है। इस दौरान एएसपी सिद्धार्थ, सीओ सदर अखिलेश वर्मा, सीओ शोहरतगढ़ जयराम आदि मौजूद रहे।

# लिमिट बढ़ाने को ओटीपी मांग उड़ा दिए 1.21 लाख

- इटवा के गनवरिया गांव में तैनात शिक्षक के साथ हुई ठगी
- पीड़ित की तहरीर पर इटवा पुलिस ने दर्ज किया केस

इटवा, हिन्दुस्तान संवाद। इटवा थाना क्षेत्र के गनवरिया पश्चिम गांव के प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक के एसबीआई कार्ड से साइबर ठगों ने 121799 रुपये उड़ा लिया है।

ठगों ने हेल्पलाइन नंबर से फोन कर कार्ड के लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर ओपीटी हासिल कर घटना को अंजाम दिया है। इसकी जानकारी पीड़ित शिक्षक को बैंक से कार्ड का पेमेंट करने के लिए आए फोन के बाद हुई है। शिक्षक की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्जकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए तहरीर में आंबेडकर नगर जिले के कटका थाना क्षेत्र के खानपुर हुसैनाबाद निवासी बृजेन्द्र प्रताप पुत्र रामनयन ने बताया कि वह इटवा के प्राथमिक विद्यालय गनवरिया पश्चिम में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है। वह एसबीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड बनवाया था। पीड़ित के मुताबिक एसबीआई क्रेडिट कार्ड के हेल्पलाइन नंबर 18601801290 से उसके नंबर पर फोन आया। फोनकर्ता ने बताया कि आपके कार्ड की लिमिट बढ़ाई जा रही है। फोन नंबर पर एक ओटीपी जाएगा उसे बता दें। पीड़ित के अनुसार वह उसके झांसे में आ गया और ओटीपी बता दिया। इसके बाद 15 मार्च को एसबीआई क्रेडिट कार्ड की तरफ से दोबारा फोन आया और बताया कि आप के द्वारा क्रेडिट कार्ड से 121799 रुपये का उपभोग किया गया है। थाना प्रभारी अरविन्द कुमार मौर्य ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धारा 419, 420 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिसकर्मियों को फोरेंसिक विज्ञान की जानकारी जरुरी : एडीजी

## एडीजी गोरखपुर जोन ने किया वातानुकूलित प्रशिक्षण केंद्र व मैदान का लोकार्पण, यूपी 112 के कर्मियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर**: अपर पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने बुधवार को कहा कि पुलिसकर्मियों को समय के साथ अपडेट रहना चाहिए। इसके लिए उन्हें फोरेंसिक साइंस की जानकारी होनी अनिवार्य है। विभाग की ओर से इससे संबंधित कार्यशाला लगाई जाती है। सिद्धार्थनगर पुलिस लाइन में अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण हुआ है। यहां पर फोरेंसिक के साथ साइबर क्राइम व सर्विलांस से संबंधित नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

एडीजी गोरखपुर जोन ने यह बातें पुलिस लाइन परिसर में नवनिर्मित वातानुकूलित प्रशिक्षण केंद्र व क्रिकेट ग्राउंड के लोकार्पण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहना चाहिए। जब वह स्वस्थ रहेंगे तो पुलिसिंग की गुणवत्ता में सुधार होगा। नए कानून व नई तकनीकी की जानकारी दी जा रही है। जिला प्रशिक्षण केंद्र में विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाने व विवेचकों की दक्षता को बेहतर बनाने पर काम होगा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि यूपी 112 के पुलिसकर्मियों को भी यहां प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण केंद्र में अत्याधुनिक कंप्यूटर, डिजिटल बोर्ड समेत वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध है। एएसपी सिद्धार्थ, सीओ सदर अखिलेश वर्मा, शोहरतगढ़ जयराम, प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ गुप्ता, पीआरओ एसपी चंदन कुमार आदि मौजूद रहे।





सिद्धार्थनगर पुलिस लाइन के क्रिकेट मैदान में बैटिंग करके शुभारंभ करते गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार व पुलिसकर्मियों के लिए बना प्रशिक्षण केंद्र ● जागरण

### एडीजी ने बांधा पैड और उतर गए पिच पर



एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने क्रिकेट मैदान का शुभारंभ करने दौरान उनका इस खेल के प्रति लगाव दिख गया। एसपी अमित कुमार आनंद से पूछा कि यहां पर किट उपलब्ध है। जैसे ही किट आया, तुरंत पैडअप होकर पिच पर उतर गए। कहा कि पुलिस लाइन के अच्छे गेंदबाजों से बालिंग कराई जाए। इसके उन्होंने कवर ड्राइव, लेग ग्लांस, स्क्वायर कट, स्टेट ड्राइव की झड़ी लगा दी। खेलने के बाद एसपी से कहा कि अभी पिच नई है, इसपर नियमित पानी का छिड़काव कराने की जरूरत है। आउट फील्ड का समतलीकरण कराया जाए। स्थानीय क्लब का भी यहां पर मैच कराया जा सकता है।

# बचाएंगे जल तभी सुनहरा होगा हमारा कल

## गोष्ठी में बताया गया जल संरक्षण का महत्व, जल की बर्बादी रोकने के लिए किया गया जागरूक

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : जल है तो कल है। इस मुहिम को लेकर दैनिक जागरण पिछले चार दिनों से अभियान चला रहा है। अभियान के तहत लोगों बताया गया है कि किस तरह हमारी थोड़ी-थोड़ी लापरवाही से जल दूषित हो रहा है। किस तरह जल का स्तर नीचे होता चला जा रहा है। पानी को हम किस तरह से प्रदूषित कर रहे हैं। हम थोड़ी सी सावधानी अपनाकर किस तरह जल की बर्बादी को रोक सकते हैं। इन बिंदुओं को लेकर बुधवार को दैनिक जागरण की तरफ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने बताया कि जल को संरक्षित करने के लिए हमें अपने घर से लेकर अपने आसपास के वातावरण पर ध्यान देना होगा। जल संरक्षण क्षमता को बढ़ाना होगा। जल संचय के लिए अधिक से अधिक तालाब व कुओं को स्थापित करना होगा। तभी हम और हमारा समाज स्वस्थ होगा।

रघुबर प्रसाद जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि दैनिक जागरण ने अभियान के जरिये समाज को जागरूक किया है। तमाम अनछुए पहलुओं की लोगों को जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जाने-अनजाने में हमारे द्वारा की गई लापरवाही से लोगों को प्राकृतिक असंतुलन का सामना करना पड़ रहा है। अभी बीते अक्टूबर में अचानक बाढ़ आ गई। दो दिनों से अचानक रुक-रुक कर वर्षा हो रही है। कहीं न कहीं हम प्रकृति के प्रति हम लापरवाह हुए हैं। उन्होंने दैनिक जागरण की एक खबर का जिक्र करते हुए कहा कि परिगवां में 100 से अधिक तालाब हैं। यह बताता है कि वहां के लोग जल संग्रहण के प्रति कितने गंभीर थे। यह गंभीरता हमें भी दिखानी होगी। तालाबों को हमें सुरक्षित करना होगा। घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था करनी होगी। धरती पर पीने योग्य शुद्ध जल का जिस तेजी से दोहन और दुरुपयोग हो रहा है वो हम सभी के लिए चिंता और चिंतन का विषय है। हमें सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि हमारे साथ सहजीवन करने वाले पशु-पक्षियों और सभी जीव-जंतुओं के लिए भी जल संरक्षण करने की आवश्यकता है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, परियोजना निदेशक नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर डा.ललित कुमार मिश्र, बुद्ध विद्यापीठ महाविद्यालय के प्राचार्य डा.अभय श्रीवास्तव, भूगोल के एसोसिएट प्रोफेसर डा.गोपाल गोविन्द सिंह, सहायक अभियंता जलनिगम महेश कुमार, रघुबर प्रसाद जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य राकेश कुमार त्रिपाठी, साहित्यकार नियाज कपिलवस्तुवी ने भी गोष्ठी में जल के महत्व के विषय में बताया। कार्यक्रम का संचालन नितेश पाण्डेय ने किया। डा.अरुण प्रजापति, राहुल, कमल त्रिपाठी, जिशान, आचार्य अविनाश आदि उपस्थित रहे।





जल है तो कल है, गोष्ठी को संबोधित करते जिलाधिकारी संजीव रंजन व मंच पर उपस्थित अन्य अतिथिगण व गोष्ठी के दौरान मौजूद छात्र ● जागरण







गोष्ठी को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद व दैनिक जागरण पानी चौपाल को संबोधित करते एसडीएम सदर ललित मिश्रा तथा साहित्यकार नियाज कपिलवस्तुवी ● जागरण

### प्रश्नोत्तर के जरिये दी जल संरक्षण के उपायों की जानकारी

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों को प्रश्नोत्तरी के जरिये जल संरक्षण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीने योग्य जल की मात्रा बेहद कम है। कहा कि जल संरक्षण हमारे संस्कारों में होना चाहिए, ताकि यह संस्कार उनके जरिये अधिक से अधिक लोगों में जाए और जल की बूंदों को सहेजा जा सके।

**जीवन के लिए अमृत है जल: उपजिलाधिकारी डा.ललित कुमार** मिश्र ने कहा कि वेदों में जल को अमृत कहा गया है और अमृत को बर्बाद करना किसी भी दशा में उचित नहीं है। सुरक्षित, सुनहरे कल के लिए हमें किसी भी परिस्थिति में पानी को बेकार नहीं करना चाहिए। बच्चे अपने साथ-साथ अपने मां-बाप को भी जागरूक करें। जल को संरक्षित करने में अपना योगदान दें।

**प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन जरूरी: परियोजना निदेशक नागेन्द्र** मोहन राम त्रिपाठी ने कहा कि जल संचयन व संरक्षण के लिए प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन जरूरी है। इसके जरिये हम वर्षा जल का संचय कर सकते हैं। जलस्तर की स्थिति में सुधार करते हैं। इससे लोगों को पेयजल के साथ-साथ सिंचाई की सुविधा भी आसानी से मिलेगी। प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए जरूरी है कि हम जल को शुद्ध रखें और अधिक से अधिक पौधे लगाएं।

जल है तो कल है

**जब धरती पर जल न होगा:** साहित्यकार नियाज कपिलवस्तुवी ने जल संरक्षण पर आधारित कविता जब धरती पर जल न होगा, आज के जैसा कल न होगा, आज बचाएं बूंद-बूंद हम, कल ये मसला हल न होगा, प्रस्तुत कर पानी है तो जिंदगानी है का प्रभावी संदेश दिया।

# न्यायिक मजिस्ट्रेट ने किया पूजन-अर्चन

जोगिया : चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन बुधवार को मां शैलपुत्री के स्वरूप का पूजन हुआ। योगमाया मंदिर में जोगिया में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत कुमार सिंह ने भी स्वजन के साथ विधि विधान से पूजन अर्चन किया। जोगिया एसओ अभिमन्यु सिंह , एसआई अख्तर आदि सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। (जासं)

# वांछित गिरफ्तार

**इटवा :** कठेला थाना पुलिस ने बुधवार को पाक्सो एक्ट के वांछित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार यादव ने बताया कि बनरही निवासी बलिराम के विरुद्ध पाक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। वांछित फरार चल रहा था। पुलिस ने आज उसे सोनबरसा पुल के पास से गिरफ्तार किया।

# एसपी एकादश ने नौ विकेट से जीता मैच



पुलिस लाइन में नवनिर्मित क्रिकेट ग्राउंड के शुभारंभ कार्यक्रम में बल्लेबाजी करते एडीजी अखिल कुमार। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस लाइन में बने खेल ग्राउंड का उद्घाटन बुधवार को एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने किया। एसपी एकादश और सीओ एकादश के बीच हुआ। मैच में एसपी एकादश ने 18 ओवर में लक्ष्य का प्राप्त करते हुए मैच को जीत लिया। कार्यक्रम से पूर्व एडीजी ने पुलिस लाइन में बने लाइब्रेरी और ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छा कार्य हुआ है। इससे जवानों को काफी सहूलियत मिलेगी। वहीं ग्राउंड बन जाने से नियमित खेल सकेंगे। खेल को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

क्रिकेट प्रतियोगिता में टास जीतकर सीओ एकादश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सीओ अखिलेश कुमार वर्मा की अगुवाई वाली टीम ने निर्धारित 20 ओवर के मैच में पांच विकेट के नुकसान पर 229 रन का बड़ा लक्ष्य खड़ा किया। टीम की ओर से आरक्षी विवके मिश्र ने 80 रन का योगदान किया।

जवाब में उतरी एसपी एकादश की टीम की ओर से दो विकेट के नुकसान पर मात्र 18 ओवर में ही टीम ने जीत हासिल कर दिया। इसमें एसपी अमित कुमार आनंद ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 50 रन का योगदान दिया। जबकि टीम की तरफ से सर्वाधिक 130 रन आरक्षी मनीष कुमार ने बनाते हुए टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान एएसपी सिद्धार्थ, आरआई बीएन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# वाहन लेकर आने वाले संदिग्धों की दें सूचना

## वाहन चोरी पर रोक लगाने के लिए डिडई थाने में हुई मिस्त्री की बैठक

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**घोसियारी।** वाहनों चोरी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए शिवनगर डिडई पुलिस ने नई पहल शुरू की है। बुधवार को क्षेत्र में पडने वाले वाहन मिस्त्री की थाने में बैठक हुई। इसमें वाहन का नंबर प्लेट या फिर मॉडल बदलवाने के लिए आने वालों की सूचना पुलिस को देने के लिए कहा गया।

उन्हें प्रेरित किया गया है कि संदिग्धों की सूचना पुलिस को दें, जिससे कार्रवाई की जा सके। थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि अकसर सुनने में आता है कि चोर मोटरसाइकिल का लॉक तोडने के लिए व मोटरपार्ट बदलने के लिए मिस्त्रीयों का सहारा लेते हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि अगर दुकान पर ऐसा कोई वाहन आता है तो उसकी सूचना संबंधित थाने को अवश्य दें, ताकि समय रहते चोरों को पकड़ा जा सके।



शिवनगर डिड़ई थाने में बाइक मिस्त्रियों के साथ बैठक करते एसओ। संवाद

उन्होंने यह भी कहा कि पैसे के लालच में चोरी का सामान ना ही खरीदें और ना ही बेचें। सभी मिस्त्रियों को बीट दरोगा और सिपाही का मोबाइल नंबर दिया गया। जिससे वह जानकारी दे सकें। इस दौरान धर्मेंद्र शर्मा, अली अहमद, प्रमोद, अशफाक, छोटू, कल्लू मिस्त्री आदि मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**डुमरियागंज।** स्थानीय थाने की पुलिस ने बुधवार को धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

डुमरियागंज थानाध्यक्ष विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि वह बुधवार को क्षेत्र में हमराही सिपाहियों के साथ अभियान चलाये हुए थे तभी थाने में पूर्व में पंजीकृत धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे आरोपी अब्दुल कादिर निवासी बसंतपुर थाना शोहरतगढ़ दिखाई दिए। जिसे टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया। थाने पर लाकर पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 23-03-2023

# वृद्ध के खाते से उड़ाया 30 हजार

**धनघटा (एसएनबी)**। धनघटा थाना क्षेत्र के परसहर पूर्वी गांव निवासी एक वृद्ध के खाते से सहज जनसेवा केन्द्र के संचालक द्वारा वृद्ध का अंगूठा लगवाकर ₹ 30 हजार नकदी उड़ा दिया गया। पीड़ित वृद्ध जब बैंक पर पहुंचकर अपने खाते का पासबुक प्रिंट कराया तब जाकर उसे खाते से ₹ 30 हजार नकदी उड़ाने की जानकारी हो सकी। पीड़ित वृद्ध ने धनघटा पुलिस को सहज जनसेवा केन्द्र के संचालक के विरूद्ध लिखित प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में थाना क्षेत्र के परसहर पूर्वी गांव निवासी वृद्ध मोहित पुत्र जुड़ावन ने बताया कि उसके गांव के निवासी अजय विश्चकर्मा पुत्र रामजी आधार कार्ड के सहारे अंगूठा लगवाकर बैंक खाते से रूपया निकालते हैं। वृद्ध होने के चलते वह अजय विश्वकर्मा के पास जाकर अपने बैंक खाते से रूपया निकालता रहता है। उक्त अजय विश्चकर्मा ने बगैर उसको बताए उसका अंगूठा लगवाकर उसके खाता नम्बर 15310001001 87720 से बीते दिनों 30 हजार नकदी निकाल लिया जिसकी जानकारी जब वह बैंक पर पासबुक प्रिंट कराया तब उसे हो सकी। जानकारी होने पर जब वह उक्त अजय विश्वकर्मा के पास शिकायत करने पहुंचा तो वह उसे तरह-तरह की धमकी दे रहा है। पीड़ित वृद्ध ने प्रार्थनापत्र में जांच कर ऐसी धोखाधड़ी करने वाले अजय विश्वकर्मा के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने कहा कि वृद्ध के प्रार्थनापत्र की जांच की जा रही है। जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्त में लेकर उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# दुर्घटना में घायलों को इलाज के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायलों को दवा इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। पीआरवी 1498 को थाना बखिरा क्षेत्र के सांथा गांव से कालर ने मार्ग दुर्घटना में सद्दाम पुत्र सराबत अली, नावेद पुत्र असफाक निवासी धोबहा व रामअवतार पुत्र बेचू निषाद निवासी सुभाषनगर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंच दुर्घटना में घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया।

# जुआरी गिरफ्तार, एक लाख की नकदी बरामद

**धनघटा थानान्तर्गत शनिचरा बाजार स्थित आर्केस्ट्रा संचालक के किराए के मकान में काफी अरसे पूर्व से चल रहा था जुए का खेल**

**मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की देर रात प्रभारी निरीक्षक धनघटा के नेतृत्व में हुई पुलिस की छापेमारी में हुआ जुए के अड्डे का खुलासा**



पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए अर्न्तजनपदीय जुआरी।

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थानान्तर्गत शनिचरा बाजार में स्थानीय पुलिस ने मंगलवार की रात करीब 10 बजे मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करके काफी अरसे पूर्व से संचालित जुए के अड्डे का भण्डाफोड़ कर दिया। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह की अगुवाई में हुई इस छापेमारी में पुलिस ने आधा दर्जन अर्न्तजनपदीय जुआरियों को जहां गिरफ्तार कर लिया तो वहीं उनके कब्जे से एक लाख 34 हजार नकदी समेत तास की पत्ती भी बरामद की है। पुलिस ने गिरफ्तार सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात करीब दस बजे जरिए मुखबिर प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के शनिचरा बाजार स्थित राघव शर्मा के मकान में किराए पर कमरा लेकर एक आर्केस्ट्रा संचालक द्वारा जुए का खेल कराया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर भरोसा करते प्रभारी निरीक्षक तत्काल हमराही पुलिसकर्मी पौली पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र यादव, कां. हिमांशु मिश्रा, कां. विशाल कुमार सिंह, कां. पंकज यादव व कां. मुकेश पाल के साथ तत्काल शनिचरा पहुंचकर मुठही कला गांव निवासी राघव शर्मा के घर की घेराबंदी की छापेमारी की तो आर्केस्ट्रा संचालक शिव कुमार पुत्र हरिवंश निवासी ग्राम लखुआ पाकड़, थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर द्वारा लिए गए किराए के कमरे में आधा दर्जन अर्न्तजनपदीय जुआरी जुआ खेलते हुए रंगे हाथ पकड़ लिए गए साथ ही मौके से एक लाख 34 हजार नकदी, पांच अदद मोबाइल फोन और दो गड्डी तास की पत्ती भी पुलिस ने बरामद कर लिया।

पुलिसिया पूछताछ में पकड़ें गए जुआरियों ने अपना नाम-पता क्रमशः विशाल अग्रहरि पुत्र स्व. मेवालाल निवासी ग्राम गायघाट, थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, विजय कुमार पुत्र रामबचन निवासी ग्राम बण्डा बाजार, थाना धनघटा, शिवकुमार मौर्य पुत्र हरिवंश मौर्य निवासी ग्राम लखुआ पाकड़, थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर, रेहान उर्फ मोहम्मद जैनूल पुत्र मुनीर अहमद निवासी ग्राम भभौरा, थाना राजे सुल्तानपुर जनपद अम्बेडकर नगर, मनोहर पुत्र रामजी वर्मा निवासी ग्राम उमरिया बाजार, थाना धनघटा बताया है। पुलिस ने गिरफ्तार उक्त सभी जुआरियों के विरूद्ध धारा 3/4 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी गिरफ्तार जुआरियों को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में कई अन्य स्थानों पर भारी पैमाने पर जुए का खेल बड़े पैमाने पर होने की जानकारी प्राप्त हुई है। सटीक जानकारी प्राप्त कर जल्द ही उन स्थानों पर भी छापेमारी की कार्रवाई की जाएगी।

# दो पक्षों में भिड़न्त 11 घायल, आठ पर केस

**धनघटा थानान्तर्गत मुण्डेरा राय गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना**

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के मुण्डेरा राय गांव में मंगलवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच भिड़न्त हो गयी। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों से कई महिलाओं सहित कुल ग्यारह लोग घायल हो गए है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है जहां कई घायलों की गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार के बाद उनको डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस ने घटना को लेकर दोनों पक्षों की अलग-अलग तहरीर के आधार पर कुल आठ लोगों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मुण्डेरा राय गांव निवासी रामआसरे पुत्र चौथी तथा अंगद पुत्र परदेशी के परिवार के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश को लेकर मंगलवार की शाम को दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी और बाद में गाली-गलौझ शुरू हुआ और देखते ही देखते दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे के उपर लाठी-डण्डा लेकर टूट पड़े। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीण जबतक बीचबचाव कराते तब तक एक पक्ष से प्रभावती देवी पत्नी परदेशी, नेहा पत्नी पप्पू, बोदामा पत्नी श्याम, सुर्मिला पत्नी संतोष कुमार, प्रेमशीला पुत्री श्याम तथा साधना पुत्री संतोष कुमार तथा दूसरे पक्ष से मिन्टू व दिलीप पुत्रगण रामआसरे, चन्द्रमुखी पुत्री रामआसरे, पवन पुत्र मिन्टू तथा साधना पत्नी मिन्टू घायल हो चुके थे। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने कई घायलों की गंभीर हालत देख उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। घटना के सम्बन्ध में एक पक्ष से रामआसरे पुत्र चौथी की तहरीर पर पुलिस ने अंगद पुत्र परदेशी, प्रभावती देवी पत्नी परदेशी, बोदामा पत्नी अंगद तथा प्रेमशीला पुत्री श्याम सिंह के विरूद्ध तथा दूसरे पक्ष से प्रभावती पत्नी परदेशी की तहरीर पर रामबूझ पुत्र रामआसरे, पिन्टू पुत्र रामआसरे, रामआसरे पुत्र चौथी तथा पवन पुत्र पिन्टू के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने बताया कि जल्द ही सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जिले की पुलिस प्रथम

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जनपद देवरिया में आयोजित अन्तर्जनपदीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली संतकबीरनगर की टीम को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बधाई दी। उन्होंने अपने कार्यालय में विजेता टीम को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि जनपद देवरिया में दिनांक 14.03.2023 से 17.03.2023 तक अन्तर्जनपदीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें संतकबीरनगर जिले से टीम प्रभारी उ.नि. स.पु रामेश्वर यादव के नेतत्व में संतकबीरनगर की महिला टीम में शामिल म.उ.नि. सरिता नागवंशी व म.आ. आकृति सिंह द्वारा जनपद देवरिया की टीम को सिंगल्स व डबल्स दोनों में हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। साथ ही बालीवाल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली महिला टीम को रिवार्ड लीव व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# फरार आरोपी के घर की होगी कुर्की

**संतकबीरनगर।** डेढ़ साल पूर्व ऑपरेशन के दौरान गर्भवती की हुई मौत के मामले में फरार आरोपी विकास यादव के घर कुर्की की कार्रवाई की तैयारी पुलिस ने कर ली है।

गौंसपुर चौकी इंचार्ज सत्येंद्र यादव ने बताया कि मेंहदावल बाईपास के पास वर्ष 2021 में ओम हॉस्टिपल नाम से अवैध रूप से अस्पताल संचालित किया जा रहा था। इस अस्पताल में बूधा कला की रहने वाली सुनीता का प्रसव कराने परिजन ले गए थे। ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत हो गई थी। महिला के पति ने अस्पताल संचालक धीरज कुमार उपाध्याय समेत पांच आरोपियों पर जालसाजी और गैर इरादतन हत्या के आरोप में केस दर्ज कराया था। इस मामले में आरोपी संचालक समेत चार लोग कोर्ट में हाजिर हुए थे। संवाद

# ली जल संरक्षण की शपथ

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय जल दिवस के अवसर पर एचआरपीजी कालेज व आरपीएस इण्टर कालेज मड़या में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण करने व जल को प्रदूषित होने से बचाने के लिए आमजनमानस में जागरुकता उत्पन्न करने हेतु शपथ दिलायी गयी। इस दौरान स्कूल के प्रधानाध्यपक व शिक्षकों सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीश सिंह भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायत परमहंश मय टीम द्वारा एचआरपीजी कालेज के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। जागरुकता के क्रम में सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ अपील की गई।

# आधा दर्जन का शांतिभंग में चालान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने आधा दर्जन लोगों को पकड़कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शांति भंग की आशंका में चालान किया।

जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बखिरा पुलिस ने छह आरोपितों को दबोचकर अग्रिम विधिक कार्रवाई करने के बाद संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

# छात्रों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

संतकबीरनगर। जिले की यातायात पुलिस ने बुधवार को स्कूली छात्रों को यातायात नियम का पाठ पढ़ाया। प्रभारी यातायात परमहंस यादव की अगुवाई में पुलिस टीम ने खलीलाबाद शहर के एचआर पीजी कॉलेज के छात्र व छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी।

उन्हें सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के लिए प्रेरित किया।

# बुजुर्ग लापता, मुकदमा दर्ज

बेलहर। बेलहर थाना क्षेत्र के परासी गनवरिया निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग घर से कहीं चला गया है। उसके बेटे ने मुकामी थाने पर तहरीर देकर सूचना दर्ज करा कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। बेलहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत परासी गनवरिया निवासी नियाजुर्रहमान ने तहरीर में कहा की उसके पिता महफूजुर्रहमान का मानसिक संतुलन खराब है। वह 13 मार्च सुबह 11 बजे से अपने घर पिपरा बोरिंग चौराहे गए थे। वहां से अचानक लापता हो गए।

# जुआ खेलते छह जुआरियों को दबोचा

संतकबीरनगर। धनघटा के प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह ने टीम के साथ छापेमारी किया। शनिचरा बाजार स्थित राघव शर्मा के मकान व दुकान में शिवकुमार मौर्या के किराए के कमरे में जुआ खेल रहे छह आरोपितों को दबोचा। जिनकी पहचान विशाल अग्रहरी पुत्र स्वर्गीय मेवालाल निवासी ग्राम गायघाट थाना महुली, विजय कुमार पुत्र रामबचन साकिन बण्डा बाजार थाना धनघटा, शिवकुमार मौर्या पुत्र हरिवंश मौर्या साकिन लखुआ पाकर थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर, रेहान उर्फ मोहम्मद जैनुल पुत्र मुनीर अहमद साकिन भभौरा थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकरनगर, मनोहर पुत्र रामजी वर्मा व मनीष कुमार पुत्र दीनानाथ निवासी उमरिया बाजार के रूप में हुई।

## एक नजर में

### छह जुआरियों को पुलिस ने भेजा जेल

**धनघटा** : धनघटा पुलिस ने शनिचरा बाजार में एक किराए के मकान से छह जुआरियों को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर इनके पास से एक लाख 22 हजार रुपये नकद, पांच मोबाइल, दो बाइक बरामद हुई। पूछताछ करने पर पुलिस को पता चला कि गोरखपुर जनपद के बेलघाट थाना के लखुआपाकड़ गांव निवासी शिवकुमार मौर्य, आंबेडकर नगर जिले के थाना राजे सुल्तानपुर के भगौरा गांव निवासी रेहान, महुली थाना के गायघाट गांव निवासी विशाल अग्रहरि, धनघटा थाना के बंडा बाज़ार निवासी विजय कुमार, उमरिया गांव निवासी मनोहर आदि शामिल हैं। इस किराए के मकान में काफी समय से जुआ खेला जा रहा था। थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह ने बताया कि इनके विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया गया। (जासं)

### सड़क पर ठेला, खोमचा व अवैध पार्किंग

**संतकबीर नगर** : शहर में अतिक्रमण की समस्या लाइलाज बन चुकी है। गोला बाजार में सड़क की पटरी पर कब्जा है। सड़क तक दुकानें सजती हैं। ठेला, खोमचा के बाद अवैध पार्किंग हो रही है। अतिक्रमण का दायरा कम होने की बजाय बढ़ता चला जा रहा है। यही हाल चंद्रशेखर तिराहा, मोती चौराहा, नेहरू चौक, बंजरिया मार्ग, घोरखल, कोतवाली मार्ग आदि स्थानों का है। (जासं)

# जिला पुलिस को टेबल टेनिस में मिला पहला स्थान

संतकबीर नगर : देवरिया जनपद में आयोजित पुलिस विभाग की अंतर जनपदीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जनपद की पुलिस ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही टीम को वालीबाल में दूसरा स्थान मिला। एसपी ने बुधवार को कार्यालय में सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता में टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक रामेश्वर यादव के नेतृत्व में जनपद की महिला टीम में शामिल उप निरीक्षक सरिता नागवंशी व महिला आरक्षी आकृति सिंह ने मेजबान देवरिया की टीम को सिंगल्स व डबल्स दोनों में हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। एसपी ने वालीबाल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली महिला टीम को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। (जासं)

# सेवा व समरसता की सीख देता है राष्ट्रीय सेवा योजना

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद के प्राचार्य प्रोफेसर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) समाज को एकजुट करने में सहायक है। यह सेघा व समरसता की सीख देता है। यह नेतृत्व के विकास में सहायक है। आप सभी ने सात दिनों तक जो ज्ञान अर्जित किया है उसे जीवन में अवश्य उतारें।

प्राचार्य बुधवार को खलीलाबाद स्थित रेखा प्रसाद संकटा प्रसाद इंटर कालेज में महाविद्यालय के सात दिवसीय शिविर के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चारों इकाई के स्वयंसेवकों ने यहां विविध कार्यक्रम प्रस्तुत करके मिसाल पेश की है, जो अन्य के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। पूर्व प्राचार्य डा. डीडी सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में सेवा योजना शिविर का गौरवशाली इतिहास है। यहां के स्वयंसेवक हर समय हर क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है। राष्ट्रपति



राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के समापन पर बाएं से पूर्व प्राचार्य डा. डीडी सिंह, यातायात निरीक्षक परमहंस, प्राचार्य ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, डा. शशिकांत ● जागरण

पुरस्कार के साथ मतदाता व यातायात जागरूकता आदि कार्यों में कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रोफेसर दिग्विजय नाथ पांडेय, प्रोफेसर प्रताप विजय कुमार, डा. अमर सिंह गौतम, डा मनोज वर्मा, डा. फखरे आलम ने भी संबोधित किया। छात्र-छात्राओं ने एकांकी व सांस्कृतिक कार्यक्रम से शिक्षा, स्वच्छता, जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। क्षय रोग विशेषज्ञ डा. विशाल यादव ने बीमारियों से बचाव एवं यातायात निरीक्षक परमहंस ने टीम के साथ यातायात के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों में कुमकुम वर्मा, शालिनी, मुस्कान सिंह, संगम, अदिति, डाली, राविया, अंजलि, हिना फिरदोस, अलमंतशा, उमा मौर्या, निंस्बा रेहान, गुड़िया,शाहिस्ता परवीन, महिमा शर्मा, नंदिनी, सुनीता चौरसिया, कोमल गुप्ता, संध्या, जया चौधरी, , रूपेश भारती, सौरभ गुप्ता, अंकित यादव ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह, डा. मनोज कुमार मिश्र, शिक्षक मौजूद रहे।

## समूह की 29 महिलाओं ने दी लिखित परीक्षा

जासं, सेमरियावां : उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बुधवार को सेमरियावां ब्लाक सभागार में स्वयं सहायता समूह की 29 महिलाओं ने लिखित परीक्षा दी। मिशन के राज्य परियोजना प्रबंधक पंकज कुमार ने बताया कि इस परीक्षा के ब्लाक क्षेत्र की 50 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने आवेदन किया था। सफल प्रतिभागी गांव में महिलाओं को खाद्य पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगी। इस मौके पर संतराम चौधरी, महजबीन खान, कमला पति त्रिपाठी, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

# हवा-पानी के बिना हम जी नहीं सकते : एसपी

## भविष्य में पानी का संकट न उत्पन्न होने पाएं, समाज के सभी लोगों को आगे आने की जरूरत : एडीएम

जासं, संतकबीर नगर : पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि हवा और पानी के बिना हम जी नहीं सकते। उन्हें याद है कि जब वह 12वीं को छात्र थे, तब घर पर लगे हैंडपंप के पानी से प्यास बुझाते थे। इसी पानी से भोजन बनता था। सारी आवश्यकताओं की पूर्ति होती थी। अब खोजने पर हैंडपंप नहीं मिलते हैं। तकनीकी बढ़ती जा रही है, पहले की अपेक्षा सुविधाओं में काफी बढ़ोतरी हुई है। अब कई लोगों के घर में टंकी है। मोटर के जरिए पानी भरते हैं। टोटी से निकले पानी को आवश्यकता से अधिक प्रयोग कर रहे हैं। इससे रोजाना पानी की बर्बादी हो रही है।

एसपी 'विश्व जल दिवस' पर खलीलाबाद शहर के आरपीएस इंटर कालेज में दैनिक जागरण द्वारा ''जल है तो कल है'' कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जागरण की इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना करते हुए कहा कि अधिकाधिक पानी का दोहन हो रहा है। पानी की बर्बादी पर विराम न लगा तो भविष्य में भयंकर संकट पैदा हो सकता है। इसलिए जल संरक्षण करके भूगर्भ जलस्तर को सामान्य रखने के लिए जनपदवासी आगे आएं। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद एडीएम वित्त एवं राजस्व अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने कहा कि 100 बच्चों का मतलब 100 परिवार है। यदि प्रत्येक बच्चे आसपास के एक-एक व्यक्ति को जल संरक्षण



कार्यक्रम में मौजूद स्कूली बच्चे ● जागरण




जागरण के कार्यक्रम में मंच पर मौजूद एसपी सत्यजीत गुप्ता, एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव व अन्य अतिथि ● जागरण

जल है तो कल है

- हमें अपने घर, दफ्तर व अन्य जगहों में पानी की एक-एक बूंद बचाना चाहिए
- भूगर्भ जल को सुरक्षित रखने के लिए सभी को करनी होगी पहल

के लिए जागरूक करें तो यह संख्या बढ़कर 10 हजार हो जाएगी। भविष्य में पानी का संकट न उत्पन्न होने पाएं, इसके लिए समाज के सभी लोगों को आगे आने की जरूरत है। "उन्होंने दैनिक जागरण की पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि यहां के शिक्षक, बच्चे इस दिशा में आज से ही ठोस पहल करेंगे। महराजगंज जिले के जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रोफेसर डा. दिग्विजयनाथ पांडेय ने कहा कि हमें अपने घर, दफ्तर व अन्य जगहों में पानी की एक-एक बूंद बचाना चाहिए। केवल संकल्प लेने से नहीं होगा, अपितु इस पर आज से ही पहल करने की जरूरत है। एचआरपीजी कालेज खलीलाबाद के पूर्व प्राचार्य डा. धर्मदेव सिंह ने कहा कि पानी के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। इसलिए भूगर्भ जल को सुरक्षित रखने के लिए सभी को पहल करनी होगी। एचआरपीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर ब्रजेश त्रिपाठी ने कहा कि पानी का भी व्यवसायीकरण हो चुका है। वाटर प्लांट में पानी को निकालने और उसे शुद्ध करने में हर दिन इसकी बर्बादी होती है। इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। भूगोल के विभागाध्यक्ष डा. अमर सिंह गौतम ने कहा कि पानी सिर्फ पानी नहीं है बल्कि यह पोषक तत्वों से भरपूर शरीर के लिए अति आवश्यक पेय है। राजनीति के विभागाध्यक्ष शशिकांत राव ने कहा कि जब हम जगेंगे तो बाकी लोग जागेंगे। इसलिए इसके लिए स्वयं पहल करनी होगी। इस कालेज के समाज शास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर विनय कुमार सिंह ने कहा कि यदि जल संरक्षण के कार्य में देरी की गई तो आने वाला समय कष्टप्रद हो सकता है।

खलीलाबाद शहर के प्रतिष्ठित कारोबारी विनय छापड़िया उर्फ पप्पू ने कहा कि मानव, जीव-जंतुओं की जीवन की रक्षा के लिए जल का संरक्षण अति आवश्यक है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित जैन ने कहा कि दैनिक जागरण ने सदैव जनहित में अच्छी पहल की है, यह कार्यक्रम इसका उदाहरण है। इस पहल को साकार करने के लिए आज से ही जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। इस अवसर पर डा. मनोज मिश्र, आरपीएस इंटर कालेज की प्रधानाचार्य रंजीता, प्रवक्ता विनय कुमार श्रीवास्तव, मनमोहन भारती, प्रज्ञा राय, ममता श्रीवास्तव, सरिता, सीमा, मोहिनी श्रीवास्तव सहायक अध्यापक के अलावा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

### बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

आरपीएस इंटर कालेज की छात्रा सावना ने स्वागत गीत की प्रस्तुति की। वहीं चांदनी ने जल संरक्षण पर कविता जल ही जीवन, जल ही तन मन... की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। लकी, आशुतोष, अंशिका, ममता, अंकिता ने जल संरक्षण पर नाटक की प्रस्तुति की।



पहला स्थान हासिल करने वाली टीम को सम्मानित करते एसपी। संवाद

# टेबल टेनिस में पुलिस की टीम को पहला स्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** देवरिया में आयोजित हुए अंतरजनपदीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली पुलिस टीम को बुधवार को एसपी सत्यजीत गुप्त ने सम्मानित किया। इस दौरान टीम को शील्ड प्रदान किया।

अंतरजनपदीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता देवरिया जिले में 14 मार्च से 17 मार्च तक आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में टीम प्रभारी उप निरीक्षक रामेश्वर यादव के नेतत्व में जिले की महिला टीम में शामिल उप निरीक्षक सरिता नागवंशी व कांस्टेबल आकृति सिंह ने देवरिया की टीम को सिंगल्स व डबल्स दोनों में हराकर प्रथम स्थान हासिल किया था।

इसके साथ ही वॉलीबॉल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली महिला टीम को एसपी ने रिवार्ड लीव व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि जिले की पुलिस ने दूसरे जनपद में जाकर सराहनीय कार्य किया है।

प्रतियोगिता में जीत हासिल कर पुलिस का मान बढ़ाया है। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने टीम को बधाई दी।

# जुआ खेलते छह लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** पुलिस ने मंगलवार देर शाम शनिचरा बाजार में एक मकान में जुआ खेलते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया।

एओ जयवर्धन सिंह ने बताया की शनिचरा बाजार में राघव शर्मा के मकान में शिव कुमार मौर्य किराएदार के रूप में रहते हैं। सूचना मिली कि जिस मकान में शिव मूरत मौर्य बतौर किराएदार रह रहे हैं, उस कमरे में कुछ लोग बैठकर जुआ खेल रहे हैं।

सूचना पर पुलिस टीम पहुंची। मौके से 1.34 लाख रुपये, छह मोबाइल फोन, दो गड्डी ताश की पत्ती बरामद हुई। मौके से दो लावारिस बाइक भी मिली।

## किराए के कमरे में चल रहा था जुआ, 1.34 लाख बरामद

आरोपियों की पहचान विशाल कुमार निवासी गायघाट, महुली, विजय कुमार निवासी बंडा बाजार धनघटा, शिव कुमार मौर्य निवासी लखुआ पाकड़ थाना बेलघाट जिला गोरखपुर, रेहान उर्फ मोहम्मद जैनुल निवासी भभौरा थाना राजे सुल्तानपुर जिला अंबेडकर नगर, मनोहर निवासी उमरिया बाजार थाना धनघटा के रूप में हुई।

# दो वाहनों को पकड़ा, एक लाख का राजस्व वसूला

संतकबीरनगर। मंगलवार को बिना रोड टैक्स भरे वाहन को सड़क पर चलाने के आरोप में दो वाहनों को पकड़ कर, उनसे एक लाख रुपये के राजस्व की वसूली की गई। एआरटीओ ने कहा कि सभी व्यवसायिक वाहन संचालक अपना रोड टैक्स एआरटीओ कार्यालय में जमा कर दें, अन्यथा उन पर कार्रवाई करते हुए उनके वाहन को सील कर दिया जाएगा। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 23-03-2023

# झोलाछाप पर सख्त हुआ शासन, एडी से रिपोर्ट तलब

- एडी ने सभी सीएमओ से मांगी सूचना
- सभी अफसरों को दिया तीन दिन का समय

गोण्डा, संवाददाता। झोलाछाप डाक्टरों को लेकर शासन भी सख्त हो गया है। शासन अपर निदेशक से जानकारी मांगी है। जिसके बाद एडी ने मंडल के सारे सीएमओ से झोलाछाप के बारे में रिपोर्ट तलब की है। एडी ने सूचना देने के लिए सीएमओ को तीन दिन का समय दिया है।

बिना पंजीकरण के जिले में कई अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं। हाल ही में करनैलगंज में ऐसे ही एक अस्पताल में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिसको लेकर विभाग की काफी छीछालेदर भी हुई। बताया जाता है कि खुद डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने फोन कर एडी से झोलाछापों पर कार्रवाई से संबंधित जानकारी ली। एडी डा एचडी अग्रवाल ने बताया कि मंडल के चारों जनपदों के सीएमओ से सूचना मांगी गई है। जिलों में कितने झोलाछाप चिन्हित हैं और कितनों पर अब तक क्या - क्या कार्रवाई हुई है, से संबंधित सूचना तलब की गई है।

यही नहीं सूचना देने के लिए तीन दिन का समय भी निर्धारित किया गया है। तीन दिन के अंदर सूचना न देने वाले सीएमओ के विरुद्ध शासन को रिपोर्ट भेज दी जाएगी।

# मारपीट के मामले में क्रॉस एफआईआर

नवाबगंज, संवाददाता। रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने बलवा समेत मारपीट की धाराओं में क्रास केस दर्ज किया है।

कनकपुर गांव की वंदना सिंह पत्नी रंग बहादुर सिंह ने बताया कि सोमवार में गांव में बनें आरसीसी रोड से अपने घर जा रही थीं। तभी अपने घर के सामने मौजूद गांव के सूर्यभान सिंह, उदयभान सिंह, रवि प्रकाश तथा राम प्रकाश समेत कई लोगो ने सड़क से जाने के लिए मना किया और विरोध करने पर अभद्रता करने लगे। वहीं दूसरे पक्ष के सूर्य भान सिंह ने बताया कि गांव के तिलकराम सतीराम, आशाराम तथा रामजीत के उकसाने पर वंदना सिंह तथा उनके पति शंकर सिंह ने महिलाओं से अभद्रता की।

# नाबालिग से रेप का आरोपी गिरफ्तार

धानेपुर। धानेपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद से ही उसकी तलाश कर रही थी।

थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने बताया धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर एक युवक अपने साथ भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था।परिवार वालों की शिकायत पर धानेपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही थी । बताया कि बुधवार को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि आरोपी नीरज वर्मा बाबागंज कस्बे में टैक्सी स्टैंड के पास मौजूद है।जिस पर उपनिरीक्षक संतोष कुमार यादव अपने हमराही हेड कांस्टेबल आशुतोष पांडेय के साथ पहुंचे और आवश्यक बल प्रयोग करते हुए दबोच लिया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां पर न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

करनैलगंज। दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर देने के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि रवि शर्मा पुत्र बड़कऊ निवासी ग्राम बेसन पुरवा गुरसडा थाना करनैलगंज दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहा था। आरोपी को रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# पुलिस ने नशीली गोलियों संग एक को पकड़ा

करनैलगंज। पुलिस ने एक व्यक्ति को नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि कस्बा चौकी इंचार्ज आशीष कुमार, दीवान एजाज अहमद व कांस्टेबल प्रदीप कुमार सिंह द्वारा विशाल प्रताप सिंह निवासी बस स्टॉप जिसका स्थाई पता बहूवन मदार माझा है उसे पुरानी अस्पताल के पीछे से 240 नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# शांतिभंग में 16 लोगों का चालान

गोण्डा। जिले की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में 16 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को चालान कर भारी मुचलके से पाबंद किया गया है। एएसपी ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सारे प्रयास कर रही है।

# एक वारंटी को पुलिस ने पकड़ा

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वारंटी के खिलाफ अभियान में सिर्फ एक वारंटी ही गिरफ्तार किया गया है। मनकापुर पुलिस ने एक वारण्टी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय पर पेश किया है।

# कच्ची शराब के विरुद्ध चला अभियान

गोण्डा। पुलिस ने कच्ची शराब के निष्कर्षण के विरुद्ध अभियान चलाया है। मनकापुर पुलिस ने दस लीटर, छपिया पुलिस ने दस लीटर व मोतीगंज पुलिस ने भी दस लीटर कच्ची शराब बरामद किया है। जिन लोगों से शराब बरामद की गई है, उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# बाइक और चाकू सहित दो पकड़े गए

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से दो चाकू और दो चोरी की बाइक बरामद की गई है।

पुलिस ने बताया अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के कुशल पर्यवेक्षण में महादेवा क्रॉसिंग के पास से पुलिस ने नगर क्षेत्र के अन्तर्गत चोरी करने के मामले में प्रकाश में आए आरोपी राज कुमार चौबे उर्फ पप्पू चौबे और ताने उर्फ सुल्तान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो मोटरसाइकिल व दो चाकू बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की है।



# मिशन शक्ति की बाइक रैली निकली, किया जागरूक

**मेहनौन।** महिला सशक्तीकरण तथा मिशन शक्ति अभियान का शुभारंभ नवरात्रि के प्रथम दिन सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बलरामपुर के शक्ति पीठ मंदिर तुलसीपुर से बाइक रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। महिला पुलिसकर्मियों की बाइक रैली का कोतवाली इटियाथोक में पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। रैली में साथ चल रही यातायात सीओ बलरामपुर ज्योति श्री ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज को बुलंद कर अनेक हक को दिलवाना है। उन्होंने बताया 1090 और 112 पर कोई भी व्यक्ति फोन के माध्यम से आसपास किसी भी महिला के साथ छेड़छाड़ व सोशल नेटवर्किंग से महिलाओं के विरुद्ध होने वाले उत्पीड़न की शिकायत कर सकता है। इस दौरान सीओ शिल्पा वर्मा, प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक अभिषेक सिंह, महिला इंस्पेक्टर पूनम यादव, एसओ रेहरा ओपी चौहान आदि थे।

# महिला पुलिस कर्मियों ने बाइक रैली निकाल दिया सशक्तीकरण का संदेश

जागरण टीम, गोंडा : बलरामपुर के देवीपाटन मंदिर से अयोध्या तक के लिए महिला पुलिस कर्मियों ने बाइक (स्कूटी) रैली निकाली। जिले के विभिन्न थानों में रैली में शामिल कर्मियों का अधिकारियों ने स्वागत कर नारी सशक्तीकरण का संदेश दिया। रैली में गोरखपुर, गोंडा व बलरामपुर की करीब 100 महिला आरक्षी शामिल रहीं।

रैली का नेतृत्व बलरामपुर की क्षेत्राधिकारी ज्योति कर रहीं थी। इनके साथ कर्नलगंज की सीओ नवीना शुक्ला, सीओ सदर शिल्पा वर्मा भी मौजूद रहीं। नगर कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम में रैली को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी एम.अरून्मोली ने कहा कि महिलाएं कमजोर कभी नहीं थी बस उन्हें मौका नहीं मिलता था। बस मानसिकता बदलने की जरूरत है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने



जिला अस्पताल के पास रैली निकालती महिला पुलिसकर्मी • जागरण



नगर कोतवाली मे आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एएसपी शिवराज • जागरण

महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। सीएमओ डा. रश्मि वर्मा, एआरटीओ बबिता वर्मा, समाजसेवी अधिवक्ता रुचि मोदी, नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने मिशन सशक्तीकरण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नगर कोतवाली से रैली को अयोध्या के

**देवीपाटन मंदिर से अयोध्या तक निकाली गई रैली, थानों में अधिकारियों ने स्वागत कर दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश**

लिए रवाना किया गया। वजीरगंज व नवाबगंज थाने में भी रैली का स्वागत कर महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया गया। इटियाथोक संवादसूत्र के अनुसार : मिशन शक्ति के तहत निकाली गई महिला पुलिस कर्मियों की बाइक रैली का स्वागत किया गया। बालिका व महिलाओं को जागरूक किया गया। शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पर मां पाटेश्वरी का पूजन अर्चन करने के बाद महिला सशक्तीकरण अभियान को मजबूती प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया था। महिला उत्पीड़न व बालिकाओं का शोषण होने पर शासन के संचालित कार्यक्रमों के बारे में बताया।

# स्कूटी रैली का ब्रह्मकुमारी बहनों ने किया स्वागत



गोंडा। महिला सशक्तीकरण के तहत बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवीपाटन से महिला सिपाहियों की स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली देवीपाटन से बलरामपुर शहर होते हुए गोंडा जिले के इटियाथोक के रास्ते कोतवाली नगर, वजीरगंज होते हुए नवाबगंज पहुंची। यहां पर ब्रह्मकुमारी बहनों ने रैली का स्वागत किया। इसके बाद रैली अयोध्या के लिए रवाना हो गई। स्कूटी रैली की प्रभारी सीओ (यातायात) बलरामपुर ज्योतिश्री ने अगुवाई की। रैली इटियाथोक थाने पहुंची। यहां सीओ शिल्पा वर्मा व प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने स्वागत किया। इसके बाद कोतवाली नगर पहुंची। यहां सीडीओ अरुन्मोली, सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा, एआरटीओ (प्रशासन) बबिता वर्मा, सीओ (करनैलगंज) नवीना शुक्ला, सीओ (सदर) शिल्पा वर्मा व समाजसेवी एवं अधिवक्ता रुचि मोदी ने स्वागत किया। संवाद

# वाह री पुलिस! चाकू के साथ दिखाई गिरफ्तारी

**संसू, बेलसर (गोंडा) :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साइकिल चोरी करते समय जिस चोर को पकड़कर चौकी पुलिस के हवाले किया गया था। उसे पुलिस ने बुधवार को चांदपुर नहर पुलिया के पास से चाकू के साथ गिरफ्तार होना दिखाया है। इसको लेकर बाजार में लोग तरह-तरह की चर्चा करते नजर आए।

मंगलवार की दोपहर में खोरहंसा के चिश्तीपुर निवासी इसरार को सीएचसी अधीक्षक ने सीसी कैमरे में साइकिल चुराते हुए देखा। उसे पकड़कर रगड़गंज चौकी पुलिस के हवाले कर दिया गया। अस्पताल कर्मी ने बताया कि अस्पताल परिसर से तीन साइकिल चोरी हो चुकी है।

उधर चौकी प्रभारी कामेश्वर राय का कहना था कि आरोपित के खिलाफ किसी ने तहरीर नहीं दी थी।

# मिशन शक्ति बनी मिसाल



देवीपाटन मंदिर से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

संवाद न्यूज एजेंसी

## महिला सशक्तीकरण रैली को योगी ने दिखाई हरी झंडी

तुलसीपुर (बलरामपुर)। तुलसीपुर स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी धाम से बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस की महिला सशक्तीकरण रैली (यात्रा) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का मिशन शक्ति कार्यक्रम मिसाल बन गया है। इसे अन्य राज्यों में भी मान्यता मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उ.प्र. पुलिस ने वर्ष 2020 में नवरात्र में ही मिशन शक्ति अभियान की शुरुआत भी बलरामपुर से की थी। कहा कि आज एक बार फिर नवरात्र के प्रारंभ पर आदिशक्ति मां पाटेश्वरी के धाम से पुलिस की ये यात्रा शुरू हो रही है। जो बुंदेलखंड के ललितपुर जिले तक पहुंचेगी। दूसरी यात्रा मां विंध्यवासिनी धाम से शुरू होकर गौतमबुद्धनगर तक जाएगी। ये दोनों यात्राएं विभिन्न जिलों से होते हुए रामनवमी पर अपने गंतव्य पर पहुंचेंगी।

कहा कि ये दोनों यात्राएं जिन-जिन जनपदों से गुजरेंगी, वहां इन मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम करते हुए आगे बढ़ेंगी। महिला पुलिसकर्मी प्रतिदिन 80 से 120 किलोमीटर का सफर दोपहिया वाहन से करेंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, सदर विधायक पल्टूराम, उतरौला विधायक रामप्रताप वर्मा, महंत मिथिलेश नाथ योगी आदि मौजूद रहे।

**आज अयोध्या पहुंचेगी रैली**...एडीजी जोन अखिल कुमार ने बताया कि ये रैली 23 मार्च को अयोध्या, 24 मार्च को लखनऊ, 25 को कानपुर नगर, 26 को हमीरपुर, 27 मार्च को उरई/जालौन, 28 मार्च को झांसी व 29 मार्च को ललितपुर पहुंचेगी।

**योगी जी से मिल लिए, अब पेपर भी अच्छा होगा**...रैली के शुभारंभ के मौके पर स्कूल ड्रेस में दूर खड़ी पाटन की रहने वाली कक्षा छह की छात्रा आफरीन व साबरीन पर मुख्यमंत्री की नजर पड़ी। मुख्यमंत्री ने दोनों को पास बुला लिया। मुख्यमंत्री ने पढ़ाई के बारे में पूछा।

पूछा- स्कूटी चला लेती हो? बेटियों ने जवाब दिया कि साइकिल चला लेते हैं। आफरीन ने कहा कि उसकी मुख्यमंत्री से मिलने की काफी इच्छा थी, आज पूरी हो गई। आज पेपर भी है, योगी जी से मिल लिए हैं अब पेपर भी अच्छा होगा।

# दहेज हत्या में वांछित गिरफ्तार

**करनैलगंज (गोंडा)।** दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर देने के मामले में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि रवि शर्मा पुत्र बड़कऊ निवासी ग्राम बेसन पुरवा गुरसडा थाना करनैलगंज दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहा था। अभियुक्त को कटरा रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध धारा 304, 498 ए व डीपी एक्ट का मुकदमा पूर्व में पंजीकृत था। संवाद

**दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार**...दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार इटियाथोक (गोंडा)। दहेज हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। रविवार को भवानीपुर खुर्द निवासी अवधेश मिश्रा की पत्नी बबिता मिश्रा (25) ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि दहेज हत्या के आरोपी पति अवधेश मिश्रा को गांधी चबूतरा चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। संवाद

# रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, आठ पर केस

नवाबगंज (गोंडा)। रास्ते के विवाद को लेकर बुधवार को कनकपुर गांव में दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की तहरीर एक महिला समेत आठ के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना क्षेत्र के कनकपुर गांव निवासी वंदना सिंह पत्नी रंग बहादुर सिंह उर्फ शंकर ने बताया कि सोमवार को गांव में बने आरसीसी रोड से अपने घर जा रही थी, तभी गांव के सूर्यभान सिंह, उदयभान सिंह, रवि प्रकाश तथा राम प्रकाश ने उधर से जाने से रोका।

विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। इधर, दूसरे पक्ष के सूर्य भान सिंह ने बताया कि गांव के तिलकराम सतीराम, आशाराम तथा रामजीत के उकसाने पर वंदना सिंह तथा उनके पति शंकर सिंह उसके घर की बाउंड्रीवॉल तोड़ दी और घर में मौजूद महिलाओं के साथ अभद्रता कर जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**तरबगंज (गोंडा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक कामेश्वर राय ने बताया कि बेलसर क्षेत्र के चांदपुर नहर पुलिया के पास से इशरार निवासी चिश्तीपुर खोरहंसा देहात कोतवाली के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। संवाद

# चार आरोपियों पर गैंगस्टर

**तरबगंज (गोंडा)।** जमीन फर्जीवाड़े के चार आरोपियों के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के रूपीपुर निवासी सुरेंद्र पांडेय, रमेश पांडेय, सत्यम पांडेय व रायपुर निवासी कालीचंद के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि तफ्तीश के दौरान पाया गया कि चारों का एक गिरोह है। संवाद

# मारपीट में तीन लोगों पर मुकदमा

**मनकापुर (गोंडा)।** जगतापुर निवासी जगदेव ने बुधवार को कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मंगलवार शाम खेत में गेहूं की फसल को देखने गया था। जहां देवरहना गांव के मूरत, सूरत व छांगुर गेहूं के फसल का नुकसान कर रहे थे। विरोध करने पर मारपीट की। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है। संवाद

# झोलाछाप के इलाज से मौत

**बेलसर (गोंडा)।** झोलाछाप के इलाज ने एक मासूम की जान ले ली। मामला सीएचसी क्षेत्र बेलसर के डिक्सिर का है। यहां के निवासी श्याम सुंदर ने बताया कि मंगलवार रात अपने मासूम बेटे अमर (3) की तबीयत खराब होने पर गांव के झोलाछाप को दिखाया, दवा देते ही बेटे को उल्टी शुरू हो गई। सीएचसी ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मुजेहना (गोंडा)।** धानेपुर पुलिस ने किशोरी का अपहरण व दुष्कर्म करने वाले आरोपी नीरज वर्मा निवासी बरईपारा को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि नीरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-03-2023

# नेपाल सीमा पर हमेशा सतर्कता रहे: डीआईजी

## निरीक्षण

बलरामपुर, संवाददाता। भारत नेपाल सीमा पर हमेशा सतर्कता बरती जाए। आवागमन करने वाले वाहनों व्यक्तियों की सघन तलाशी हो। किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। यह बातें पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा अमरीन प्रताप सिंह ने कही।

बुधवार को उपमहानिरीक्षक एसपी केशव कुमार के साथ थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत भारत नेपाल सीमा कोयलाबास बॉर्डर पर लगे बैरियर का निरीक्षण कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आगामी पर्व के मद्देनजर बॉर्डर की गतिविधियों पर सतर्कता बनाए रखें। ग्राम प्रधान चौकीदार ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ-साथ संभ्रांत व्यक्तियों के साथ समन्वय स्थापित करें। एसपी केशव कुमार ने कहा कि किसी प्रकार की गतिविधियां होने पर तुरंत पुलिस अधिकारियों को सूचित करें, जिससे कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की चूक होने पर बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसलिए सभी पुलिसकर्मी तथा एसएसबी जवान सतर्क रहें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जरवा व एसएसबी के जवान मौजूद रहे।

# चोरी की ट्राली के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना पचपेड़वा पुलिस ने चोरी की ट्राली के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। कबाड़ी विकास कुमार निवासी ग्राम पकड़ी शुक्ल को गिरफ्तार किया है।

शक्तिपीठ देवीपाटन, माता विजलेश्वरी मंदिर, सेखुआ परमेश्वरी सहित जिले के सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी रही भीड़

# सीएम योगी ने आदि शक्ति मां पाटेश्वरी की पूजा की

बलरामपुर, संवाददाता। जिले में बुधवार को नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। मां के दर्शन के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं तांता लग गया। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की उपासना कर उपवास शुरू किया। पहले दिन सीएम योगी ने सुबह साढ़े सात बजे तुलसीपुर स्थित आदि शक्ति मां पाटेश्वरी की पूजा अर्चना की। सीएम योगी गर्भगृह में गए। वहां मौजूद पुरोहित मातेश्वरी प्रसाद ने मां का श्रृंगार किया। मंत्रोच्चार के साथ माता जी को नया वस्त्र धारण कराया। योगी ने विश्व कल्याण के लिए मां पाटेश्वरी से प्रार्थना की।

नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा शुरू हुई। व्रतधारियों ने अपने-अपने घरों में कलश स्थापना की। मां शैलपुत्री की पूजा के बाद लोगों ने व्रत धारण किया। मंगलवार शाम छह बजे सीएम योगी शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचे। देवीपाटन मंदिर में उन्होंने रात्रि विश्राम किया। सुबह सात बजे आदि शक्ति मां पाटेश्वरी की पूजा की। गर्भगृह में पुरोहित मातेश्वरी प्रसाद ने मां का श्रृंगार किया। सीएम योगी ने कहा कि देश कल्याण के लिए शक्ति



आदि शक्ति मां पाटेश्वरी की पूजा अराधना करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

की पूजा आवश्यक है। भोर प्रहर से ही शक्तिपीठ देवीपाटन पहुंचे श्रद्धालु सूर्यकुंड में डुबकी लगाकर मां के दर्शन करने कतारबद्ध खड़े हो गए।

श्रद्धालुओं की लाइन मंदिर गेट से सूर्यकुंड तक लगी रही। कतार में खड़े श्रद्धालु माता के जयकारे लगाकर आगे बढ़ रहे थे। वहीं नगर के समीप तुलसीपुर बौद्ध परिपथ पर स्थित विजलेश्वरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। यहां पर भी श्रद्धालुओं की सुबह से ही लंबी कतार लगी रही। जिला मुख्यालय से लोगों ने पैदल जाकर देवी के दर्शन किए। नगर के झारखंडी मंदिर, पुरवा स्थित समय माता मंदिर, रहिया देवी मंदिर, उतरौला के ज्वाला देवी मंदिर व टेढ़ी बाजार के बड़की बाहिनी मंदिर पर श्रद्धालुओं ने पहुंचकर विधिवत पूजन-अर्चन कर व्रत उपवास शुरू किया।

## मुख्यमंत्री ने गुड़ खिलाकर गायों को दुलारा

तुलसीपुर, संवाददाता। रात्रि विश्राम के बाद सीएम योगी ने बुधवार सुबह 7:30 बजे आदिशक्ति मां पाटेश्वरी की आराधना की, साथ ही नौ दिन का व्रत उपवास भी शुरू किया। सीएम ने गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाकर उनका दुलार किया। वहीं मुंडन कराने आए बालक को चॉकलेट खिलाकर आशीर्वाद दिया।

सीएम योगी मंगलवार को तुलसीपुर शक्तिपीठ स्थित देवीपाटन मंदिर में राजकीय मेले की समीक्षा करने आए थे। योगी ने मंदिर के विशेष कक्ष में रात्रि विश्राम किया। वह सुबह 7:30 बजे मां पाटेश्वरी का दर्शन करने गए। उस समय श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी थी। योगी को विशेष गेट से मंदिर में प्रवेश दिया गया। सीएम योगी ने लगभग 15 मिनट तक मां की आराधना की। योगी को दर्शन करता देख श्रद्धालुओं ने आदि शक्ति मां पाटेश्वरी के गगनभेदी जयकारे लगाए। दर्शन के पश्चात उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण कर जायजा लिया। जिसके बाद वह मंदिर के गौशाला पहुंच गए।



शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर गौशाला में गाय को चारा खिलाते सीएम योगी व अन्य।

वहां पर उन्होंने गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाकर उनका दुलार किया। इसी बीच योगी की नजर गौशाला के निकट बैठे एक बालक पर पड़ी। उन्होंने बालक को बुलाकर चॉकलेट खिलाया और आशीर्वाद दिया। पिता ने बताया कि वह बालक का मुंडन कराने आए थे। सीएम योगी का आशीर्वाद पाकर बालक के माता-पिता निहाल हो गए। डीएम डा. महेंद्र कुमार व एसपी केशव कुमार सुबह 5:30 बजे ही मंदिर पहुंच सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे।

शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर महंत मिथिलेश नाथ योगी ने बताया कि मुख्यमंत्री सुबह 9:20 बजे हेलीकॉप्टर से लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

# नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को मिलेगा बढ़ावा

बलरामपुर, संवाददाता। चैत्र नवरात्र के पहले दिन नारी सुरक्षा सम्मान व स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य सीएम योगी ने महिला सशक्तिकरण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 15 स्कूटी पर सवार 30 महिला कांस्टेबल अयोध्या से ललितपुर तक जाएंगी। वे रास्ते में पड़ने वाले हॉट बाजारों में रुक कर महिला उत्थान से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों से साझा करेंगी।

सीएम योगी ने देवीपाटन मंदिर के सामने से महिला सशक्तिकरण रैली को रवाना किया। रैली तुलसीपुर बाजार में पहुंची तो वहां तमाम महिलाओं ने आरक्षियों का सम्मान किया। आरक्षी दीपिका ने कहा कि महिलाओं एवं छात्राओं को मनचलों से डरने की जरूरत नहीं।

पुलिस उनके साथ खड़ी है। आवश्यकता पड़ने पर आपात सेवा 112 व महिला हेल्पलाइन 1090 पर फोन कर पुलिस की मदद ले सकती हैं। छात्राएं अपने को कमजोर न समझें। यह मत भूलें कि अपने देश में हमेशा नारी शक्ति की पूजा होती रही है। रमईडीह में महाराजगंज के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने रैली में शामिल आरक्षियों का स्वागत किया। कोतवाली नगर अंतर्गत बिजलीपुर स्थित मां बिजलेश्वरी माता मंदिर में महिला आरक्षियों ने महिला श्रद्धालुओं को महिला सुरक्षा से संबंधित योजनाएं बताई। वहां मौजूद कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार सिंह ने महिला आरक्षियों का हौसला बढ़ाया। कहा की देश की बेटियां किसी मामले में पीछे नहीं है। सुरक्षा के मामले में वे पुरुषों से भी आगे बढ़कर काम कर रही हैं।

वीर विनय चौराहे पर रैली पहुंची तमाम लोगों ने स्वागत किया। भगवतीगंज में भी महिला आरक्षियों का स्वागत व्यापारियों ने किया। रैली में शामिल महिला कांस्टेबलों ने पुलिस लाइन पहुंचकर भोजन ग्रहण किया। उसके बाद में स्कूटी से अयोध्या के लिए निकल पड़ी।



महिला सशक्तिकरण को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीएम योगी।

# ट्राली के साथ आरोपित गिरफ्तार

**बलरामपुर :** पचपेड़वा थाने की पुलिस ने चोरी की ट्राली के साथ आरोपित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि जनपद सिद्धार्थनगर के थाना इटवा ग्राम पकड़ी शुक्ल निवासी विकास कुमार को थाना पचपेड़वा के विजयनगर में गिरफ्तार किया गया है। विकास की निशानदेही पर जनपद सिद्धार्थनगर के विस्कोहर बाजार से उसके दुकान से ट्राली जब्त कर ली गई है।(संस)

# वाहनों की नीलामी पांच को

**बलरामपुर :** पांच अप्रैल को जब्त, लावारिस, चार पहिया, दो पहिया, ट्रक, जीप व ट्रैक्टर की नीलामी की जाएगी। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया इससे से थाना परिसर में सफाई हो जाएगी।(संसू)

# देवी के चरण पखार महिला सशक्तीकरण रैली का आगाज

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने **महिला सशक्तीकरण रैली** को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### मां के द्वारे सीएम

**संवादसूत्र, तुलसीपुर (बलरामपुर) :** शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में मां की आराधना कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला सशक्तीकरण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए आधी आबादी की सुरक्षा का संकल्प लिया। नवरात्र और देवीपाटन का महात्म्य भी बताया। कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नव संवत्सर प्रारंभ होता है। सीएम ने कहा कि नवरात्र नारी शक्ति में जोश और उत्साह भरने का पर्व है। इस अवसर पर नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से महिला सशक्तीकरण रैली की शुरुआत की जा रही है, जो बलरामपुर से चलकर ललितपुर तक जाएगी। दूसरी रैली शक्तिपीठ विंध्यवासिनी मंदिर से चलकर गौतमबुद्ध नगर तक जाएगी। इस रैली का समापन 29 मार्च को होगा। प्रत्येक दिन स्कूटी पर महिला सिपाही और अधिकारी 80 से 120 किमी तक यात्रा करेंगी। प्रत्येक जिले में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के मुद्दे पर कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक करते हुए रैली आगे बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 में मिशन शक्ति की शुरुआत भी बलरामपुर से की थी। तब भी मैं बलरामपुर आया था और नवरात्र के प्रथम दिन बलरामपुर से इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया था। मुझे प्रसन्नता है कि मिशन शक्ति कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार ने जो चलाया, वह एक मिसाल बनी। इस कार्यक्रम को कई राज्यों में भी मान्यता मिली। कहा कि यह शक्तिपीठ मां सती से जुड़ा हुआ है, जो दक्ष प्रजापति के यज्ञ विध्वंस के दौरान उनके शव को कंधे पर रखकर तीनों लोकों के स्वामी भगवान शंकर के आक्रोश को देख, भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से मां के शरीर के टुकड़े कर दिए थे। यहां पर देवी मां का बांया कंधा वस्त्र सहित गिरा था, जो शक्तिपीठ कहलाया। शक्तिपीठ नारी शक्ति के स्वावलंबन का पीठ है। आदिशक्ति की पूजा नारी के सम्मान को प्रदर्शित करती है। रैली रवाना करने के साथ ही मुख्यमंत्री अपने काफिले के साथ भवनियापुर में स्थित हेलीपैड से हेलीकाप्टर से लखनऊ रवाना हो गए। तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, सदर विधायक पल्टूराम, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, मंडलायुक्त एमके अग्रवाल, डीआइजी एपी सिंह, जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार, एसपी केशव कुमार मौजूद रहे।

**सीएम ने देवी मां की उतारी आरती :** मेला की समीक्षा करने दो दिवसीय दौरे पर देवी पाटन मंदिर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह देवी मां की पूजा अर्चना की। गर्भगृह में दुर्गा सप्तशती पाठ कर आरती उतारी। इसके बाद गोशाला में गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाकर दुलार किया।





शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर से महिला सशक्तीकरण रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते सीएम योगी आदित्यनाथ व रैली में शामिल महिला पुलिसकर्मी ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

# मासूम बेटियों ने सीएम तक पहुंचाया दिव्यांग पिता का दर्द

**संसू, तुलसीपुर :** कहते हैं कि जब मन में दृढ़ इच्छा और नीयत साफ हो तो ऊपर वाला भी सहयोग करता है। ऐसा ही कुछ चमत्कार देवीपाटन की रहने वाली प्राइमरी स्कूल में कक्षा चार और पांच में पढ़ रही दो सगी बहनों आफरीन और साबरीन के साथ हुआ।

वह अपने दिव्यांग पिता रईस की समस्या को लेकर लिखी चिट्ठी को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने में कामयाब हो गईं। हुआ यूं कि बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तुलसीपुर-हरैया मुख्य मार्ग पर महिला सशक्तीकरण रैली को झंडी दिखाने के लिए उपस्थित थे। यह दोनों बहने दर्शकदीर्घा में परिषदीय स्कूल की ड्रेस पहनकर खड़ी थीं। अचानक सीएम की नजर इन पर पड़ी तो वह इन बच्चियों को इशारे से अपने पास बुला लेते हैं। अपने साथ-साथ उसे भी झंडी दिखाने के लिए कहते हैं। झंडी दिखाने के बाद खुशी से उत्साहित बहनों ने तुरंत अपनी जेब से चिट्ठी निकालकर योगी जी के हाथों में दे देती है। टूटी फूटी आवाज में समस्या बताने का भी प्रयास करतीं हैं। योगी जी ने समस्या सुनते हुए चिट्ठी पढ़कर वहां मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर चल देते हैं।



देवीपाटन मे ठेला लगाकर फल बेचती दिव्यांग रईस की पत्नी ● जागरण



आफरीन ● जागरण

**फल-सब्जी का ठेला लगाता है दिव्यांग रईस :** दोनों पैर से दिव्यांग रईस देवीपाटन में सब्जी व फल का ठेला लगाता है। रहने के लिए उसके पास घर है और न ही दुकान लगाने के लिए कोई स्थान। वह जहां ठेला लगाता है, वहां से प्रशासन बार-बार हटा देता है। पत्नी व तीन बच्चों को पालने की जिम्मेदारी दिव्यांग रईस पर है। वह अपनी समस्या बताने के लिए खुद नहीं पहुंच सकता था, तो अपनी बेटी को चिट्ठी लेकर इसके पहले तीन बार मुख्यमंत्री से मिलने के लिए भेजा था, लेकिन भारी पुलिस फोर्स और पाबंदियों के बीच में वह कभी नहीं मिल पाई।

**खुशी से फूली नहीं समा रही आफरीन :** छात्रा आफरीन कहती हैं कि मुझे आज बहुत अच्छा लगा कि मैं अपने पिता की समस्याओं को सीएम को बताने में कामयाब हुई। जब उन्होंने ने मुझे बुलाया तो मैं खुशी से दौड़ पड़ी। पुलिस ने रोकने की कोशिश की, लेकिन जब सीएम का इशारा देखा, तो वह हट गए।

मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तीकरण रैली को बलरामपुर से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, महिला सुरक्षा व सम्मान है इसका उद्देश्य

# मिशन शक्ति कार्यक्रम बन गया मिसाल: योगी

लखनऊ/बलरामपुर, हिटी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर में नवरात्र के प्रथम दिवस पर मिशन शक्ति के तहत आयोजित महिला सशक्तिकरण रैली को बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएम ने कहा कि मिशन शक्ति जहां कार्यक्रम जहां मिसाल बना, वहीं अनेक राज्यों में भी इसे मान्यता मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से नवरात्रि प्रारंभ हुई है। भारतीय परंपरा में यह शक्ति पूजा का अनुष्ठान है। नौवीं तिथि पर भगवान श्रीराम का जन्म हुआ। देवीपाटन शक्तिपीठ का अपना माहात्म्य है। नवरात्रि में यहां दूरदराज से आकर भक्त मां के दर्शन करते हैं।

**महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन है यात्रा का उद्देश्य**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने 2020 में मिशन शक्ति के तहत एक अभियान प्रारंभ किया था। तब भी मैं यहां आया था। बलरामपुर से उस कार्यक्रम को हमने आगे बढ़ाया था। मिशन शक्ति का कार्यक्रम प्रदेश में मिसाल बना। इस कार्यक्रम को अनेक राज्यों में मान्यता मिली। आज जब नवरात्रि प्रारंभ हुई है, तब यूपी पुलिस ने दो कार्यक्रम प्रारंभ किये हैं। पहली यात्रा मां पाटेश्वरी के इस पावन धाम बलरामपुर से प्रारंभ होकर बुंदेलखंड के ललितपुर पहुंचेगी। दूसरी यात्रा मां विन्ध्यवासिनी धाम से शुरू होकर गौतमबुद्ध नगर तक पहुंचेगी। रामनवमी पर पहली यात्रा ललितपुर और दूसरी यात्रा गौतमबुद्ध नगर में पहुंचेगी। इसके पीछे उद्देश्य महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन है। इस थीम पर यह यात्रा प्रारंभ हुई है। इस यात्रा को प्रारंभ कर खुशी की अनुभूति हो रही है। यह यात्रा जिन भी जिलों में जाएगी, वहां नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम करते हुए बढ़ेगी।




भारत-दक्षिण कोरिया के मैत्री संबंध के 50 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिह्न देते आयोजक। इस मौके पर सीएम ने दोनों देशों के प्रगाढ़ संबंधों को रेखांकित किया।

**लोककल्याण के लिए जीवन समर्पित करें**

सीएम योगी ने कामना की कि मां भगवती आपको इतना समृद्ध करें कि आप अपना जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर सकें। सीएम ने महिला सशक्तिकरण यात्रा के प्रति भी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने नन्हें बच्चों को दुलार भी किया। इस दौरान स्थानीय महिला प्रधानों ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भी भेंट किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, विधायक कैलाश शुक्ल समेत कई महिला प्रधान अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी मौजूद रहे।

## सदियों पुराने भारत-कोरिया संबंध नई ऊंचाइयां छू रहे

- भारत-कोरिया संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम
- सीएम बोले, भारत ने दुनिया को बुद्ध दिया

लखनऊ, संवाददाता। भारत और दक्षिण कोरिया के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध शताब्दियों पुराने हैं। कोरिया के ध्यान पंथ स्योन की उत्पत्ति श्रावस्ती के जेतवन से हुई है। इस दृष्टि से आप विदेश में नहीं बल्कि अपने पूर्वजों के घर आए हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भारत-दक्षिण कोरिया के मैत्री संबंध के 50 वर्ष पूरे होने पर बुद्ध विहार शांति उपवन में आयोजित कोरिया जोग्ये भिक्षु संघ के अभिनंदन समारोह में कहीं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दो हजार वर्ष पूर्व अयोध्या की राजकुमारी ने जलमार्ग से दक्षिण कोरिया की यात्रा की थी। जहां उनका विवाह राजा किम सुरो के साथ हुआ। वहां उनका नाम हू वांग ओक पड़ा। वर्तमान समय में दक्षिण कोरिया में एक बड़ी आबादी इस वंश से जुड़ी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दक्षिण कोरिया और भारत के संबंध नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं। वर्ष 2018 में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेई इन और प्रधानमंत्री मोदी ने गौतमबुद्धनगर में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की मोबाइल फोन निर्माण इकाई का संयुक्त उद्घाटन किया था।

सीएम ने कहा कि अपनी आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भारत को जी-20 समूह की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है। पूरी दुनिया में जब मैत्री और करुणा की बात होती है तो विश्व भगवान बुद्ध को स्मरण करते हैं। दुनिया के देशों ने युद्ध दिया, जबकि भारत ने दुनिया को बुद्ध दिया है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का संचालन शुरू हो गया है।



बलरामपुर के शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में पूजा अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमर

## मां पाटेश्वरी के दरबार में योगी ने नवाया शीष

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर परिसर में की गोसेवा, बच्चों को बांटी चॉकलेट

संवाद न्यूज एजेंसी

तुलसीपुर (बलरामपुर)। या देवि सर्वभूतेषु प्रकृति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः... के उच्चारण के साथ देवीपाटन मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मां की आराधना की। साथ ही एक माह तक चलने वाले मेले का शुभारंभ भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह देवीपाटन मंदिर में मां पाटेश्वरी की आराधना की। घंटे-घड़ियाल की गूंज के बीच पूजन करने के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित गोशाला में गए। वहां उन्होंने गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने मंदिर आए भक्तों के बच्चों को चॉकलेट बांटी। इसी के साथ एक माह तक चलने वाले मेले का औपचारिक शुभारंभ हुआ। मेले में सर्कस, झूला सहित अन्य दुकानें सजाई गई हैं।

**देवीपाटन में एक माह के चैत्र मेले का किया शुभारंभ**

मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी ने कहा कि मेले में भक्तों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए प्रयास किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों से मंदिर परिसर समेत पूरे मेले की निगरानी की जा रही है। व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों को लगाया गया है। नवरात्र के पहले दिन बुधवार को शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में भोर से देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। माता के जयकारों के बीच भक्तों ने मां पाटेश्वरी को पुष्प, धूप, दीप, अक्षत, नारियल व चुनरी आदि चढ़ाकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

# हत्या के मामले में दस लोग दोषी करार

**बलरामपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने हत्या के मामले में दस लोगों को दोषी करार दिया है। न्यायालय के आदेश पर सभी दोषियों को जेल भेज दिया गया है। 24 मार्च को दंड पर फैसला सुनाया जाएगा।

सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन कुमार तिवारी ने बताया कि ललिया थाना क्षेत्र के राजपुर सिरहिया गांव निवासी भुर्रे ने 24 जुलाई 1995 को थाने में तहरीर दी थी। जिसमें उसने कहा था कि गांव के 16 लोगों ने मेरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बाद में भाई छोटकऊ की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। सभी 16 लोगों को प्रथम दृष्टया घटना का दोषी मानते हुए न्यायालय में आरोप पत्र भेजा गया। (संवाद)

# मिशन शक्ति बनी मिसाल



देवीपाटन मंदिर से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## महिला सशक्तीकरण रैली को योगी ने दिखाई हरी झंडी

संवाद न्यूज एजेंसी

**तुलसीपुर (बलरामपुर)।** तुलसीपुर स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी धाम से बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस की महिला सशक्तीकरण रैली (यात्रा) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का मिशन शक्ति कार्यक्रम मिसाल बन गया है। इसे अन्य राज्यों में भी मान्यता मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उ.प्र. पुलिस ने वर्ष 2020 में नवरात्र में ही मिशन शक्ति अभियान की शुरुआत भी बलरामपुर से की थी। कहा कि आज एक बार फिर नवरात्र के प्रारंभ पर आदिशक्ति मां पाटेश्वरी के धाम से पुलिस की ये यात्रा शुरू हो रही है। जो बुंदेलखंड के ललितपुर जिले तक पहुंचेगी। दूसरी यात्रा मां विंध्यवासिनी धाम से शुरू होकर गौतमबुद्धनगर तक जाएगी। ये दोनों यात्राएं विभिन्न जिलों से होते हुए रामनवमी पर अपने गंतव्य पर पहुंचेंगी।

कहा कि ये दोनों यात्राएं जिन-जिन जनपदों से गुजरेंगी, वहां इन मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम करते हुए आगे बढ़ेंगी। महिला पुलिसकर्मी प्रतिदिन 80 से 120 किलोमीटर का सफर दोपहिया वाहन से करेंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, सदर विधायक पल्टूराम, उतरौला विधायक रामप्रताप वर्मा, महंत मिथिलेश नाथ योगी आदि मौजूद रहे।

**आज अयोध्या पहुंचेगी रैली...**एडीजी जोन अखिल कुमार ने बताया कि ये रैली 23 मार्च को अयोध्या, 24 मार्च को लखनऊ, 25 को कानपुर नगर, 26 को हमीरपुर, 27 मार्च को उरई/जालौन, 28 मार्च को झांसी व 29 मार्च को ललितपुर पहुंचेगी।

**योगी जी से मिल लिए, अब पेपर भी अच्छा होगा...**रैली के शुभारंभ के मौके पर स्कूल ड्रेस में दूर खड़ी पाटन की रहने वाली कक्षा छह की छात्रा आफरीन व साबरीन पर मुख्यमंत्री की नजर पड़ी। मुख्यमंत्री ने दोनों को पास बुला लिया। मुख्यमंत्री ने पढ़ाई के बारे में पूछा।

पूछा- स्कूटी चला लेती हो? बेटियों ने जवाब दिया कि साइकिल चला लेते हैं। आफरीन ने कहा कि उसकी मुख्यमंत्री से मिलने की काफी इच्छा थी, आज पूरी हो गई। आज पेपर भी है, योगी जी से मिल लिए हैं अब पेपर भी अच्छा होगा।

# एडीजी ने परखी सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था



जनकपुर मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीआईजी व अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार ने बुधवार को अधिकारियों के साथ नवरात्र मेले व सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा का जायजा लिया। साथ ही सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

एडीजी ने नेपाल सीमा स्थित जनकपुर मंदिर में नवरात्र पर लगने वाले मेले की तैयारियों का जायजा लिया। मेले में पुलिस सहायता केंद्र, बैरियर एवं पार्किंग व्यवस्था आदि व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए निर्देश दिया। साथ ही सीमा पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए अधिकारियों से जानकारी हासिल की।

डीआईजी देवीपाटन रेंज अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने नेपाल सीमा पर कोयलाबास बॉर्डर का निरीक्षण कर सीमा पर तैनात एसएसबी

## जनकपुर मंदिर पर लगने वाले नवरात्र मेले की व्यवस्थाओं की भी ली जानकारी

जवानों एवं पुलिसकर्मियों से संवाद कर जानकारी हासिल की। डीआईजी ने सीमा की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने व ग्राम प्रधान, चौकीदारों, ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा।

कहा कि ग्रामीणों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाए कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, व्यक्ति या वस्तु मिलने पर पुलिस को सूचना जानकारी दी जाए। वरिष्ठ अधिकारी खुद इसकी मॉनीटरिंग करेंगे। इस मौके पर एसपी केशव कुमार, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, सीओ तुलसीपुर राघवेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 23-03-2023

हिन्दुस्तान

# भू-माफिया से मुक्त जमीनों पर अब लगेंगे निवेशकों के उद्योग

## सीएम के फरमान पर टॉस्क फोर्स सक्रिय, भू-माफिया की तैयार हो रही कुंडली

**योजना**

- 300 एकड़ जमीन की होगी जरूरत, 85 फीसद के पास जमीन उपलब्ध
- 4493.61 करोड़ का अब तक निवेश मिला

**बहराइच, संवाददाता।** तराई की तरक्की के लिए आए निवेशों के धरातल पर आकार लेने में अब जमीन की कमी आड़े नहीं आएगी। प्रशासन उन्हें बिना दौड़भाग के जरूरत के हिसाब से जल्द भूमि आवंटित करेगा। कूटरचित दस्तावेजों व भू-माफिया के कब्जे की जमीनों को मुक्त कराकर निवेशकों को उद्योगिक विकास के लिए देने की योजना तैयार हो रही है। पुलिस-प्रशासन चिंहित जमीनों से भू-माफिया व बरजोरों को जल्द बेदखल करने का अभियान शुरू करेगा।

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में बहराइच लक्ष्य से तीन गुना निवेश हासिल करने वाला प्रदेश का अग्रणी जिला है। यहां 1500 करोड़ के सापेक्ष 4493.61 करोड़ लागत के 175 एमओयू साइन हो चुके हैं, 17 और निवेश प्राप्त हुए हैं। इनका परीक्षण हो रहा है, जिले में निवेश करने वाले 85 फीसद क्षेत्रीय निवेशक हैं। उद्योग लगाने के लिए इनके पास जमीन पहले से ही उपलब्ध है। 15 फीसद निवेशकों के लिए लगभग 300 एकड़ जमीन की जरूरत पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने भू-माफिया व कूटरचित दस्तावेजों से अपनाई गई सरकारी व गैर सरकारी जमीनों को खाली कराकर निवेशकों को तत्काल देने का फरमान सुनाया है। चिंहित भू-माफिया से जमीनों को मुक्त कराने के लिए पुलिस व प्रशासन कार्रवाई शुरू करे। जमीन के अभाव में एक भी प्रोजेक्ट न रुकें और न ही निवेशक को दौड़ लगाना पड़े। जल्द ही टीम भू-माफिया को बेदखल करने के लिए बुलडोजर लेकर पहुंचेगी। खासकर शहरी क्षेत्र से जुड़ी सरकारी जमीनों पर काबिज बरजोरों की सूची तैयार करने के लिए लेखपालों को पहले भी निर्देश दिए जा चुके हैं। वीरेंद्र कुमार, उपायुक्त, उद्योग, ने बताया कि जिले में अधिकांश निवेशकों के पास पहले से ही जमीन है। अधिकतम 300 एकड़ जमीन की जरूरत होगी। यह जमीन भू-माफिया के कब्जे से मुक्त कराकर निवेशकों को देने के निर्देश दिए गए हैं।

### तहसीलवार चलेगा अभियान, तैयार हो रहा मसौदा

मंडलीय समीक्षा में मुख्यमंत्री के भू-माफिया पर सख्त कार्रवाई के आदेश के बाद प्रशासन भी ठोस मसौदा तैयार कर रहा है। एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में तहसीलवार सरकारी जमीनों को चिंहित कर उन पर काबिज लोगों को खुद ही जमीन छोड़ने की नोटिस की तैयारी हो रही है। साथ ही दस्तावेजों की भी राजस्व टीम जांच करेगी। कार्रवाई के साथ ही कब्जे को हटाया भी जाएगा।

### सीएम को भेजी जाएगी संलिप्त सफेदापोशों की रिपोर्ट

जीरो टालरेंस की नीति पर भू-माफिया पर सीएम कें कार्रवाई के निर्देश पर पुलिस व प्रशासन सख्त कदम उठाने की तैयारी में हैं। भू-माफिया को बचाने व संलिप्त सफेदपोशों की भी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। ऐसे लोगों की रिपोर्ट सीएम व मुख्य सचिव को भेजी जाएगी। इसके लिए सीएम की ओर से आदेश दिए जा चुके हैं।

### डीएम व एसपी निवेशकों से करेंगे मंथन

जिले में निवेश करने वाले निवेशकों के संग जल्द ही डीएम डॉ. दिनेश चंद्र व एसपी प्रशांत वर्मा बैठक करेंगे। इसमें निवेश से जुड़े दस्तावेजों, जमीन, अनापत्ति प्रमाण पत्र, बिजली कनेक्शन समेत सभी बिंदुओं पर मंथन किया जाएगा। संबंधित विभाग समस्याओं को दूर करेंगे।

हिन्दुस्तान

# सुरक्षा की भावना जगा रही एसएसबी

रुपईडीहा, संवाददाता। एसएसबी 42वीं वाहिनी की ओर से लार्ड बुद्धा कालेज ऑफ फार्मेसी सभागार में नेपाल सीमा से सटे ग्रामवासियों को कृषि उपकरण व विद्यार्थियों को खेल सामग्री वितरित की। 42वीं वाहिनी के कमांडेंट तपनदास की ओर से 317 लाभार्थियों को उपकरण व विद्यार्थियों को खेल सामग्री का वितरण किया गया। उन्होंने नेपाल सीमा से सटे भारतीय गांवों में एसएसबी के सेवा, सुरक्षा व बंधुत्व के सिद्धांतों पर काम करने का उद्देश्य बताया।

कमांडेंट ने कहा कि नेपाल सीमा से सटे भारतीय गांवों में सुरक्षा की भावना पैदा करने, आतंकवादी गतिविधियों पर नियंत्रण करने व मादक पदार्थों की तस्करी रोकने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे जवान सामाजिक चेतना, पशु व मानव चिकित्सा शिविर भी समय- समय पर लगाती है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र के जरूरतमंद किसानों के लिए कृषि उपकरण सोलर लाइट का वितरण, गांवों के युवाओं की खेल प्रतिभा निखारने के लिए खेल सामग्री का वितरण किया जा रहा है। मुख्य अतिथि नानपारा विधायक राम निवास वर्मा ने एसएसबी के कल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर पड़ोसी देश नेपाल के जिला बांके के आर्म्ड पुलिस फोर्स के एसपी रमेश विक्रम शाही, सिविल पुलिस के एसपी संतोष सिंह राठौर, लार्ड बुद्धा डिग्री कालेज के निदेशक डॉ. हरीश चंद, डॉ. यशपाल, हाजी अब्दुल कलीम, उपजिलाधिकारी नानपारा अजित परेश, नायब तहसीलदार नानपारा शैलेश अवस्थी सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## इन सामानों का वितरण किया गया

सोलर लाइट- 16, कृषि उपकरण- 100, स्प्रे मशीन- 70, क्रिकेट किट- 06 सेट, फुटबाल- 20, बैडमिंटन सेट- 15, वालीबाल नेट सहित- 12 व कैरमबोर्ड- 28 पीस किसानों व छात्र- छात्राओं को वितरित किया गया। छात्र- छात्राओं ने स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

- मादक पदार्थों की तस्करी रोकने का भी काम कर रही
- 317 लाभार्थियों को उपकरण व विद्यार्थियों को खेल सामग्री बांटी

हिन्दुस्तान

रबी फसलों का बीमा कराने से मिलेगी राहत, क्षति का जुटा रहे ब्योरा, गैर बीमित किसानों को सरकार की अनुकंपा पर मिलेगी मदद

# एक लाख किसानों के जख्मों पर लगेगा मरहम

■ प्रदीप तिवारी

बहराइच। बेदर्द मौसम के बदले मिजाज ने तराई के अन्नदाताओं को इस बार भी गहरा दर्द दिया है। 36 घंटे के बदले मिजाज से छह माह की मेहनत पर ऐसा पानी फिरा कि खेतों में लहलहा रही फसलें देखते-देखते जमींदोज हो चुकी हैं। किसान किस्मत को कोस रहे हैं, तो कृषि विभाग राहत देने के लिए क्षति का आंकलन कराने में जुट गया है। हालांकि पीएम फसल बीमा कवच से आच्छादित 103867 बीमित किसानों के जख्मों पर मरहम लगेगा तो गैर बीमित किसानों को सरकार की अनुकंपा पर ही राहत मिलने की उम्मीद टिकी है।



खेतों में पसरे गेहूं के फसल के देखते किसान।

कृषि विभाग के रबी फसलों के आंकड़े बताते हैं कि पांच लाख से अधिक किसान वाले तराई क्षेत्र में इस बार गेहूं, सरसों, मसूर का रकबा किसानों ने बढ़ाया था। मौसम का साथ मिलने से फसलें भी दानों से लदी रहीं। किसान भरपूर पैदावार को लेकर आशावान दिख रहा था, लेकिन इस बार भी उनके अरमानों पर बदले मौसम के मिजाज ने पानी फेर दिया है। खरीफ की फसलों को बाढ़ ने तबाह कर दिया था। उसका जख्म भरा नहीं था कि अब पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आंधी-पानी व ओलों ने फसलों को बर्बाद कर दिया है। जिस फसल के बूते किसान आर्थिक स्वावलंबन व कर्ज से उबरने की मंशा संजोए हुए थे।

फसल के नष्ट होने से उसके होश उड़ गए हैं। इन्हीं आपदाओं से राहत देने के लिए पीएम फसल बीमा योजना वरदान बनती रही है। इस बार भी रबी सीजन में 103867 किसानों ने बीमा कराया था। बेमौसम बारिश से क्षति हुई फसलों का आकलन बीमा कंपनियों की ओर से किया जा रहा है।

क्षति के आधार पर बीमित किसानों को क्षतिपूर्ति मिलेगी, लेकिन अधिकांश गैर बीमित किसानों को सरकार के भरोसे पर राहत मिल सकती है।

**सरसों, मसूर को भारी क्षति:** बेमौसम बारिश से सर्वाधिक सरसों व मसूर की फसल को क्षति पहुंची है। अधिकांश किसानों ने कटाई कर फसलों को खेतों में सूखने के लिए छोड़ दिया था। यह फसलें आंधी, पानी व ओले से नष्ट हो गई हैं।

## खेतों में पहुंच रहे डीएओ, जुटा रहे ब्योरा

बहराइच। सरकार की ओर से जारी आदेश पर जिला कृषि अधिकारी अपनी टीम संग सीमावर्ती मिहींपुरवा ब्लॉक में क्षति का आकलन के लिए किसानों के खेतों में जुटे रहे। उन्होंने बताया कि बीमित के अलावा अन्य किसानों को भी राहत मुहैय्या कराने के लिए क्षति की रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। राजस्व टीम भी अपने स्तर से रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी।

> फसलों की क्षति का आकलन हो रहा है। बीमा कंपनी के प्रतिनिधि भी लगाए गए हैं। किसानों को राहत मुहैय्या कराई जाएगी।
>
> -सतीश कुमार पांडेय, जिला कृषि अधिकारी, बहराइच

हिन्दुस्तान

# मोहम्मदा समय में मिट्टी खनन देख भड़के महसी विधायक

बहराइच, संवाददाता। भूकम्प की सवार्धिक खतरनाक पट्टी पर बसे जिले में मिट्टी व बालू का अवैध खनन कभी भी तबाही बरपा सकता है। बुधवार को रिसिया के मोहम्मदा समय मां मंदिर में बांसतिक नवरात्र पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित महसी विधायक सुरेश्वर सिंह मिट्टी का अवैध खनन देख कर भड़क उठे। उनके पहुंचते ही अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर- ट्रॉली सवार लोग फरार हो गए। महसी विधायक ने तत्काल सदर एसडीएम व जिला खनन अधिकारी राज रंजन पांडेय को तलब किया। विधायक व जिला खनन अधिकारी में तगड़ी नोक झोक हुई। आखिरकार बाद में जिला खनन अधिकारी ने रिसिया थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।



मोहम्मदा समय में अवैध खनन पर महसी विधायक अफसरों से नाराजगी जताई।

रिसिया थाने के उंचवा पुरैनी के मजरे मोहम्मदा नाले के समीप ही प्राचीन काल का महम्दा समय मंदिर है। बांसतिक नवरात्र के प्रथम दिन यहां कार्यक्रम में महसी विधायक सुरेश्वर सिंह को बतौर मुख्य अतिथि आंमत्रित किया गया था। वह बुधवार दोपहर में लाव लश्कर के साथ मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान मोहम्मदा नाला में अवैध मिट्टी खनन कर रहे लोग विधायक का काफिला देख वाहन सहित चला गया। भीषण रूप से खनन देख कर महसी विधायक नाराज हो उठे।

> महसी विधायक का यह इलाका नहीं है। इसलिए वह वस्तुस्थिति नहीं जानते है, खनन पुराने समय का है। छिटपुट खनन से इन्कार नहीं किया जा सकता। रिसिया थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।
>
> -राज रंजन पांडेय, जिला खनन अधिकारी, बहराइच

हिन्दुस्तान

# मटेरा थाने में शांति समिति की बैठक

बहराइच। बासंतिक नवरात्र व रमजान त्योहार के मद्देनजर मटेरा थाने मे बुधवार को शांति कमेटी की बैठक एसएचओ मनोज कुमार सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें थाने इलाके के प्रभावशाली व्यक्ति एवं विभिन्न धर्मो के धर्म गुरुओं को बुलाकर शासन व उच्च अधिकारियों के आदेशों व निर्देशों से अवगत कराया गया। त्योहारों को शांतिपूर्ण, सकुशल तथा भाईचारे के साथ सद्भावना पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई।

# मातारानी के जयकारों से गूंजे मंदिर, उमड़े श्रद्धालु

## घरों में हुए जागरण के कार्यक्रम मंदिरों में हवन यज्ञ और प्रवचन के आयोजन





संघारिणी माता मंदिर मे नवरात्र पर पूजन करते भक्त व मंदिर मे स्थापित मा की प्रतिमा ● जागरण

**जासं, बहराइच :** मां भगवती की आराधना के महापर्व नवरात्र के प्रथम दिन मंदिरों में श्रद्धालु उमड़ पड़े। मातारानी के दर्शनों के लिए मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने काफी देर लाइन में लगकर मातारानी का दर्शन-पूजन किया। इस मौके पर मंदिरों में हवन, यज्ञ और प्रवचन के आयोजन किए गए। घरों में जागरण आदि के आयोजन किए गए।

नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन किया गया। मां शैलपुत्री की पूजा से साधक को सुख समृद्ध, सौभाग्य के अलावा निरोगी जीवन प्राप्त होता है। साधक के मन को शक्ति मिलती है। जीवन की सभी बाधाएं दूर होती है। प्रथम दिन दिन शहर के प्रमुख संघारिणी मंदिर में सुबह से भक्तों की लाइन लग गई। लोगों ने सुगंधित पुष्प, लाल चंदन, फल और मिष्ठान से मातारानी का पूजन किया।

इस मंदिर में यज्ञ के आयोजन किए गए। मौनीबाबा आश्रम में मातारानी के दरबार में दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। महिलाओं ने मातारानी के भजन गाए। मंदिर परिसर के बाहर बने यज्ञ मंडप में विद्वान संतों ने शतचंडी यज्ञ का प्रारंभ किया। तमाम लोगों ने वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ में आहुतियां दीं।

इसके अलावा प्रसिद्ध सिद्धनाथ मंदिर में भी हजारों लोगों ने भक्तिभाव से मातारानी का दर्शन पूजन किया। यहां शाम को भजन आदि के कार्यक्रम किए गए। मरीमाता मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया। यहां मातारानी के दर्शन-पूजन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिर परिसर में रामचरित मानस पाठ के आयोजन किए गए। सभी मंदिरों में सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रही। घरों में भी लोगों ने शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना कर माता रानी का व्रत शुरू किया।

**घरों में हुई घट स्थापना-नानपारा/बलहा :** घरों में घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो गई। नगर के काली कुंडा मंदिर, सतरूपा अष्टभुजा मंदिर, जगदीश्वरी मंदिर, अमर माता मंदिर में सुबह से ही भक्तों की कतार लग गई। श्रद्धालु हवन-पूजन करते नजर आए। सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने रौली बनाकर विधि-विधान से पूजन कर भजन किया। काली कुंडा मंदिर परिसर में विभिन्न प्रकार की प्रसाद की दुकानें व झूले लगे रहे। बच्चों ने इसका आनंद लिया। इस मौके पर मंदिर पुजारी प्रह्लाद पाठक, रत्नेश जायसवाल, मुक्तिनाथ साहू, विकास श्रीवास्तव, डीकांत श्रीवास्तव, वीरांगना कांत, अंकुर श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

**थाने में स्थापित की मां दुर्गा की मूर्ति-हुजूरपुर :** थाना परिसर में बुधवार को नवरात्र के पहले दिन विधि-विधान से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कराई गई। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली। ग्राम वासियों ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, चंद्रभान सिंह संचित उपस्थित रहे।

# वकील की पिटाई, मुकदमा दर्ज

**जासं, बहराइच :** जिला न्यायालय में विधि व्यवसाय कर रहे अधिवक्ता रजितराम पाल को जरवलरोड के दशहरा बाग से घाघराघाट पुल के किनारे कुछ दबंगों ने जमकर मारापीटा। पिटाई से वह बेहोश हो गए। होश आने पर उन्होंने जरवलरोड थाने जाकर तहरीर दी।

पुलिस से मुकदमा दर्ज करने का अनुरोध किया, लेकिन उसने उनकी नहीं सुनी। उन्होंने अपनी फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित की और जिला बार एसोसिएशन को प्रत्यावेदन दिया। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गयाप्रसाद मिश्र व महामंत्री पुष्पांजलि नाथ मिश्र ने बुधवार को दोपहर एक बजे इस संबंध में बैठक बुलाने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपितों पर डकैती व प्राणघातक हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया। अधिवक्ता का आरोप है कि आरोपित कमलाकांत सिंह, अब्दुल सत्तार, अब्दुल शब्बीर, राधेश्याम उर्फ डंडू व तीन अज्ञात ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट की है।

बांटी। इसी के गए हैं। सीसीटीवी कैमरों से मंदिर समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

र
। के चलते
। ही परेशान
ाद हुई
श ने कमर
ारकार को
मझते हुए
न, गुलरा

। फसल
ा की भेंट

श से भीषण
। है। खेतों
े अधिक
खराब हो
र जानकारी
उर्रा

र्बाद

सिर्फ पास
फसल गिरने
हुई।
ता चला
20 बीघे
चुकी है।
है। अब शेष
र कर रहे
ि

मुश्किल

के चलते
क सिंचाई
ी। किसी
कर फसल
। लेकिन
ते फसल
ल है। -
यूली

# सीआरपीएफ जवान की परेड के दौरान मौत, शोक में पूरा गांव

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पयागपुर(बहराइच)।** भोपाल में तैनात पयागपुर तहसील के हसुआ पारा निवासी एक सीआरपीएफ जवान की बुधवार की सुबह हृदय गति रुकने से मौत हो गई। जवान सुबह होने वाली परेड में शामिल हो रहा था, इसी दौरान ये हादसा पेश आया। सूचना घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं जवान के पैतृक गांव में भी खबर मिलते ही सन्नाटा पसर गया है। अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को किया जाएगा।

पयागपुर तहसील के हसुआ पारा के दसौती गांव निवासी गिरीश चन्द्र तिवारी (40) सीआरपीएफ में हवलदार थे। वह बीते दो सालों से मध्यप्रदेश के भोपाल में सीआरपीएफ की सी-41 बटालियन में तैनात थे।

बुधवार सुबह लगभग चार बजे वह परेड में शामिल होने पहुंचे थे, इसी दौरान उनके सीने में तेज दर्द हुआ। साथी जवानों ने उन्हें तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाया जहां उनकी मौत हो गयी।

सीआरपीएफ के उच्चाधिकारियों ने मौत की सूचना सुबह लगभग पांच बजे शहर के बक्सीपुरा में रह रही उनकी पत्नी को दी। सूचना मिलते ही पत्नी अचेत होकर गिर गयी। होश आया तो वह दहाड़े मार कर रोने लगी। मां के रोने की आवाज सुनकर बच्चे भी अवाक रह गए और पिता की याद में बिलखने लगे।

निधन ही सूचना मिलते ही मोहल्ले वालों की भीड़ जुट गयी। वहीं बेटे की मौत की सूचना दसौती हसुआ पारा में रह रहे उनके पिता जयकारा नाथ तिवारी को दी गई। सूचना मिलते ही उनकी भी आंखें नम हो गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। गांव में जवान के पिता को सांत्वना देने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। पिता ने बताया कि बृहस्पतिवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## भोपाल में तैनात था जवान, सुबह परेड के दौरान पड़ा हार्ट अटैक

## पयागपुर तहसील क्षेत्र के हसुआ पारा गांव में पसरा सन्नाटा

### पढ़ने में होनहार थे गिरीश

सीआरपीएफ जवान गिरीश भाइयों में सबसे छोटे थे। पिता जयकारा नाथ तिवारी ने बताया कि गिरीश पढ़ने में होनहार थे और उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राइमरी विद्यालय हसुआ पारा से पूरी की थी। इसके बाद उन्होंने 1997 में हाई स्कूल राम नारायण सिंह इंटर कॉलेज रामनगर खजुरी से और इंटरमीडिएट की शिक्षा सन 1999 में केवी इंटर कॉलेज पयागपुर से की। इसके बाद वह सेना में भर्ती होने के लिए तैयारी करने लगे और 2002 में फ्रीडम फाइटर कोटे से सीआरपीएफ में भर्ती हुए। परिवार में उनके पत्नी सविता तिवारी और बेटा अक्षत तिवारी व बेटी अनन्या तिवारी हैं।



गिरीश तिवारी
(फाइल फोटो)

कवायद

सर्वे का काम पूरा होने के बाद अप्रैल में शासन को भेजेंगे कार्ययोजना

# रिंग रोड का सर्वे जारी, मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद आई तेजी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** गैर जिलों से आने वाले वाहनों के चलते शहर में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए शहरी क्षेत्र के बाहर रिंगरोड का निर्माण कराया जाएगा। रिंग रोड निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग ने सर्वे शुरू कर दिया है। वहीं मंगलवार को गोंडा में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रिंग रोड बनाने की की घोषणा करते हुए इस पर मुहर लगा दी है। टीम ने सर्वे तेज कर दिया है। बताया जाता है, कि मार्च के आखिर तक सर्वे पूरा कर अप्रैल में कार्ययोजना मुख्यमंत्री कार्यालय भेज दी जाएगी।

**250 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान**



बहराइच में बुधवार को जेल रोड पर लगा जाम। -संवाद

शहरी क्षेत्र में लगने वाले भीषण जाम से निजात दिलाने के लिए शहरवासी सालों से रिंगरोड के निर्माण की मांग कर रहे थे। इस पर मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुहर लगा दी। मुख्यमंत्री ने गोंडा में समीक्षा बैठक के दौरान गोंडा, बलरामपुर समेत बहराइच में रिंग रोड बनवाने की अधिकारिक घोषणा की है। हालांकि जिले में रिंगरोड निर्माण को लेकर पहले से ही सुगबुगाहट तेज है और लोक निर्माण विभाग ने रिंगरोड का सर्वे भी शुरू करवा दिया है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद रिंगरोड सर्वे को संजीवनी मिल गयी है। लोक निर्माण विभाग कार्यालय के अनुसार मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद सर्वे मार्च के आखिर तक पूरा करने का लक्ष्य बनाया गया है।

अप्रैल के शुरुआत में सर्वे के अनुसार कार्ययोजना बनाकर शासन को भेज दी जाएगी। वहीं शासन से स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

### सुहेलदेव स्मारक स्थल से जुड़ेगी रिंगरोड

लोक निर्माण कार्यालय के अनुसार रिंगरोड का निर्माण लखनऊ-बहराइच राजमार्ग से होते हुए गोंडा व बलरामपुर मार्ग को जोड़ते हुए किया जाएगा। लगभग 15 से 20 किलोमीटर लंबे इस रिंगरोड पर प्रथम दृष्टया 250 करोड़ की लागत आ सकती है। वहीं रिंगरोड को महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल से भी जोड़ने की कवायद चल रही है।

# बजट मिलने पर कराई जाएगी श्मशान घाट मार्ग की मरम्मत

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** उद्यमियों व व्यापारियों की समस्याओं के जल्द निस्तारण के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने अधिकारियों को उद्यमियों व निवेशकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए निर्देश दिए।

कृषि उत्पादन मंडी समिति सलारपुर के सामने जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका प्रशासन को जलनिकासी की व्यवस्था कराने को कहा। पुलिस लाइन मोड़ रेलवे क्रॉसिंग के निकट बंद नाले के संबंध में व्यापारियों ने शिकायत की। इस पर डीएम ने अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद को निर्देश दिया कि नाला खुलवाया जाए।

त्रिमुहानी चौकी से श्मशान घाट जाने वाले मार्ग के मरम्मतीकरण पर चर्चा करते हुए डीएम ने बताया कि इसका प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद बजट आवंटित होने पर मरम्मत कार्य कराया जाएगा। बैठक में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। इस संबंध में बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिया है कि अन्य विभागों की स्वरोजगार से संबंधित लंबित पत्रावलियों का भी निस्तारण शीघ्र सुनिश्चित कराया जाए।



बहराइच के कलेक्ट्रेट में उद्योग बंधु की बैठक को संबोधित करते डीएम।-संवाद

उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधि को निर्देश दिया कि कार्य शैली में सुधार लाकर बैंक में लंबित पत्रावलियों का निस्तारण कराया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निवेशकों से कहा गया कि अपनी समस्याएं लिखित रूप से दें जिससे उनका समय से निस्तारण कराया जा सके। उन्होंने उद्यमियों से अपील की कि प्लास्टिक का प्रयोग बंद कर दें। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग वीरेंद्र कुमार ने किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय, उप जिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह, डिप्टी कलेक्टर पूजा यादव आदि मौजूद रहीं।

वहीं, डीएम ने जिला सैनिक बंधु समिति की भी बैठक बुलाई। इसमें सैनिकों की समस्याओं के जल्द निस्तारण का निर्देश दिया गया। साथ ही सैनिकों से भी सहयोगी की अपील की।

# अफसर से लेकर कर्मचारी तक ड्यूटी से मिले गायब

संवाद न्यूज एजेंसी

## विकास भवन के निरीक्षण में खुली पोल

**बहराइच।** विकास भवन के अधिकारी व कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंच रहे है। इसका खुलासा बुधवार को तब हुआ जब डीएम के निर्देश पर टीम ने औचक निरीक्षण किया। गायब मिले अफसरों व कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गय है।

बुधवार को उपायुक्त स्वतः रोजगार केडी गोस्वामी व उप निदेशक कृषि टीपी शाही ने विकास भवन स्थित लोकपाल मनरेगा, लघु सिंचाई, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन सहकारिता, जिला कार्यक्रम अधिकारी व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता संजीव कुमार तिवारी, लोकपाल मनरेगा उमेश कुमार तिवारी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई मंशाराम मौर्य अनुपस्थित मिले।

लघु सिंचाई कार्यालय के निरीक्षण में उर्दू अनुवादक जुबेर खां व जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के वाहन चालक मनोज कुमार मिश्र, पीडी डीआरडीए कार्यालय के सहायक संख्याधिकारी राम सूरत सिंह, अन्वेषक चंद्रमणि त्रिपाठी, राजेंद्र कुमार गुप्ता, एआर कोऑपरेटिव कार्यालय के सहकारी पर्यवेक्षक अखिलेश त्रिपाठी व जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के लालजी प्रसाद भी अनुपस्थित पाए गए।

# मां शैलपुत्री के जयकारों से गूंजे घर-मंदिर

## कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र का महापर्व शुरू, मंदिरों में लगा भक्तों का तांता

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** मां आदिशक्ति की आराधना का महापर्व चैत्र नवरात्र बुधवार से शुरू हो गया। इसके साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों की भी शुरुआत हो गई है। पहले दिन घरों में मंगल कलश स्थापित कर देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री का आह्वान किया गया। देवी मंत्रों से घर और मंदिर गूंज उठे। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की कतारें लग गईं।

घंटाघर स्थित श्री मरी माता मंदिर में नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। महिलाओं ने मां को चुनरी के साथ शृंगार सामग्री, पुष्प, नारियल, फल और मिठाई अर्पित की। मंदिरों में ढोल-नगाड़ों व घंटा-घड़ियाल की ध्वनि और भजन गूंजते रहे।

शहर के प्राचीन संहारिणी देवी मंदिर में दिनभर धार्मिक आयोजन जारी रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्राचीन और दिव्य देवी प्रतिमा के दर्शन कर मनौती मांगी। अस्पताल चौराहा स्थित श्री सती माता मंदिर के पुजारी काली प्रसाद ने आरती के बाद पूजा-अर्चना की।



बहराइच के मरीमाता मंदिर में नवरात्र पर मां दुर्गा की पूजा करते श्रद्धालु। संवाद

### मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित

**हुजूरपुर (बहराइच)।** हुजूरपुर थाना परिसर में बने मंदिर में थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की।

इसके बाद विधिविधान से लोगों ने पूजा-अर्चना की। इससे पहले शोभायात्रा भी निकाली गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, रणविजय सिंह, संतोष कुमार सिंह, संतोष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। संवाद

### सिंगल यूज प्लास्टिक का न करें इस्तेमाल

**बहराइच।** नवरात्र के पहले दिन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सरयू नदी के तट पर स्थित श्री मरीमाता मंदिर पहुंचकर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की। साथ ही पूजा-अर्चना भी की। दोनों अधिकारियों ने मंदिर के पुजारी व प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के साथ मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्रों में लगी दुकानों का भ्रमण किया। दुकानदारों से सिंगल यूज प्लास्टिक न रखने व स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। संवाद

# देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

## चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की हुई आराधना

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन बुधवार को देवी मंदिर मां के जयकारों से गुंजायमान रहे। देवी के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की आराधना विधिविधान से की गई। दर्शन के लिए मंदिरों में श्रद्धालु दिनभर उमड़ते रहे। घरों में भी कलश स्थापना कर भक्तों ने पूजा-अर्चना की। तमाम भक्तों ने नौ दिन के व्रत का संकल्प लिया।



भिनगा के राजर्षि काली मंदिर में पूजन करते भक्त। संवाद

भिनगा के राजर्षि काली मंदिर, इकौना के बेचू बाबा, माता ज्वाला देवी मंदिर, जमुनहा के जगपति धाम, सिरसिया के दुर्गा मंदिर, गिलौला के झारखंडी व सदाशिव महादेव मंदिर सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थापित देवी मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री से सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों पर पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए। महिला पुलिस व होमगार्ड भी लगाए गए। वहीं, मंदिरों के बाहर लगी पूजन सामग्री की दुकानों पर भी भीड़ लगी रही।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-03-2023

# बालिकाओं को किया गया जागरूक

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह के नेतृत्व में महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल, नारी सुरक्षा दल की ओर से चौपाल लगा कर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। नारी सुरक्षा दल की ओर से कस्बा भिनगा, कस्बा इकौना, कस्बा सिरसिया, सीताद्वार आदि स्थानों में चौपाल लगा कर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक किया गया।

# श्रावस्ती से गायब किशोरी बहराइच से बरामद

जासं, बहराइच : श्रावस्ती जिले से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी को पुलिस ने 24 घंटे में जिले के देहात कोतवाली इलाके से सकुशल बरामद कर लिया। सोनवा के एक गांव की युवती एकाएक लापता हो गई। किशोरी के गायब होने को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश था। स्वजन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बिना देर किए किशोरी की तलाश के लिए सर्विलांस का सहारा लिया। देर रात किशोरी के देहात कोतवाली इलाके के तिकोनीबाग चौकी क्षेत्र में होने की जानकारी मिली। थाने के उपनिरीक्षक पंकज गुप्त के नेतृत्व में एक टीम देर रात बहराइच पहुंची और चौकी प्रभारी त्रिलोकीनाथ मौर्य को घटना की जानकारी देते हुए सहयोग मांगा। कुछ देर की मेहनत के बाद किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया। देर रात सोनवा थाने की पुलिस किशोरी को लेकर थाने रवाना हो गई।

# शांतिभंग में चार पर कार्रवाई

**श्रावस्ती :** विभिन्न थानों की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चार आरोपितों को पाबंद किया। सभी को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। (वि.)

# सात वाहनों का ई-चालान

**भिनगा** : यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने व नियमों का पालन कराने के लिए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच कर 70 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान करते हुए 18 हजार रुपये का सम्मन किया। (वि.)

## सीमा की गतिविधि पर रखें पैनी नजर

**सिरसिया :** आपरेशन कवच के तहत भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस व एसएसबी जवानों ने संयुक्त गश्त की। इसका नेतृत्व एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने किया। उन्होंने कहा कि दोनों बल सीमा की हर हरकत पर नजर रखें। सीमा पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियां न होने पाएं। (वि.)

## महिलाओं को किया जागरूक

**श्रावस्ती :** शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल ने सिरसिया के सोनबरसा, चिल्हरिया, जनकपुर जोखनिया में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून, नियम, साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया। जागरूकता पर्चे भी बांटे। (वि.)

# प्रार्थना पत्रों को जनसुनवाई पोर्टल पर कराएं अपलोड : एसपी

**जासं, श्रावस्ती :** एसपी प्राची सिंह ने पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने जन शिकायत प्रकोष्ठ, आइजीआरएस शाखा, डीसीआरबी, स्थानीय अभिसूचना इकाई का निरीक्षण किया। शाखाओं में तैनात पुलिस कर्मचारियों से कार्य के बारे में जानकारी ली।



कार्यालय के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर देखतीं एसपी प्राची सिंह ● जागरण

एसपी ने थानावार सभी रजिस्टरों को चेक किया। वर्ष 2022 में कुल 3,041 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनका शत-प्रतिशत निस्तारण कराया जा चुका था। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों को शत-प्रतिशत जनसुनवाई पोर्टल पर अपलोड करने व समयबद्ध निस्तारण कराने के निर्देश दिए। डीसीआरबी शाखा पहुंचकर गैंग रजिस्टर, 10 वर्षीय अपराध रजिस्टर व अपराध रजिस्टर का अवलोकन किया। रजिस्टरों में सभी प्रविष्टि का अंकन पूर्ण मिला। अपराधियों का डोजियर शत-प्रतिशत पूरा कराने को कहा। अभिसूचना इकाई शाखा में अभिलेखों का अवलोकन किया। साफ-सफाई व अभिलेखों का रखरखाव संतोषजनक मिला। फीडबैक रजिस्टर चेक किया। आइजीआरएस पोर्टल को चेक कर विभिन्न स्तरों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों को समयावधि में निस्तारित कराने के निर्देश दिए। एएसपी प्रवीण कुमार यादव मौजूद रहे।

# पुलिस व एसएसबी ने की गश्त

**श्रावस्ती।** नेपाल सीमा पर मादक पदार्थ व मानव तस्करी रोकने के लिए ऑपरेशन कवच चलाया जा रहा है। इसी के तहत बुधवार को स्थानीय पुलिस ने एसएसबी जवानों के साथ सीमा पर पैदल गश्त की। इस दौरान संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की जांच भी की। साथ ही सीमा पर नजर रखने के लिए स्थानीय लोगों से अपील भी की जिससे मादक पदार्थों, मानव व गो तस्करी रोकी जा सके। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस व एसएसबी को देने की अपील भी की गई। टीम ने तुरसमा, गुज्जर गौरी, भरथा, सोनपथरी, गंभीरवा नाका आदि इलाकों में गश्त की। संवाद

# पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण



**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय स्थित जन शिकायत प्रकोष्ठ, आईजीआरएस शाखा, डीसीआरबी शाखा व स्थानीय अभिसूचना इकाई का बुधवार को एसपी ने वार्षिक निरीक्षण किया। जन शिकायत प्रकोष्ठ पहुंची एसपी प्राची सिंह ने थानावार सभी रजिस्टरों को जांचा। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों को शतप्रतिशत जनसुनवाई पोर्टल पर अपलोड करने व समयबद्ध निस्तारण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आईजीआरएस शाखा के भी अभिलेखों की जांच की। (संवाद)

# देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

संवाद न्यूज एजेंसी

## चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की हुई आराधना

**श्रावस्ती।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन बुधवार को देवी मंदिर मां के जयकारों से गुंजायमान रहे। देवी के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की आराधना विधिविधान से की गई। दर्शन के लिए मंदिरों में श्रद्धालु दिनभर उमड़ते रहे। घरों में भी कलश स्थापना कर भक्तों ने पूजा-अर्चना की। तमाम भक्तों ने नौ दिन के व्रत का संकल्प लिया।



भिनगा के राजर्षि काली मंदिर में पूजन करते भक्त। -संवाद

भिनगा के राजर्षि काली मंदिर, इकौना के बेचू बाबा, माता ज्वाला देवी मंदिर, जमुनहा के जगपति धाम, सिरसिया के दुर्गा मंदिर, गिलौला के झारखंडी व सदाशिव महादेव मंदिर सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थापित देवी मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री से सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों पर पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए। महिला पुलिस व होमगार्ड भी लगाए गए। वहीं, मंदिरों के बाहर लगी पूजन सामग्री की दुकानों पर भी भीड़ लगी रही।